
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 39 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 18 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# कलकत्ता हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## दल बदल कानून के तहत पहली बार विधायक की सदस्यता रद्द

समाज जागरण

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक मिसाल कायम करते हुए अहम आदेश दिया है, हाई कोर्ट ने इस आदेश में टीएमसी नेता मुकुल रॉय की विधान सभा की सदस्यता तत्कालीन प्रभाव से रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति देवांग्सु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने ये फैसला सुनाया है।




ये पहली बार है जब हाई कोर्ट ने सीधे तौर पर एक विधायक की सदस्यता को "दल बदल कानून" के तहत रद्द का है। रॉय ने मई-2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर कृष्णनगर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से जीत प्राप्त की थी। उसके बाद जून 2021 में वे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए थे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी व भाजपा विधायक अंबिका रॉय ने मुकुल रॉय के पार्टी छोड़ने पर दलबदल कानून के तहत कोर्ट में केस किया।

न्यायालय ने इस क्रम में विधानसभा के स्पीकर बिमन बंद्योपाध्याय द्वारा पहले दिए गए यह कहने वाले आदेश को भी खारिज कर दिया कि 'रॉय भाजपा के सदस्य ही हैं,' और इसलिए उन्हें हटाया नहीं जा सकता।

अदालती आदेश में कहा गया है कि "(मुकुल रॉय) 11 जून 2021 से ही संविधान की दसवीं अनुसूची एवं 1986 के नियमों के तहत अयोग्य हो चुके हैं व उनका नाम पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) के अध्यक्ष के रूप में नामांकन भी रद्द किया जाता है।"

इस फैसले के साथ यह मंजूर हो गया है कि जब विधायक पार्टी बदलते हैं और अपनी मूल पार्टी की सीट पर बने रहते हैं, तब उन पर दल बदल कानून के तहत सदस्यता समाप्त की जा सकती है, और आज के इस आदेश ने इस दिशा में एक नया प्रीसिडेंट कायम किया है।

**प्रमुख बिंदु और पृष्ठभूमि**

रॉय भाजपा के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए और उसके बाद टीएमसी में शामिल हो गए, इस तरह उनका पार्टी-स्विच "स्वैच्छिक रूप से सदस्या छोड़ने" के रूप में देखा गया।

विपक्ष ने यह भी तर्क दिया कि मतदाताओं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर भाजपा के प्रति अपना वोट दिया था, न कि व्यक्तिगत रूप से रॉय को, इसलिए उनका पार्टी बदलना मतदाताओं के मन के अनुरूप नहीं था।

पीएसी के अध्यक्ष के रूप में रॉय का नामांकन भी विवादित रहा क्योंकि यह पद पारंपरिक रूप से विपक्षी दल का होता है।

इस निर्णय से स्पष्ट संदेश गया है कि अब दल बदलाओं के मामलों में स्पीकर-स्तरीय निर्णयों के बजाय न्यायिक समीक्षा भी हो सकती है, और सदस्यता रद्दीकरण की दिशा में नए समायोजन हो सकते हैं।

## घरेलू हवाई यात्रा के बढ़ते किरायों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, जारी किया नोटिस

समाज जागरण



सुप्रीम कोर्ट में घरेलू हवाई यात्रा के बढ़ते किरायों और एयरलाइंस की मनमानी के खिलाफ दाखिल याचिका पर सोमवार को अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजी सिविल एविएशन को नोटिस जारी करते हुए चार हफ्तों के भीतर जवाब देने को कहा है।


याचिकाकर्ता का कहना है कि घरेलू उड़ानें अब आम लोगों की जरूरत बन चुकी हैं, इसलिए इन्हें आवश्यक सेवा घोषित किया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि एयरलाइंस डायनेमिक प्राइसिंग के नाम पर किरायों में मनमानी बढ़ोतरी कर रही हैं। टिकट की कीमतें कभी भी अचानक बहुत बढ़ जाती हैं, जिससे यात्रियों पर बोझ पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि एक ही उड़ान की टिकट कुछ घंटों के अंदर काफी महंगी हो जाती है।

# जयशंकर रूस तो पुतिन के खासमखास भारत में, डोभाल से की मुलाकात

जयशंकर के रूस दौरे पर रूसी अधिकारियों के भारत दौरे पर अमेरिका की नजर होगी. भारत इनके जरिये मैसेज दे रहा कि अमेरिका चाहे जितना प्रेशर डाले, भारत रूस से रिश्ता खत्म नहीं करेगा. रूस की जगह कोई और नहीं ले सकता. भारत अपने राष्ट्रीय हित के आधार पर फैसले लेगा. सबके साथ दोस्ती ठीक है, पर रिमोट कंट्रोल किसी को नहीं देंगे. रूसी राष्ट्रपति पुतिन के दौरे से पहले इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है.

समाज जागरण

भारत-रूस संबंधों को लेकर अचानक बहुत तेज हलचल दिख रही है. एक तरफ विदेश मंत्री एस. जयशंकर रूस के दौरे पर हैं, उनकी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ रूस के राष्ट्रपति पुतिन के सबसे भरोसेमंद सलाहकार निकोलाय पत्रुशेव भारत पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकात की. सवाल ये है कि क्या ये सिर्फ रूटीन डिप्लोमेसी है? या फिर भारत किसी बड़े रणनीतिक प्लान के लिए तैयारी कर रहा है? वो भी ऐसे समय में जब अमेरिका के साथ ट्रेड डील, गैस कॉन्ट्रैक्ट और इंडो-पैसिफिक स्ट्रेटजी पर बातचीत अपने पीक पर है.



रूस की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव निकोलाय पत्रुशेव कोई मामूली शख्सियत नहीं हैं. वो पुतिन के सबसे भरोसेमंद लोगों में से हैं और रूस की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़ी सबसे अंदरूनी चचाओं का हिस्सा रहते हैं. उनका भारत आकर डोभाल से मिलना, और वो भी पुतिन की भारत यात्रा से ठीक पहले, कोई संयोग नहीं है. कहा जा रहा है कि इस मुलाकात में पुतिन की भारत यात्रा की तैयारी पर बात हुई. रणनीतिक विषयों, सुरक्षा सहयोग और डिफेंस एवं एनर्जी पर गहरी बातचीत हुई. इसका मतलब साफ है कि रूस यह सुनिश्चित कर लेना चाहता है कि पुतिन के भारत आने से पहले सारी चीजें लाइन में हों.

**जयशंकर लावरोव के बीच क्या हुई बात**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की, जहां बातचीत का मुख्य केंद्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा और 23वें वार्षिक भारतझ्ररूस शिखर सम्मेलन की तैयारियाँ रहीं. जयशंकर ने कहा कि यह मुलाकात द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है. दोनों देशों के बीच कई समझौतों और प्रमुख परियोजनाओं पर काम जारी है, जिनके जल्द अंतिम रूप लेने की उम्मीद है. बैठक में यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व स्थिति और अफगानिस्तान पर भी खुली चर्चा हुई. जयशंकर ने कहा कि भारत संघर्ष विराम और स्थायी शांति का समर्थक है और सभी पक्षों से रचनात्मक प्रयास की उम्मीद रखता है. उन्होंने विश्वास जताया कि यह वार्ता भारतझ्ररूस विशेष रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा देगी.

# लाल कार और रहस्यमयी ड्रम !

## दिल्ली ब्लास्ट केस में लेडी डॉक्टर ने खोला 'व्हाइट कॉलर टेरर' का कच्चा चिट्ठा

दिल्ली ब्लास्ट में गिरफ्तार डॉ. शाहीन की पूछताछ रिपोर्ट ने एक चौंकाने वाली आतंकी साजिश का खुलासा किया है, जिसमें रैडिकलाइजेशन, फंडिंग, विदेशी नेटवर्क, जकात का दुरुपयोग और मेडिकल कैंपस का इस्तेमाल ऑपरेशनल सुरक्षित जोन की तरह करने की बात सामने आई है. बार बार लाल कार और रहस्यमयी ड्रम का इस्तेमाल हुआ, जिसने एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं.



अल फलाह यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' अब एक ऐसे नेटवर्क में बदलता दिख रहा है, जहां जकात के पैसे से हथियार खरीदे गए, मेडिकल कैंपस को टेरर लैब बनाया गया और एक रेड इकोस्पोर्ट कार चलती-फिरती साजिश का सेंटर बन गई. लेडी डॉक्टर शाहीन की इंटरोगेशन रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि यह मामला सिर्फ कट्टरपंथ या फंडिंग तक सीमित नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से पूरे देश में आतंक फैलाने की तैयारी थी. इसमें कश्मीरी फैकल्टी शामिल थे तो विदेशी लिंक भी था. गुप्त मीटिंग्स होती थीं और 'बड़े हमले' का प्लान रचा जाता था. यानी दिल्ली ब्लास्ट सिर्फ बानगी भर था. कहानी की शुरूआत होती है अल फलाह यूनिवर्सिटी से, जो एक शिक्षण संस्थान है लेकिन अब सुरक्षा एजेंसियों की नजरों में शक के घेरे में आ चुका है. पूछताछ के दौरान डॉ. शाहीन ने बताया कि यूनिवर्सिटी में करीब 70 फीसदी कश्मीरी फैकल्टी और स्टाफ था.

# शेयर बाजार में धमाकेदार क्लोजिंग, निफ्टी पहली बार 26,000 के पार, सेंसेक्स भी उछला

समाज जागरण

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई, जिससे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मुख्य बेंचमार्क निफ्टी 26,000 के पार बंद हुआ।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 388.17 अंक या 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,950.95 और निफ्टी 103.40 अंक या 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,013.45 पर बंद हुआ।

बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 445.15 अंक या 0.76 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 58,962.70 पर बंद हुआ है। दिन के दौरान निफ्टी बैंक ने 59,001.55 का ऑल-टाइम बनाया।



सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और एसबीआई गेनर्स थे। अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, आईटीसी, टीसीएस और एचयूएल लूजर्स थे।

सेक्टोरल आधार पर निफ्टी पीएसयू बैंक 1.09 प्रतिशत,निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.79 प्रतिशत, निफ्टी इन्फ्रा 0.33 प्रतिशत, निफ्टी सर्विसेज 0.54 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.83 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस 0.38 प्रतिशत और निफ्टी रियल्टी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 441.30 अंक या 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,180.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 95.10 अंक या 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,347.60 पर बंद हुआ।

बाजार के जानकारों ने कहा कि बाजार का सेंटीमेंट सकारात्मक बना हुआ है और इसने 26,000 के स्तर को पार कर दिया है। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेंड डील की संभावना और दूसरी तिमाही में मिडकैप कंपनियों के उम्मीद से अच्छा प्रदर्शन ने निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने का काम किया है। (इनपुट-आईएएनएस)

# '50% आरक्षण की सीमा पार की तो चुनाव रोक देंगे'

समाज जागरण

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को चेताया कि स्थानीय निकाय चुनावों में 50% से अधिक आ-रक्षण नहीं दिया जा सकता, वरना चुनाव रोक दिए जाएंगे. बंठिया आयोग की रिपोर्ट अभी विचाराधीन है.



महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले आरक्षण को लेकर बड़ा टकराव खड़ा हो गया है. सुप्रीम कोर्ट भावी सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को राज्य सरकार को चेतावनी दी कि स्थानीय निकाय चुनावों में 50% आरक्षण सीमा से अधिक नहीं दिया जा सकता. यदि सरकार ने सीमा का उल्लंघन किया, तो कोर्ट ने साफ कहा, चुनाव पर रोक लगा देंगे, हमारी शक्तियों की परीक्षा मत लीजिए.

महाराष्ट्र में दिसंबर 2025 तक लंबे समय से अटके हुए स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा रहे हैं. लेकिन ओबीसी आ-रक्षण को लेकर विवाद जारी है. 2022 में जस्टिस जे.के. बंठिया आयोग ने ओबीसी के लिए 27% आरक्षण की सिफारिश की थी, जिससे कुल आरक्षण 50% से ऊपर चला जाता. इसी मुद्दे पर अब फिर कानून और संवैधानिक मयार्दा का सवाल खड़ा हो गया है.

# ईरान ने भारतीयों की वीजा-फ्री एंट्री क्यों रोकी ?

*ईरान ने भारतीयों के लिए वन-वे वीजा फ्री एंट्री खत्म कर दी है. 22 नवंबर से पर्यटन हो या ट्रांजिट, हर स्थिति में भारतीय यात्रियों को पहले से वीजा लेना अनिवार्य होगा. यह फैसला मानव-तस्करी और जॉब के झांसे में भेजे जा रहे भारतीयों के मामलों को देखते हुए लिया गया है. अब ईरान यात्रा और ट्रांजिट दोनों की प्लानिंग वीजा प्रक्रिया पर निर्भर होगी.*

नई दिल्ली. भारत-ईरान के बीच यात्रा संबंधी नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया गया है. ईरान ने भारतीय नागरिकों के लिए दी जा रही वन-वे वीजा फ्री एंट्री पर रोक लगाने का फैसला कर लिया है. 22 नवंबर से किसी भी भारतीय यात्री को ईरान यात्रा के लिए पहले से वीजा लेना अनिवार्य होगा.




चाहे वह ईरान घूमने जा रहा हो या सिर्फ ट्रांजिट में वहां से गुजरना, हर केस में पहले से वीजा प्राप्त करना होगा. यह बदलाव सिर्फ टूरिज्म नहीं बल्कि सुरक्षा और मानव-तस्करी से जुड़ी चिंताओं की वजह से किया गया है.

भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी कर क्या कहा?

* वीजा-फ्री सुविधा का गलत फायदा उठाकर कई लोगों को जॉब के लालच में ईरान बुलाया गया और वहां पहुंचने पर फिरौती के लिए अगवा किया गया.

# मानवता-विरोधी अपराध: शेख हसीना दोषी करार, आईसीटी का बड़ा फैसला

समाज जागरण

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मामले में फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले का दोषी ठहराया और कहा कि हसीना सबसे कठोर सजा की हकदार हैं। फिलहाल कोर्ट ने सजा का ऐलान नहीं किया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते समय उन वीडियो साक्ष्यों का उल्लेख किया, जिनमें शेख हसीना पर लक्षित हत्या का आदेश देने, जुलाईझ्रअगस्त के विरोध प्रदर्शनों के दौरान नागरिकों पर गोली चलवाने और उन्हें निशाना बनाने के लिए हेलीकॉप्टर व ड्रोनों के इस्तेमाल के निर्देश देने के आरोप दर्ज हैं।

कोर्ट ने कहा कि सबूतों से पता चलता है कि सरकार की आलोचना करने पर हसीना ने कई पत्रकारों, राजनेताओं और कार्यकताओं को पद से हटाया था

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सबूत यह भी बताते हैं कि हसीना ने सरकार की आलोचना करने के कारण कई पत्रकारों, राजनेताओं और कार्यकताओं को पद से हटा दिया था। बांग्लादेश के आईसीटी ने मानवता के खिलाफ कथित अपराधों पर अपदस्थ अवामी लीग नेता के खिलाफ फैसला सुनाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए अधिकतम सजा की हकदार हैं। कोर्ट ने शेख हसीना को मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी ठहराया। महीनों तक चले मुकदमे में उन्हें पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व में हुए विद्रोह पर घातक कार्रवाई का आदेश देने का दोषी पाया गया था।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, पिछले 36 घंटों में बांग्लादेश पुलिस ने नारायणगंज में अवामी लीग के कम से कम 21 नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार किया है

बता दें, सुनवाई से इतर स्थानीय मीडिया के अनुसार, सोमवार सुबह तक, पिछले 36 घंटों में, बांग्लादेश पुलिस ने नारायणगंज जिले में अवामी लीग के कम से कम 21 नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार किया है। इस घटना की पुष्टि करते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तारेक अल मेहदी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, उन्होंने बताया कि ढाका के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं, प्रमुख सड़कों और राजमार्गों पर नौ चौकियां स्थापित की गई हैं, जबकि 26 मोबाइल टीमें जिले में गश्त कर रही हैं।



हसीना पर हत्या, मानवता-विरोधी अपराध, छात्रों की गिरफ्तारी व टॉर्चर, एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग और लीथल फोर्स के इस्तेमाल जैसे गंभीर आरोप हैं हसीना पर हत्या, अपराध रोकने में नाकामी और मानवता के खिलाफ अपराध के अलावा छात्रों को गिरफ्तार कर टॉर्चर करने, एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग, फायरिंग, और लीथल फोर्स का इस्तेमाल करने का आदेश देने समेत तमाम आरोप लगे हैं। बांग्लादेश के प्रॉसिक्यूशन ने शेख हसीना के दोषी पाए जाने पर उनके लिए मृत्युदंड की मांग की थी। बता दें, हसीना की गैरहाजिरी में उनके खिलाफ यह फैसला सुनाया जाएगा। कोर्ट ने 10 जुलाई को हसीना के खिलाफ सभी आरोप तय किए थे।(इनपुट-आईएएनएस)

## 'जैश-ए-मोहम्मद सिर्फ. भारत को निशाना बनाने के लिए मौजूद है':

*इतालवी पत्रकार ने लाल किला विस्फोट को पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क से जोड़ा*

इतालवी खोजी पत्रकार फ्रांसेस्का मैरिनो ने पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों से बढ़ते खतरे के बारे में गंभीर चेतावनी जारी की



है। उन्होंने दिल्ली के लाल किले पर हुए आत्मघाती हमले को जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के नए सिरे से सक्रिय होने से जोड़ा है। अपनी किताब 'फ्रॉम पुलवामा टू पेबैक - द इनसाइड स्टोरी' के विमोचन के बाद एनडीटीवी से बात करते हुए, मैरिनो ने कहा कि यह हमला कोई अलग-थलग घटना नहीं थी, बल्कि जैश-ए-मोहम्मद द्वारा वर्षों से बनाई जा रही एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा थी।

# ब्रिटिश तानाशाही के खिलाफ सबसे निडर विद्रोही थे बटुकेश्वर दत्त

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे नाम हैं जिनका योगदान अतुलनीय रहा है, परंतु जिनके जीवन और संघर्ष को आज भी वह स्थान नहीं मिला जिसके वे सच्चे हकदार थे। बटुकेश्वर दत्त ऐसा ही एक नाम हैं–एक ऐसा क्रांतिकारी, जिसने केवल ब्रिटिश राज के विरुद्ध संघर्ष नहीं किया, बल्कि न्याय और समानता के लिए अपने पूरे अस्तित्व को दांव पर लगा दिया। 18 नवम्बर 1910 को बंगाल के बर्दवान जिले के एक छोटे से गाँव में जन्मा यह युवक अपनी युवा अवस्था में ही राष्ट्रीय चेतना से इस कदर ओतप्रोत हो गया कि पूरी जिंदगी स्वतंत्रता के आदर्शों के प्रति समर्पित कर दी। आज जब हम स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों और चुनौतियों पर विचार करते हैं, तब यह जरूरी हो जाता है कि उन अनदेखे नायकों को भी याद किया जाए जिन्होंने अपने साहस, तप और त्याग से इस देश को आजादी की राह दिखाई।

कानपुर में पढ़ाई के दौरान बटुकेश्वर दत्त की मुलाकात भगत सिंह से हुई। यह संयोग नहीं, बल्कि इतिहास की नियति थी। दोनों के बीच विचारों का ऐसा आदान-प्रदान हुआ जिसने दत्त के व्यक्तित्व में क्रांतिकारी ऊर्जा का संचार किया। वे हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े और शीघ्र ही संगठन के विश्वसनीय सदस्य बन गए। 1920 के दशक के अंत में जब ब्रिटिश सरकार लगातार दमनकारी कानून लागू कर रही थी, तब क्रांतिकारी गतिविधियों का स्वरूप भी व्यापक और वैचारिक हो रहा था। इसी संदर्भ में 1929 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रमिक-विरोधी बिल के विरोध ने आंदोलन को नई दिशा दी। यह बिल न केवल मजदूरों की हड़ताल के अधिकार पर चोट करता था, बल्कि साम्राज्यवादी नियंत्रण को और अधिक मजबूत बनाता था। इस अन्याय के प्रतिकार में दत्त और भगत सिंह ने प्रतीकात्मक बम विस्फोट की योजना बनाई–एक ऐसा विस्फोट, जिसका उद्देश्य किसी प्रकार की हिंसा नहीं, बल्कि दमनकारी शासन के प्रति जनता की चेतना को जगाना था।

8 अप्रैल 1929 को दिल्ली की केंद्रीय विधानसभा में किया गया बम विस्फोट भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल देने वाली घटना साबित हुआ। विस्फोट के बाद दत्त और भगत सिंह वहीं खड़े रहे, नारे लगाए, पर्चे फेंके, और स्वयं गिरफ्तारी दी। यह कदम इस बात का प्रतीक था कि उनकी लड़ाई हिंसा से नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ सशक्त वैचारिक प्रतिरोध से थी। उस दिन उन्होंने ब्रिटिश सरकार को अहसास कराया कि भारतीय युवाओं की क्रांति केवल बंदूक का शोर नहीं, बल्कि आत्मबल और विवेक का विस्फोट भी है।

गिरफ्तारी के बाद बटुकेश्वर दत्त को आजीवन कारावास की सजा दी गई और उन्हें काला पानी की भयावह जेल भेजा गया। सेल्युलर जेल की यातनाएँ किसी भी मनुष्य को तोड़ने के लिए पर्याप्त थीं, लेकिन दत्त ने इन्हें संघर्ष का एक और मोर्चा बना लिया। 1933 और 1937 में किए गए उनके भूख हड़तालों ने न केवल जेल प्रशासन को झुकने पर मजबूर किया, बल्कि पूरे देश का ध्यान क्रांतिकारी कैदियों की दशा की ओर आकर्षित किया। भगत सिंह ने अपने एक पत्र में दत्त के इस साहस की सराहना करते हुए लिखा था कि क्रांतिकारी केवल मरते ही नहीं, बल्कि जीवित रहकर भी लड़ते हैं–और दत्त ने इसे अपने कठोर जीवन से सिद्ध कर दिखाया।

आजादी के निकट आते-आते दत्त की भूमिका कम नहीं हुई। 1938 की अस्थायी रिहाई के बाद भी वे लगातार आंदोलन से जुड़े रहे। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में पुनः गिरफ्तार किए गए, और एक बार फिर उन्हें ब्रिटिश यातनाओं का सामना करना पड़ा। किंतु स्वतंत्रता के बाद उनकी सबसे त्रासद कहानी शुरू होती है–वह कहानी, जिसमें एक महान क्रांतिकारी को अपने ही देश में उपेक्षित रहना पड़ा। आजाद भारत में बटुकेश्वर दत्त को न सम्मान मिला, न आर्थिक सुरक्षा। जीवनयापन के लिए उन्हें सिगरेट एजेंट, टूरिस्ट गाइड जैसी नौकरियाँ करनी पड़ीं। उनका परिवार आर्थिक संघर्षों से जूझता रहा, और वे स्वयं बीमारियों और उपेक्षा के बीच धीरे-धीरे टूटते गए। यह विडंबना केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के इतिहास का वेदनापूर्ण अध्याय है, जहाँ कई क्रांतिकारी अपनी योग्यताओं के अनुरूप मान्यता से वंचित रह गए।

20 जुलाई 1965 को बटुकेश्वर दत्त ने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम इच्छा थी कि उनकी अस्थियाँ हुसैनीवाला में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की समाधियों के पास विसर्जित की जाएँ–यह सिर्फ एक इच्छा नहीं थी, बल्कि उन आदर्शों के प्रति उनकी अमर प्रतिबद्धता का प्रतीक थी, जिन्होंने उनके जीवन को अर्थ दिया।

आज बटुकेश्वर दत्त का जीवन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमने उनकी विरासत को उतनी गंभीरता से संभाला है, जितनी वह हकदार है? उनका जीवन बताता है कि आजादी का अर्थ केवल बाहरी नियंत्रण से मुक्ति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानवीय गरिमा की निरंतर खोज है। दत्त की कहानी एक चेतावनी भी है और प्रेरणा भी–चेतावनी इस बात की कि किसी राष्ट्र को अपने नायकों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए; प्रेरणा इस सत्य की कि साहस, त्याग और विचारों की शक्ति इतिहास को बदल सकती है।

जब हम 18 नवम्बर को उनका जन्मदिन याद करते हैं, तो यह केवल स्मरण नहीं होना चाहिए, बल्कि एक संकल्प होना चाहिए कि हम उन मूल्यों को जीवित रखें, जिनके लिए बटुकेश्वर दत्त ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।



महेन्द्र तिवारी

# 'बोझ' तले दबते राज्य...!

ऋण के 'बोझ' तले दबते जा रहें राज्य,
इस पर नेताओं की 'सत्ता' अविभाज्य।

'फ्रीबी' के नाम ऐसी योजनाएँ चला रहे,
बिजली-पानी 'बिल माफ' किये जा रहें।

राज्य राशि प्रतिमाह जमा किये जा रहें,
किसानों-मातृशक्ति के खातों में आ रहे।

ये राज्यों की वित्तीय स्थिति गिरती रहीं,
खर्च को वहन करने की स्थिति ना रहीं।

यूं मजबूरी में योजनाओं को चलायमान,
सत्ता को बरकरार रखने की ओर ध्यान।

बाजार से ऊंची ब्याज दर ऋण लेने लगे,
लोकलुभावन में राजनीति को ढोने लगे।

संजय एम तराणेकर

# दिल्ली विस्फोट का "व्हाइट कालर मॉड्यूल" आतंकवाद।

## नेटवर्क पूरे देश में होने की आशंका।

10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार विस्फोट ने न केवल राजधानी को दहला दिया बल्कि भारत की सुरक्षा संरचनाओं के सामने आतंकवाद के उस नए स्वरूप को भी उजागर कर दिया जिसकी जड़ें पहले की तुलना में कहीं अधिक गहरी, जटिल और बहुस्तरीय हैं। यह धमाका महज एक कार में लगी आग का मामला नहीं था बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसे ह्लव्हाइट-कॉलर आतंकवादह्ल की आधुनिक रणनीतियों द्वारा अंजाम दिया गया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार सफेद हुंडई-10 कार घंटों तक पार्किंग में खड़ी रही और शाम ठीक 6:52 पर लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास ट्रैफिक सिग्नल पर धमाका हुआ। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो गया कि कार के मालिक पुलवामा के निवासी डॉ. उमर मोहम्मद से लेकर फरीदाबाद तक फैले नेटवर्क ने इस हमले में भूमिका निभाई थी। इसी मॉड्यूल के अन्य सदस्यों डॉ. मुजम्मिल शकील और डॉ. अदिल रदर से जुड़े फरीदाबाद ठिकाने से लगभग 2,900 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद हुई, जिसमें अमोनियम नाइट्रेट, टाइमर डिवाइस, डेटोनेटर और असेंबली-मटेरियल शामिल था। यह बरामदगी दिखाती है कि लाल किले के पास हुआ धमाका संभवतः एक बड़े आतंकी योजना का शुरूआती या बाधित हिस्सा था। यह भी स्पष्ट हुआ कि यह मॉड्यूल पेशेवरों, छात्रों और शिक्षित वर्ग के लोगों से बना था जो खुली हिंसा के बजाय लॉजिस्टिक्स, फंडिंग, डिजिटल संचार और योजना निर्माण में अधिक सक्रिय थे, और यही कारण था कि सुरक्षा एजेंसियों को इतने लंबे समय तक इनके



संचालन का पता भी नहीं चल पाया। जांच एजेंसियों के अनुसार इस नेटवर्क की फंडिंग और वैचारिक प्रेरणा पाकिस्तान-स्थित तत्वों से जुड़ी थी, जो धार्मिक संस्थाओं, एनजीओ, छात्रवृत्तियों और सामाजिक संगठनों की आड़ में पैसा, सामग्री और निर्देश भेजते रहे। यह पूरा नेटवर्क ह्लस्थानीय ऑपरेटर्स लेकिन विदेशी मास्टर्सह्ल वाली रणनीति पर काम कर रहा था जिसमें भारत के भीतर रहने वाले प्रशिक्षित और पढ़े-लिखे लोग जमीन पर काम करते थे जबकि प्लानिंग और धन प्रवाह सीमा पार से नियंत्रित होता था। लाल किले जैसे प्रतीकात्मक स्थान को निशाना बनाना आतंकियों का मनोवैज्ञानिक युद्ध था क्योंकि लाल किला भारत की संप्रभुता, इतिहास और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। इससे पहले भी 2000 में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने लाल किले पर हमला किया था, जिसमें दो जवान और एक नागरिक की मृत्यु हो गई थी। तब भी जांच ने यह दिखाया था कि पाकिस्तान-स्थित गुटों ने भारत में अपने स्लीपर-सेल सक्रिय कर इस हमले को अंजाम दिया था। 2025 का हमला उसी श्रृंखला की एक आधुनिक पुनरावृत्ति था, फर्क केवल इतना कि इस बार आतंकियों ने हथियारबंद लड़ाकों के बजाय डॉक्टरों, विद्यार्थियों और पेशेवरों को आगे रखकर एक ह्लसोफिस्टिकेटेड नेटवर्कह्ल तैयार किया था ताकि शक कम पैदा हो और गतिविधियाँ लंबे समय तक पकड़ी न जा सकें। इस हमले ने दुनिया भर के बड़े हमलों मसलन 26/11 के मुंबई ताज होटल हमले और अमेरिका के 9/11 जैसे आतंकी प्रहारों की याद भी ताजा कर दी, क्योंकि इनमें भी समान पैटर्न देखे गए थ एक साधारण दिखने वाले मॉड्यूल के पीछे अत्यंत विस्तृत, विदेश द्वारा संचालित, लंबी योजना और गहरी घुसपैठ। मुंबई 26/11 में आतंकी समुद्र के रास्ते आए, स्थानीय मदद ली, भारतीय भूगोल की खुफिया जानकारी हासिल की और डिजिटल कम्युनिकेशन का अत्याधुनिक उपयोग किया। 9/11 में भी महत्वाकांक्षी शिक्षित युवाओं को आतंकवाद की वैचारिक ट्रेनिंग दी गई, उन्हें वित्तीय मदद उपलब्ध कराई गई और तकनीकी ज्ञान का गलत इस्तेमाल कर दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश को निशाना बनाने की योजना बनाई गई। लाल किला विस्फोट ने यह साबित कर दिया कि आतंकवाद अब बंदूकों पर नहीं, बल्कि ह्लब्रेन-पावर,टेक्नोलॉजी,फंडिंग के एक संयुक्त मॉडल पर चल रहा है। इसी कारण इस नेटवर्क में शामिल डॉक्टर और उच्च-शिक्षित युवा आतंकवाद के नए चेहरे के रूप में देखे जा रहे हैं, उनका उद्देश्य अधिक बड़ा और दीर्घकालिक है, सामाजिक ध्रुवीकरण, राजनीतिक अस्थिरता, और सांस्कृतिक-मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना। एनआईए, दिल्ली पुलिस, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने संयुक्त रूप से इस हमले की जांच शुरू की है और शुरूआती रिपोर्ट्स के अनुसार फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली विस्फोट में प्रयुक्त सामग्री में भारी समानताएँ मिली हैं। इसने यह आशंका और पुख़्ता कर दी है कि यह मॉड्यूल वर्षों से भारत में सक्रिय था और शायद इसके अन्य हिस्से अभी भी देश के अलग-अलग हिस्सों में निष्क्रिय अवस्था में मौजूद हैं। यह पूरा मामला भारत के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि आज का आतंकवाद सीमाओं में बँधा हुआ नहीं है; वह अस्पतालों, विश्वविद्यालयों, छात्रवृत्तियों, डिजिटल कम्युनिकेशन, एनजीओ नेटवर्क, और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय चैनलों तक फैल गया है। इस खतरनाक स्थिति में भारत को अब केवल पारंपरिक सैन्य और पुलिस सक्रियता पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि साइबर-इंटेलिजेंस, वित्तीय निगरानी, वैचारिक काउंटर-नैरेटिव, और पेशेवर समूहों की सुरक्षा जांच को भी समान महत्व देना चाहिए। 10 नवंबर 2025 का यह धमाका हमें बताता है कि आतंकवाद अब कहीं गहरे और अदृश्य रूप में मौजूद है, जिसे पकड़ने के लिए केवल बंदूकें नहीं बल्कि व्यापक रणनीतियाँ, सामाजिक जागरूकता, तकनीकी विशेषज्ञता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भी आवश्यकता है। यह घटना केवल दिल्ली का विस्फोट नहीं थी बल्कि आधुनिक आतंकवाद की उस नई भयावह पटकथा का उद्घाटन थी जिसमें दुश्मन अब हथियारों से कम और बुद्धि, तकनीक और नेटवर्क से अधिक हमला कर रहा है। इस धमाके के पीछे आतंकवादियों के बुद्धिजीवी नेटवर्क के देशभर में फैले होने की पूरी आशंका इसका निश्चित तौर पर पता लगाकर उसे पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की आंतरिक और नागरिकों की सुरक्षा मजबूत हो पाएगी।



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख की बढ़ी ताकत, सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा ?

दरकता पाकिस्तान कई नागरिक समस्याओं जैसे महंगाई, बेरोजगारी, दैनिक जीवन के उपयोग की वस्तुओं को जुटाने की जद्दोजहद से जूझ रहा है। बलोचिस्तान, खैबरपख्तूनवा जैसे प्रान्त सुलग रहे हैं। हुक्मरान इनको दबाने के लिए सीमाओं पर आग लगा रहे हैं। इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का झुकाव भी पाकिस्तान की ओर लग रहा है। इन सबके बीच जिस तरह पाकिस्तानी सेना प्रमुख की शक्तियों को संविधान संशोधन के माध्यम से बढ़ाया गया है वह भविष्य के लिए खतरनाक संकेत दे रहा क्योंकि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर लगातार आतंकवाद को संरक्षण व पूरा सहयोग कर रहा है।

पाकिस्तान में सेना प्रमुख को मिली शक्तियों के अनुसार अब जब कभी पाकिस्तान का भारत या अफगानिस्तान के साथ युद्ध होगा तब सेना प्रमुख मुनीर ही परमाणु हमला करने का फैसला करेगा। पाक सेना प्रमुख मुनीर को परमाणु हमला करने की यह शक्ति उस समय मिली है जब कुछ दिनो पूर्व ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने बयान दिया है कि पाकिंस्तान चोरी छिपे तथा रूस, चीन और कोरिया लगातार परमाणु परीक्षण कर कर रहे हैं इसलिए हम भी करेंगे।

पाकिस्तानी संसद ने सेना प्रमुख आसिफ मुनीर की शक्तियो को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम करने वाले 27वें संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तानी नेशनल असेंबली ने इस विधेयक को 234 मतों के बहुमत से पास किया केवल चार सांसदो ने इसके विरोध में मत दिया। यह विधेयक सीनेट से पहले ही पारित हो चुका है। नये कानून के अनुसार मुनीर को चीफ आफ डिफेंस फोर्सज बनाया जा रहा है। यह 27 नवंबर 2025 से लागू हो जाएगा पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारो की कमांड मिल जाएगी। अपना कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी वह अपने पद पर बने रहेंगे और उन्हें आजीवन कानूनी छूट मिलती रहेगी अर्थात नए कानून के अनुसर अब आसिफ मुनीर को आजीवन कोई नहीं हटा सकेगा ।

अब पाकिस्तान की संसद ने अदालतों पर भी अपना नियंत्रण कर लिया है जिसके अंतर्गत अब सरकार तय करेगी कि कौन से जज कौन सा केस सुनेंगे। अब जजों का ट्रांसफर राष्ट्रपति करेंगे । पहले यह अधिकार सुप्रीम कोर्ट के पास था । अब अगर वहां की अदालत मे कोई केस एक साल तक नहीं चला तो वह केस बंद कर दिया जाएगा। नए संविधान संशोधन के बाद अब सुप्रीम कोर्ट की ताकत घट जाएगी और राष्ट्रपति नाम मात्र का सुप्रीम कमांडर रह जाएगा।

पाकिस्तानी संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि अब देश की सेना और ताकतवर हो जाएगी। पाकिस्तान में अब तानाशाही का एक नया दौर देखने को मिल सकता है जो दक्षिण एशिया की शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। पाकिस्तान के विरोधी दल जहां इसे लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा बता रहे हैं वहीं पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ इसे राष्ट्रीय एकता के लिए उठाया गया कदम बता रहे हैं। पाकिस्तान में आलोचकों का कहना है कि यह बदलाव देश को सैन्य शासन की ओर ले जा रहा है।

पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि व्हां के आर्मी चीफ रिटायर हो जाने के बाद विदेश चले जाते थे लेकिन अब मुनीर न तो रिटायर होंगे और न ही विदेश जाएंगे। लेकिन क्या वहां के अन्य आर्मी कमांडरो को यह बात मंजूर होगी? पाकिस्तान के इतिहास में यह परंपरा रही है कमांडर रिटायरमेंट के बाद यूरोप, सऊदी अरब या अमीरात में आराम का जीवन व्यतीत करने के लिए चले जाते हैं । जनरल अशफाक परवेज कियानी से लेकर जावेद बाजवा तक ने अपने ठिकाने विदेश में बनाए और पूर्वसेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ का हाल तो पता ही है क्या हुआ। किंतु अब आसिफ मुनीर संविधान संशोधन की आड़ लेकर अपने पद पर अजर अमर हो रहे हैं।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिफ मुनीर आतंकवाद को लगातार प्रश्रय दे रहा है। भारत भी आपरेशन सिंदूर के समय तय कर चुका है कि अब अगर भारत पर आतंकवादी हमला हुआ तो वह एक्ट आफ वॉर ही माना जाएगा। 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले के पास बम धमाका हो चुका है जिसकी गहन जांच चल रही है और धमाके के लिंक जैश- ए -मोहम्मद से ही जुड़ते नजर आ रहे हैं।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर भी भारत से पंगा लेने के लिए बैचेन लग रहा है। पाकिस्तान को लगातार भय सता रहा है कि अबकी बार भारत पाकिस्तान को छोड़ेगा नहीं। यदि युद्ध हुआ तो पाकिस्तान को भी कम से कम चार फ्रंट पर युद्ध करना ही पड़ेगा और तब पाकिस्तान अपना अस्तित्व बचाने के लिए भारत पर परमाणु हमला करने की हिमाकत कर सकता है। मुनीर नागरिक समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए कई पैंतरे अपना रहा है और भारत में आतंकी हमले कराना उसी का हिस्सा है। किंतु मुनीर को ध्यान रखना चाहिए किअब समय बदल चुका है और अबकी बार ऐसी हिमाकत से पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

मृत्युंजय दीक्षित

# नीतीश की नई सरकार में जेडीयू-बीजेपी की बराबरी साझेदारी

बिहार की राजनीति में यह वह क्षण है, जब सत्ता के गलियारे नए समीकरणों से भरे हुए हैं और गठबंधन की राजनीति अपने सबसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। विधानसभा चुनावों में एनडीए की जीत ने महागठबंधन को भारी झटका दिया है, लेकिन उससे भी बड़ा संदेश यह है कि इस बार जो राजनीतिक परिदृश्य बना है, वह पिछले दो दशकों की तुलना में एकदम अलग और बिल्कुल नई बुनियाद पर टिकने वाला मॉडल तैयार कर रहा है। पटना के गांधी मैदान में 20 नवंबर को होने वाला शपथ ग्रहण सिर्फ सरकार गठन का औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि यह उस नए सत्ता-संतुलन की शुरूआत होगी, जिसमें जेडीयू और बीजेपी को पहली बार वास्तविक बराबरी वाली स्थिति में देखा जा रहा है। इस बार की चुनावी जंग में एनडीए ने सीट बंटवारे का जो फामूर्ला अपनाया था, उसने राजनीति के पुराने मापदंडों को बदल दिया। जेडीयू और बीजेपी दोनों ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा और नतीजों ने इस बराबरी के प्रयोग को सियासी तौर पर मजबूती प्रदान की है। दोनों दलों के बीच केवल चार सीटों का अंतर होना इस बात का संकेत है कि सियासत का पलड़ा अब किसी एक तरफ भारी नहीं है। यही वजह है कि इस बार की सरकार में मंत्रिमंडल का हिस्सा भी उसी बराबरी वाले फामूर्ले पर टिक सकता है। यह स्थिति 2020 से बिल्कुल उलट है। 2020 में बीजेपी की 74 सीटें थीं और जेडीयू की महज 43, जिसके कारण 12-22 वाला मंत्रिमंडलीय बंटवारा बना था। तब बीजेपी का राजनीतिक कद जेडीयू से ज्यादा दिख रहा था, लेकिन इस बार नतीजों ने गठबंधन के भीतर की शक्ति-संरचना को पूरी तरह संतुलित कर दिया है। 2025 में एनडीए के कुल 202 विधायक हैं जिसमें बीजेपी के 89, जेडीयू के 85, एलजेपी (रामविलास) के 19, हम के 5, और आरएलएम के 4 विधायक शामिल हैं। इन आँकड़ों की रोशनी में यह स्पष्ट है कि नये मंत्रिमंडल के गठन में पुराने फामूर्ले का दोहराया जाना लगभग असंभव है।राजनीतिक समीकरणों की गणना से यह बात भी सामने आ रही है कि गठबंधन इस बार 6 विधायक पर 1 मंत्री का फामूर्ला अपना सकता है। अगर ऐसा हुआ तो जेडीयू और बीजेपी दोनों ही लगभग 15-16 मंत्री दे सकेंगे। साथ ही छोटे दलों चिराग पासवान की पार्टी, मांझी की हम और कुशवाहा की आरएलएम को भी उचित प्रतिनिधित्व देने के संकेत हैं। चिराग की पार्टी को 2-3 मंत्री, जबकि मांझी और कुशवाहा को 1-1 मंत्री मिलना संभावित माना जा रहा है। यह संयोजन दिखाता है कि एनडीए इस बार सिर्फ बड़ा दिखने की राजनीति नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने की संतुलित भूमिका अपनाना चाहता है।

डिप्टी सीएम का समीकरण भी इस बार बेहद दिलचस्प होगा। 2005 से लेकर 2024 तक बीस सालों में एक परंपरा बनी रही कि जब-जब जेडीयू और बीजेपी साथ हुए, बीजेपी के हिस्से में डिप्टी सीएम की कुर्सी गई। सुशील मोदी हों, तारकेश्वर प्रसाद या रेणु देवी हर दौर में यह कुर्सी बीजेपी ने ही संभाली। 2024 की शुरूआत में जब नीतीश दोबारा एनडीए में आए तो सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया। अब सवाल यह है कि नए मंत्रिमंडल में बीजेपी को एक डिप्टी सीएम मिलेगा या दो? और क्या जेडीयू इस बार डिप्टी मुख्यमंत्री पद पर दावा पेश कर सकता है? हालाँकि संकेत यही हैं कि नीतीश कुमार गठबंधन की एकता बनाए रखने के लिए वही पुराना पैटर्न बरकरार रखेंगे और बीजेपी को ही डिप्टी सीएम का दायित्व मिलेगा, पर अंदरखाने मंथन लगातार जारी है।नीतीश कुमार की राजनीति हमेशा संतुलन, समझौता और स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने के कौशल पर आधारित रही है। इस बार भी वे उसी रास्ते पर चलते दिखाई दे रहे हैं। जेडीयू को बराबरी की हिस्सेदारी दिलवाकर वे न केवल जाति-आधारित समीकरणों को मजबूती दे रहे हैं, बल्कि यह संदेश भी भेज रहे हैं कि जेडीयू अब किसी भी स्थिति में जूनियर पार्टनर बनने के लिए तैयार नहीं। उनकी रणनीति यह दिखाती है कि वे 2020 की तरह का परिदृश्य नहीं दोहराना चाहते, जिसमें बीजेपी का पलड़ा भारी हो गया था और जेडीयू कमजोर स्थिति में चली गई थी।

बिहार का राजनीतिक परिदृश्य हमेशा से संख्या, जाति और गठबंधन की बारीकियों पर टिका रहा है। इस बार के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में सत्ता की लड़ाई अब सिर्फ चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि गठबंधन के भीतर भी शक्ति का संतुलन उतना ही अहम होगा। एनडीए की नई सरकार अगर 50-50 वाले मॉडल पर खड़ी होती है, तो यह बिहार में राजनीतिक साझेदारी के एक नए अध्याय का संकेत होगा। यह वह मॉडल होगा जिसमें दोनों बड़े दलों को बराबर का सम्मान, बराबर का स्थान और बराबर का दायित्व मिलेगा।हालाँकि चुनौतियाँ कम नहीं हैं। बराबरी की साझेदारी का अर्थ यह भी है कि किसी भी मुद्दे पर मतभेद उत्पन्न होने पर गठबंधन में तनाव बढ़ सकता है। दोनों दलों को मंत्रियों के चयन में सामाजिक संतुलन भी ध्यान में रखना होगा अगड़े, पिछड़े, महादलित, अल्पसंख्यक, अत्यंत पिछड़ा वर्ग इन सभी का उचित प्रतिनिधित्व मंत्रिमंडल की अनिवार्य शर्त है। छोटे दलों की अपेक्षाएँ भी गठबंधन के लिए परीक्षा बन सकती हैं, क्योंकि शक्ति-साझेदारी में थोड़ी भी कमी उन्हें गठबंधन से दूर कर सकती है।

इसके बावजूद यह भी सच है कि इस बार एनडीए के पास बिहार को राजनीतिक स्थिरता देने का बड़ा अवसर है। यदि यह सरकार संयुक्त जिम्मेदारी और साझा नेतृत्व के सिद्धांत पर चलती है, तो यह बिहार के विकास मॉडल को भी नई दिशा दे सकती है। बेरोजगारी, पलायन, उद्योगों का अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य इन सभी मोर्चों पर काम करने के लिए स्थायी और संतुलित सरकार की जरूरत है। और यह सरकार वैसी बनने की क्षमता रखती है, बशर्ते गठबंधन के भीतर संवाद और तालमेल कायम रहे।नीतीश कुमार की नई पारी ऐसे समय में शुरू हो रही है जब बिहार की जनता राजनीतिक उथल-पुथल से थक चुकी है। लोग स्थिरता चाहते हैं, नीतिगत निरंतरता चाहते हैं और विकास की गति चाहते हैं। यदि जेडीयू और बीजेपी अपनी बराबरी वाली साझेदारी को सियासी अहंकार से दूर रखते हुए चलाएँ, तो यह सरकार आने वाले वर्षों में बिहार की दिशा बदलने का अवसर बन सकती है।

अजय कुमार

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी गंभीर

## आवासीय समिति, क्रेडाइ, बिल्डर्स व अधिकारियों के साथ बैठक, गणना प्रपत्रों के वितरण व प्राप्ति पर विस्तृत जानकारी

समाज जागरण / गौतम बुद्ध नगर, 17 नवंबर 2025। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को आयोग की मंशा के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संचालित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में आवासीय समिति, क्रेडाइ, बिल्डर्स, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में घर-घर सर्वे तथा मतदाता मैपिंग की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आवासीय समिति, टावर इंचार्ज, इछड और इछअ से समन्वित तरीके से कार्य करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिन आवासीय समितियों और अन्य प्रतिनिधियों ने अब तक पुनरीक्षण कार्य में श्रेष्ठ सहयोग दिया है, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सूचित किया कि फॉर्म-6 और फॉर्म-8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इनका उपयोग माइग्रेशन, मृत व शिफ्टेड मतदाताओं को अद्यतन करने तथा एक ही परिवार के बिखरे मतदाताओं को एक बूथ पर समायोजित करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और सभी नए मतदाताओं का नाम निर्वाचन सूची में शामिल हो।"

उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी सुझाव या समस्या के लिए विभाग की आधिकारिक ईमेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि रक्क के संबंध में कोई सुझाव हैं तो वे भी साझा किए जाएं, जिला प्रशासन पूर्ण सहयोग देगा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों की जानकारी भी दी और कहा कि सभी संबंधित विभागों और प्रतिनिधियों के सहयोग से ही आयोग की अपेक्षाओं के अनुरूप अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से स्नेहलता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

# द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में युवा कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 नवंबर 2025। द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ग्रेटर नोएडा में 17 नवंबर 2025 को युवा कनेक्ट कार्यक्रम बड़ी उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक तिलक समारोह से हुई, जिसके बाद अतिथियों का सभागार में स्वागत किया गया। बी.टेक और एमबीए के लगभग 250 छात्रों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई। उद्घाटन सत्र औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ और छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना नृत्य ने कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया।



कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें युवा मंत्रालय के सलाहकार सार्थक शुक्ला, संस्था की निदेशक डॉ. संगीता मंगेश कार्यकर्ता, रजिस्ट्रार शैलेश कुमार तथा प्रथम वर्ष विभागाध्यक्ष प्रो. पवन शर्मा शामिल रहे। निदेशक ने अपने स्वागत संबोधन में युवाओं के समग्र विकास में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य सत्र में युवा आइकन यश दयाल शर्मा ने छात्रों को प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने भारत की विकास यात्रा, आधुनिक कृषि की भूमिका, अगले 20 वर्षों का राष्ट्रीय दृष्टिकोण और युवाओं की सक्रिय भागीदारी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही छात्रों को नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से जुड़ने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने विचारों को उद्यमिता में बदलने के लिए प्रेरित किया।


कार्यक्रम का समापन इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसने इसे सभी के लिए एक प्रेरणादायक और यादगार अनुभव बना दिया।

# युवा पीढ़ी में बढ़ रहा नशीली पदार्थों के सेवन का आकर्षण

## (सरकार को उठाने होंगे सख्त कदम तो अभिभावकों को रहना होगा सतर्क)

सुशील शर्मा /समाज जागरण

लोनी, 17 नवंबरः नशीले पदार्थों के मामले में सरकार द्वारा जो ढुलमुल





नीति अपनाई जा रही है उसके चलते देश के बहुत से परिवारों का भविष्य निरंतर विनाशकारी अंधकार की गहरी खाई में समाता जा रहा है। आजकल युवा पीढ़ी में नशीले पदार्थों के सेवन का आकर्षण जिस कदर बढ़ता जा रहा है उसने उनके अभिभावकों की चिंता बढ़ना भी लाजमी है। आज बहुत से युवा तेजी से नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं जिसका अर्थ है कि वह हानिकारक पदार्थों या गतिविधियों के आदि हो रहे हैं। इसमें ड्रग्स, शराब, जुआ या स्मार्टफोन और सोशल मीडिया जैसी तकनीक का अत्यधिक उपयोग जैसी चीजे शामिल हो सकती है। यह एक चिंता जनक प्रवृत्ति है क्योंकि लत का उनके स्वास्थ्य, रिश्तों और भविष्य के अवसरो पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। जिसके चलते देश का उज्जवल भविष्य प्रभावित हो रहा है।``

इस गंभीर परिपेक्ष में बात प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद लोनी की करे तो यहां आस-पास क्षेत्र की सरकारी दुकानों (ठेको) पर मिलने वाली इंग्लिश/देशी शराब व गांजे के अलावा तंबाकू की विभिन्न कंपनियों के पाउच आदि खरीदने के लिए हजारों की तादाद में ऐसी छोटी-बड़ी दुकाने और स्टॉल उपलब्ध है जहां से आप अपनी मनपसंद का नशा खरीद सकते हैं। इसके अतिरिक्त यहां तमाम थाना क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों में अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री जोर-शोर से हो रही है। यही नहीं शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यही कारण है कि अन्य स्थानों की तरह यहां भी नशाखोरी की संख्या में अप्रत्यशित वृद्धि होती जा रही है। अनुमान के तौर पर कहा जा सकता है कि 80 से 90 प्रतिशत युवा पीढ़ी किसी न किसी रूप से नशे की गिरफ्त में हैं।

गौरतलब हो कि राज्य सरकार द्वारा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू सेवन पर रोक हैं। लेकिन इसके बावजूद उन्हें शराब, सिगरेट पान-गुटका आदि का सेवन करते देखा जा सकता है। गुटके का सेवन करना तो आज की युवा पीढ़ी का फैशन हो गया है जो इसे बेहिचक खाते हैं और अपनी मौत को स्वयं आमंत्रित करते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण देखने में सुनने को मिल जाएंगे की गुटके के लगातार सेवन से मुंह एवं फेफड़े में विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं जो आगे चलकर कैंसर का रूप धारण कर लेते हैं।

इस गंभीर परिपेक्ष में जरा भी गौर करें तो इस बात को झुठलाया नहीं जा सकता कि विभिन्न नशे की चपेट में आती युवा पीढ़ी खुद ही अपने देश को अस्वस्थ अनागद की ओर लेकर दौड़ती जा रही है जिस पर काबू पाना अति आवश्यक है। इसलिए देश के उज्जवल भविष्य की खातिर जहा सरकार को कोई उचित कदम उठाने की जरूरत है वही अभिभावकों को भी एक बदलाव के साथ अपने बच्चों पर नियंत्रण रखना ही होगा।

### दैनिक समाज जागरण सुझाव

युवाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जोखिम के प्रति जागरूक रहे और यदि उन्हें लगे कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं तो मदद ले, क्योंकि इन चुनौतियों से उबर में उनकी मदद के लिए सरकारी और सामाजिक दोनों ही रूप में सहायता और संसाधन उपलब्ध है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर लोनी में होगा एकता पदयात्रा का आयोजन

## (भारतीय जनता पार्टी की गाजियाबाद जिला इकाई द्वारा होना है एकता पदयात्रा का आयोजन)

समाज जागरण

लोनी, 17 नवंबरः भाजपा जिला इकाई गाजियाबाद द्वारा लौह पुरुष परम श्रद्धेय सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 18 नवम्बर 2025 को भव्य एकता पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यात्रा का श्री गणेश सुबह 9 बजे श्रीराम प्लेस मैरिज होम, इंद्रापुरी से होना तय किया गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अरुण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लोनी विधानसभा के विधायक नंदकिशोर गुर्जर तथा गाजियाबाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता बसंत त्यागी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा जिला संगठन के मुताबिक इस पदयात्रा में जिले के समस्त जनप्रतिनिधियो माननीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षों के साथ-साथ समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रकोष्ठ एवं विभाग संयोजक तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहभाग करेंगे। जिला कार्यालय भाजपा गाजियाबाद की ओर से सभी नागरिकों एवं कार्यकताओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर एकता और राष्ट्रीय अखंडता के संदेश को मजबूत करने की अपील की गई है।

# ट्रोनिका सिटी में 'आतंकवाद व दंगामुक्त भारत' के संकल्प के साथ पैदल यात्रा आज

समाज जागरण

लोनी, 17 नवंबरः 'जय हिंद' के नारों और राष्ट्रीय एकता संदेश के साथ पसमांदा समाज द्वारा मंगलवार को (यानी कि आज) होगा 'आतंकवाद व दंगामुक्त भारत पैदल यात्रा' का आगाज।शाम 4 बजे दौलत नगर कॉलोनी से शुरू होने वाली यह यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए पाभी पुस्ता चौकी पर संपन्न होगी।

मंच के राष्ट्रीय संयोजक मौ. शमशाद मीर ने हवाले से इस यात्रा का उद्देश्य देश में सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रवाद, शांति, तथा आतंकवाद-मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करना है.

### यात्रा में हिन्दुस्तानी पसमांदा मंच

उत्तर प्रदेश संयोजक नूर हसन भाटी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय प्रचारक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 इंद्रेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के कार्यकताओं तथा स्थानीय नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार यह यात्रा समाज के कमजोर तबके को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने, युवाओं में जागरूकता फैलाने और देश में शांति व भाईचारे का संदेश देने का प्रयास है। जिसके समापन पर पाभी पुस्ता चौकी पर आतंकवाद तथा उससे जुड़े प्रतीकात्मक तत्वों के विरोध में पुतला दहन किया जाएगा।आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह कदम केवल आतंकवाद के खिलाफ विरोध का प्रतीकात्मक रूप है, जिसका उद्देश्य किसी समुदाय या देश विशेष को लक्ष्य बनाना नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और शांति के पक्ष में आवाज उठाना है।

### नागरिकों से करी शांतिपूर्ण भागीदारी की अपील

पसमांदा मंच की ओर से सभी प्रतिभागियों और नागरिकों से अपील की गई है कि वे अनुशासन, सौहार्द और शांति बनाए रखते हुए यात्रा में शामिल हों, ताकि आयोजन का संदेश सकारात्मक रूप में अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम पर जागरुकता शिविर का आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 नवंबर 2025। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों के क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर स्थित राजकीय वृद्धाश्रम, ग्राम रीलखा में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-



पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के संबंध में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान वृद्धजनों को अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, पैनल अधिवक्ता हेमंत गोयल, वरिष्ठ सहायक राहुल गौतम तथा पराविधिक स्वयंसेवक मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

साक्षरता शिविर में वृद्धजनों ने वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने संबंधी अनुरोध किए, जिस पर उपस्थित अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

# स्कूल के खेल मैदान पर अवैध प्लाटिंग के दौरान अब, "हरे पेड़ पर चली आरी"

समाज जागरण

लोनी, 17 नवंबरः लोनी थाना क्षेत्र में स्थित स्कूल के खेल मैदान पर प्रबंधन समिति द्वारा प्लॉट बिक्री के गैर कानूनी धंधे के मामले में जिम्मेदारो की नींद अभी टूट भी नहीं पाई थी कि, स्कूल प्रबंधन समिति ने वहां हरे पेड़ पर आरी चलवा कर और एक गैर कानूनी कृत्य को अंजाम दे दिया।

गौरतलब है कि सीबीएसई के नियमोंनुसार जिस भूमि का उपयोग बच्चों के खेल-कूद और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए होना चाहिए था, स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा उसके एक बड़े हिस्से पर प्लाटिंग की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने स्कूल प्रबंधन समिति के इस गैर कानूनी कृत्य की घोर निंदा की है। खेल मैदान पर प्लाटिंग के इस गंभीर प्रकरण में जिम्मेदार विभाग द्वारा तो अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, (जिसका सभी को इंतजार है) मगर स्कूल प्रबंधन समिति ने फ्लोटिंग प्लॉटिंग के दौरान बाधा बने हरे पेड़ को कटवाकर एक और गैर कानूनी कृत्य को अंजाम दे दिया है।



### खेल मैदान प्लाटिंग के साथ अब हरे पेड़ का संहार

हरे पेड़ों की कटाई कानूनी और पर्यावरण दोनों ही दृष्टिकोण से गंभीर है। इसके लिए कानूनी नियमों का पालन करना और वन विभाग या नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा भारतीय वन कानून 1927 तथा अन्य गंभीर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

मगर अंकुर विहार में नवजीवन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति के लिए मानो सभी नियम कानून खूंटी पर टंगे हो। जिसने बेखौफ होकर स्कूल के खेल मैदान पर अवैध रूप से प्लाटिंग करने के साथ-साथ अब वहां हरे-भरे पेड़ का संहार कर एक और कारनामा कर दिखाया।

### जिम्मेदार अधिकारी व पुलिसकर्मी शक के घेरे में

स्थानीय नागरिकों के अनुसार स्कूल का आकर्षण बना यह पेड़ बिल्कुल हरा-भरा था, इसके बावजूद किसी जिम्मेदार अधिकारी या पुलिस कर्मी ने मौके पर पहुंचकर रोकथाम का प्रयास नहीं किया। लोगों ने सवाल उठाया है कि अगर स्थानीय थाने से कुछ ही दूरी पर स्कूल में इस तरह हरा-भरा पेड़ काटा जा सकता है, तो यह कार्रवाई जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति या लापरवाही को दर्शाती है। इस गंभीर प्रकरण में क्षेत्र के कुछ संभ्रांत नागरिकों ने प्रशासन और वन विभाग से मिलकर शिकायत करने की बात कही है।

# सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी का जन संवाद एवं सम्मान समारोह 7 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा में

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर। सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी के नेताओं ने आगामी जन संवाद एवं सम्मान समारोह के लिए गाँवों में आमंत्रण अभियान शुरू कर दिया है। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर 2025 को सेंट जॉर्ज स्कूल, ग्राम पंचायत मैन, कासना रोड, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में आयोजित होगा।



इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं चौधरी हरेंद्र गुर्जर (संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष), चौधरी चंद्रपाल भाटी (सूबेदार, शाहपुर उपाध्यक्ष मेरठ संभाग), चौधरी श्यामसुंदर नागर (बरसात वाले जिला उपाध्यक्ष), चौधरी धर्मेंद्र नागर (जिला महासचिव) सहित अन्य कार्यकताओं ने आज चौधरी मनोज भाटी (चेयरमैन, एमएसडी स्कूल, गांव अटटा गुजरान) को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया।

नेताओं और कार्यकताओं ने गांव अटटा गुजरान, नौरंगपुर, जगनपुर, घरभरा, बूढ़ा घरभरा, गुनपुरा, डेरीन महमूदपुर, लुकसर, इमलिया, मायचा, नवादा सहित आसपास के गांवों में प्रतिष्ठित एवं समाजसेवी लोगों, पूर्व ग्राम प्रधानों, पूर्व बीडीसी सदस्यों, किसान नेताओं, सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों और स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। प्रत्येक गांव में लगभग 10 से 15 लोगों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रित किया गया, जिन्हें कार्यक्रम की महत्ता समझाई गई।

गांव वासियों ने आमंत्रण की सराहना की और कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में माननीय श्री नरेंद्र भाटी (सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), पुलिस आयुक्त गौतम बुद्ध नगर, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, अपर प्रमुख कार्यपालक अधिकारी भूमि ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी भूमि नोएडा विकास प्राधिकरण, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी भूमि यमुना विकास प्राधिकरण, श्री वेदराम भाटी (पूर्व कारागार मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), उप जिलाधिकारी सदर गौतम बुद्ध नगर, अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा गौतम बुद्ध नगर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसान एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुँचाना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी के नेता और कार्यकर्ता इस संवाद प्रक्रिया में हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

# जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

समाज जागरण

कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों ने जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में शामिल कार्यदाई संस्थाओं में लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण भवन खंड, यूपीपीसीएल, आवास विकास परिषद, राज्य निर्माण निगम, सिडको, यूपी पुलिस आवास निगम, राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ, सिंचाई प्रखंड प्रथम, जल निगम (नगरीय), ग्रामीण सिचाई निर्माण खंड आदि शामिल थे। जनपद में कुल 15 कार्यदाई संस्थाओं द्वारा 27 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।




जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्य मैनपावर बढ़ाकर गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और स्थल निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक विकल कुमार, अधिशासी अभियंता, कासगंज, कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किडवोरा ने लॉन्च किया 'Kidvora' 0 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए एक संपूर्ण समाधान

समाज जागरण

नोएडा। किडवोरा ने अपने बहुप्रतीक्षित उत्पाद 'Kidvora Kit' का आधिकारिक लॉन्च किया। यह किट 0 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है, जिसमें बच्चों की देखभाल, विकास, सुरक्षा, मनोरंजन और सीखने को केंद्र में रखकर उत्पाद और सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। विशिष्ट अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकित कुशवाहा, इंजीनियर बीके सिंह, इंजीनियर इरशाद खान, एडवोकेट मुकेश मिश्रा, संतोष मिश्रा की उपस्थिति ने किडवोरा किट के लॉन्च इवेंट को प्रभावशाली बनाया।

किडवोरा किट का उद्देश्य माता-पिता को एक ही स्थान पर बच्चों से संबंधित विश्वसनीय, सुरक्षित और उपयोगी समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने बच्चे के शुरूआती 10 वर्षों में बेहतर देखभाल और प्रगति सुनिश्चित कर सकें।

किडवोरा के निदेशक डा बी के ने कहा कि किडवोरा किट बच्चों और माता-पिता दोनों की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए बनाई गई है।



यह केवल एक प्रोडक्ट नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक समर्पित प्रयास है।" किडवोरा किट का विचार बच्चों की संपूर्ण जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चे को सुरक्षित, शिक्षाप्रद और उपयोगी संसाधन मिलें, और हर माता-पिता को तनावमुक्त अनुभव।"

किडवोरा की निदेशक डा तबस्सुम ने कहा कि हमने किडवोरा किट को सुरक्षा, सीखने, स्वास्थ्य और सुविधा इन सभी पहलुओं को प्राथमिकता में रखते हुए विकसित किया है। हमें विश्वास है कि यह माता-पिता की कई समस्याओं का समाधान करेगा।"



किडवोरा के सीईओ अविनाश कुमार शुक्ला ने कहा कि किडवोरा केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि एक संपूर्ण इकोसिस्टम है। आज के माता-पिता के सामने समय, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण संसाधनों की चुनौतियाँ हैं, किडवोरा किट इन सभी समस्याओं के लिए एक भरोसेमंद समाधान है। किडवोरा किट को विश्वसनीय ब्रांड बनाने में डॉ बीके, डॉ तबस्सुम, अविनाश कुमार शुक्ला, आशुतोष सिंह, पार्थो सरकार, सूर्य सिंह, अमित मलिक सदस्यों की विशेषज्ञ टीम के अनुभव और समर्पण से बच्चों के लिए महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

# तीर्थ नगरी में पंचकोसी परिक्रमा के आयोजन को लेकर सहावर में जागरुकता बैठक

समाज जागरण

सहावर।1 दिसंबर 2025 को तीर्थ नगरी में पंचकोसी परिक्रमा के आयोजन के उपलक्ष्य में सहावर स्थित रेलवे रोड तुलसा गेस्ट हाउस में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय लोगों को आयोजन के महत्व और सहभागिता के लिए जागरूक किया गया। बैठक में गौरव कुमार वार्ष्णेय, डॉ. पवन साहू, सतीश चंद्र, नवीन सक्सेना, गीतेश कुमार, सालनी, गार्गी, गौरव सैनी, विजयपाल, भागीरथ, धर्मेंद्र कुमार सहित कई समाजसेवी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और आयोजन में सहयोग देने का आश्वासन दिया।



# वैश्य एकता समिति रजि० संगठन ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को दी बधाई

**समाज जागरण**

चंदौसी। अभी हाल में ही बिहार राज्य में हुए विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए है जिसमें 32 वैश्य समाज के विधायक गण विजयी हुए है जिससे सम्पूर्ण वैश्य समाज में खुशी की लहर है उक्त के क्रम में वैश्य एकता समिति रजि० उत्तर प्रदेश संगठन के अंतर्गत अस्थाई कार्यालय पर एकत्रित होकर समिति सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा कि बिहार राज्य में वैश्य समाज के लोगों ने विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विभिन्न राजनैतिक पार्टियों द्वारा कुल 63 वैश्य समाज के प्रत्याशी उतारे गए थे जिसमें से 32 प्रत्याशियों ने विजय हासिल कर वैश्य समाज का मान और गौरव बनाया है। वैश्य एकता समिति रजि० संगठन ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर समिति महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, डॉक्टर दिशांत गुप्ता, विपिन बालाजी, क्षितिज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, चंदौसी नगर अध्यक्ष सुमित वार्ष्णेय, मोहित बंसल, बृजेश चंद वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, सजल सिंघल, संजीव वार्ष्णेय मधुर गुप्ता, अभिनव वार्ष्णेय आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अज्ञात हमलावरों ने ग्रामीण को मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनता बिजनौर नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम खाई खेड़ी निवासी एक व्यक्ति को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर घायल कर दिया। गोली घुटने के पास लगी। घायल युवक को इलाज के लिए बिजनौर रेफर किया गया।



तहसील के गांव खाई खेड़ी निवासी 55 वर्षीय मोहम्मद वाजिद गांव के निकट सत्ती वाली मजार क्षेत्र में आराम कर रहा था। तभी उस पर किसी ने गोली चला दी। दोपहर हुई घटना के बाद मुंह पर कपड़ा बांधे हमलावर भाग गए। घायल को उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांप ने काटा, युवक जिंदा सांप को लेकर ही पहुंच गया सरकारी अस्पताल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा।कस्बे के मोहल्ला जोशियान में सोमवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। गौरव कुमार नाम के युवक को सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद जहां आमतौर पर लोग घबरा जाते हैं, वहीं गौरव ने अद्भुत साहस दिखाते हुए सांप को जिंदा पकड़ लिया और खुद ही उसे लेकर स्योहारा के सरकारी अस्पताल पहुंच गया।



अस्पताल में मौजूद स्टाफ और मरीज युवक की हिम्मत देखकर दंग रह गए। मौके पर तुरंत डॉक्टरों ने गौरव का इलाज शुरू किया और प्राथमिक जांच में उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

उधर, घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग भी अस्पताल में इकट्ठा हो गए। जिंदा सांप के साथ युवक का पहुंचना स्थानीय क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नहर मे मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर के कादराबाद क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी 45 वर्षीय चमन पुत्र छज्जू का शव सोमवार सुबह नवाबपुरा गांव स्थित नहर की पुलिया के पास पानी में मिला। कई वर्षों से चमन अपने परिवार के साथ नवाबपुरा में हरविंदर सिंह के यहां रहकर मजदूरी करता था। सुबह ग्रामीणों ने नहर में एक अधेड़ व्यक्ति का शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया।पहचान आलमपुर निवासी चमन के रूप में हुई। परिवार के अनुसार चमन रविवार शाम गांव तुरतपुर में रिश्तेदार कालका के यहां सगाई समारोह में शामिल होने गया था। बताया जा रहा है कि दावत के दौरान शराब पीने के बाद वह देर रात पैदल ही वापस लौट रहा था। इसी दौरान किसी कारणवश वह नहर में गिर गया। सीओ आलोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रतीत हो रहा है कि चमन नशे की हालत में पुलिया से फिसलकर या किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से नहर में गिरा और बाहर नहीं निकल सका। शव पर आंख और पैर में चोट के कुछ निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मिशन 2027 के तहत साहनपुर के मोहल्ला उंटवान मे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## – अब की बार बदलाव नजीबाबाद तैयार

### – साहनपुर हुआ एकजुट मोहल्ला उंटवान ने मोहब्बतों से नवाजा

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर साहनपुर मिशन 2027 के तहत साहनपुर के मोहल्ला उंटवान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जहाँ स्थानीय लोगों ने अपार प्रेम



और समर्थन का इजहार किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की सदारत यासीन कस्सार जी ने की, जबकि निजामत उवैस मंसूरी ने निभाई। इस मौके पर अजमल सभासद, शेख जाकिर, फयामुदीन, नोशाद सरवरी, नवाब पूर्व मेम्बर, जिलफुकार, हसीब, हाजी छोटे, बब्बू, जाहिद, मुन्नू सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

मोहल्ले के लोगों का जोश और एकजुटता मिशन 2027 को नई मजबूती प्रदान करती नजर आई।

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर के राजकीय इण्टर कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।



सोमवार को नगर के राजकीय इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चार सौ विद्यार्थियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्थानीय नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राहुल कुमार,उप निरीक्षक सौरभ सिंह एवं मिशन शक्ति टीम ने यातायात सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।उपस्थित लोगों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। ओवरलोडिंग, तीन सवारी, मॉडिफाइड वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना दंडनीय अपराध है।

इसके अतिरिक्त, स्कूल-कॉलेज के पास, मोड़ों और चौराहों पर गति नियंत्रण को अत्यंत आवश्यक बताया गया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियानों के बारे में भी जानकारी साझा की गई।कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इसका लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है।इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील कुमार, मुख्य अतिथि मठपाल सिंह, पूर्व सैनिक रविन्द्र काकरान, सरदार दिलबाग सिंह सहित अनेक संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नूरपुर मौहल्ला नई बस्ती राजा का ताजपुर निवासी संजीदा खातून ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रईस अहमद, अब्दुल वाहिद, मौ० जाहिद, मुशाहिद हुसनैन तथा फरीद नवाज ने सांठगांठ कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करते हुए उनके प्लाट को फर्जी तरीके से बेच दिया। पीड़िता का कहना था कि जब वह अपने प्लाट में मिट्टी डलवा रही थीं, तभी आरोपियों ने पहुंचकर उनका विरोध किया, गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा अभद्रता करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर नूरपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान कुछ धाराओं का लोप किया गया। कार्रवाई शनिवार को नूरपुर पुलिस ने अभियोग से जुड़े आरोपी फरीद नवाज पुत्र अलाउद्दीन निवासी राजा का ताजपुर को गिरफ़्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार आरोपी फरीद नवाज पुत्र अलाउद्दीन, निवासी राजा का ताजपुर, नूरपुर, बिजनौर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक राजवीर सिंह कांस्टेबल परमवीर सिंह शामिल रहे।



# अफजलगढ़ पुलिस की मिशन शक्ति जागरूकता पहल

## छात्र-छात्राओं व महिलाओं को बताए सुरक्षा उपाय व हेल्पलाइन नंबर

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ क्षेत्र में सोमवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने विभिन्न स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में टीम ने महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित 1090, 112, 181, 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कैसे व कब करना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड, ईव-टीजिंग व घरेलू हिंसा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की। पुलिस टीम ने बताया कि मिशन शक्ति महिलाओं और बच्चियों के सम्मान, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाने का अभियान है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के आधारभूत टिप्स भी दिए गए। अंत में टीम ने सभी से कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें। पुलिस हर समय सुरक्षा व सहायता के लिए तत्पर है।



# महिला स्वरोजगार परियोजना का किया शुभारंभ

**समाज जागरण**
**\ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बांदा,भारतीय सामाजिक संस्थान, अतर्रा, बाँदा ने "महिला स्वरोजगार परियोजना" का किया शुभारम्भ. इस परियोजना के माध्यम से जनपद बाँदा, महोबा एवं चित्रकूट की ग्रामीण तथा अरबन क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित कराया जाना है साथ ही उन्हें परिवार नियोजन, सुरक्षित माहवारी एवं कानूनी अधिकारों व दायित्वयों के प्रति जागरूक कर उनमे नेतृत्व की क्षमता विकसित करना है. जिससे परियोजना के उद्देश्य स्वरूप एक "स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर महिला" समाज का निर्माण हो सकेगा.

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वेक्षा, वैष्णवी(काजल), रूबी जी का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया तथा तीनों ने परियोजना के पोस्टर का विमोचन कर किया शुभारम्भ.

संस्थान के प्रबंध निदेशक महोदय शिवकुमार ने परियजना के बारे मे विस्तार से समझाया. कि महिलाओं को ग्रामीण और अरबन क्षेत्र मे "महिला सामग्री विक्रय केंद्र" (जहाँ से उपभोक्ता महिला न्यूनतम/रियायती मूल्य मे सौंदर्य सामग्री, गहने, सिनेटरी पैड और कपड़े खरीद सकेंगी) स्थापित कराना है.

साथ ही यह भी बताया कि अहर्ता पूर्ण करने वाली महिलाएं, "महिला सामग्री केंद्र"(कोटा) स्थापित करने हेतु 30 नवम्बर तक संस्थान कार्यालय मे आकर आवेदन कर सकती है. ताकि दिसम्बर माह मे ही केंद्र स्थापित कराया जा सके.



कार्यक्रम मे अरुणा सिंह, जयनारायण, अंकित गिरी, गीता देवी, धीरेन्द्र, नीलम, गुड़िया, सत्येंद्र, शिवनारायण, सीता देवी, प्रीति साहू, कल्पना विश्वकर्मा, सुमतिया देवी, श्रीकांत द्विवेदी, अभिषेक पाण्डेय, देव गुप्ता, आशीष कुमार, वरुण सिंह, नीरज, छोटेलाल सहित जनपद बाँदा, चित्रकूट एवं महोबा से लगभग 40 महिला पुरुषों ने सक्रिय रूप मे प्रतिभाग किया. कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ.

कार्यक्रम मे नवनीत जी, साकेत जी, सिपाही जी, धीरेन्द्र जी का जिम्मेदारियों के प्रति महत्वपूर्ण सहयोग रहा.

# सभी बच्चों को बाल अधिकारों के महत्व को अवगत कराया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच देहात इंडिया, बहराइच द्वारा एक्सेस टू जस्टिस (A2J) परियोजना के अंतर्गत बाल सप्ताह अधिकार के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा, बहराइच में खेल प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के चार मूलभूत अधिकारों – जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार तथा भागीदारी का अधिकार – पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी बच्चों को इन अधिकारों के महत्व से अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी और खो खो खेल प्रमुख रहे। कबड्डी में बालक की टीम से कप्तान भुवन गुप्ता की टीम तो वहीं बालिका के टीम से कप्तान समरिन की टीम ने जीत दर्ज की। पंचायती राज मंत्रालय से फिरोज खान जी बताया कि खेल के माध्यम बच्चों शारीरिक और मानसिक बल मिलता है। कार्यक्रम में (सहायक अध्यापक) अंजली शुक्ला,प्रियंका चौबे (अनुचर) शाहजहां, आमरिन (पंचायती राज विभाग) फिरोज खान देहात संस्था बहराइच से (जिला समन्वयक) गुड़िया देवी, (काउंसलर) अदनान अंसार, (प्रोग्राम एसोसिट) अमरेश कुमार सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। टीम द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी अतिथियों ने बाल संरक्षण, शिक्षा की अनिवार्यता और सुरक्षित बचपन के विषय में अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।




देहात इंडिया लगातार बच्चों के अधिकारों की रक्षा, समुदाय में जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# बेकाबू ट्रैक्टर - ट्रॉली ने तोड़ा रेलवे फाटक, स्योहारा में घंटों लगा रहा जाम

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। नूरपुर मार्ग पर सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब नूरपुर की ओर से आ रही एक बेकाबू ट्रैक्टरझट्रॉली ने रेलवे फाटक को जोरदार टक्कर मारकर तोड़ डाला। अचानक हुई इस घटना से मौके पर जाम लग गया और राहगीर घंटों परेशानी में फँसे रहे।

घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुँची और ट्रैक्टरझट्रॉली को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। रेलवे विभाग के अधिकारियों के अनुसार आरोपी चालक के खिलाफ तहरीर दर्ज कर दी गई है और नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।



रेलवे फाटक टूट जाने के कारण नूरपुर मार्ग पर लम्बी वाहनों की कतारें लग गईं, जिससे राहगीर और स्थानीय लोग भारी जाम से जूझते रहे। घटना के बाद क्षेत्र में देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही।

# रेहड़ क्षेत्र में अफजलगढ़ सीओ का पैदल फ्लैग-मार्च

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ ने सोमवार को थाना रेहड़ क्षेत्रांतर्गत स्थानीय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा-व्यवस्था का व्यापक जायजा लिया। सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, बाजारों, चौराहों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल मार्च कर हालात पर कड़ी नजर रखी। गश्त के दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों व स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें सुरक्षित माहौल का भरोसा दिलाया



क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शांति एवं कानून-व्यवस्था को बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र में लगातार गश्त और सतर्कता से अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा आमजन में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम पूरी तरह मुस्तैद नजर आई और लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत किया।

# गन्ने के खेत में मिली सौरभ तोमर की लाश का खुलासा पिता ने ही की थी हत्या

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। थाना नांगल क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा में गन्ने के खेत से सौरभ तोमर (उम्र लगभग 30 वर्ष) पुत्र सुभाष तोमर का शव बरामद हुआ था। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। अभियुक्त गिरफ्तार, फावड़ा और अवैध तमंचा बरामद पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी सुभाष तोमर पुत्र मनफूल निवासी तिसोतरा को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा तथा एक अवैध तमंचा 315 बोर, जिसमें एक खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ था, बरामद किया गया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा पूछताछ में आरोपी सुभाष तोमर ने बताया कि वह अपने पुत्र सौरभ की पत्नी के साथ गलत संबंध रखता था। इसी बात को लेकर उसके और सौरभ के बीच विवाद था। घटना वाले दिन 12 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे जब सौरभ खेत में काम कर रहा था, आरोपी ने उसे गन्ने के खेत में बुलाकर पहले तमंचे से फायर किया, लेकिन सौरभ बच गया। इसके बाद आरोपी ने फावड़े से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद 14 नवंबर को आरोपी ने अपने ही पुत्र की गुमशुदगी की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई और खोजबीन का नाटक करता रहा। 15 नवंबर 2025 को उसी ने सूचना दी कि खेत में सौरभ का शव पड़ा है और उसकी मौत जंगली जानवर के हमले से हुई है। अभियुक्त का विवरण नामः सुभाष तोमर पिता का नामः मनफूल निवासीः ग्राम तिसोतरा, जनपद बिजनौर बरामदगी हत्या में प्रयुक्त फावड़ा अवैध तमंचा 315 बोर (नाल में फंसा एक खोखा कारतूस)गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम श्री सतेन्द्र मलिक, प्रभारी निरीक्षक श्री गौरव सिरोही, उप निरीक्षक सोनू, आरक्षी अंकित, आरक्षी प्रवीण देशवाल, आरक्षी सुजीत कुमार, आरक्षी शामिल रहे।




# पेस संस्था द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय बाल दिवस समारोह

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर पेस सामाजिक संस्था के तत्वावधान में ग्राम पंचायत भगवानपुर, ब्लॉक सिरसिया, जनपद श्रावस्ती में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बालक बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी रचनात्मक कला एवं गीतों, नाटकों के माध्यम से घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल शोषण, मानव तस्करी जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों को चित्रों में अभिव्यक्त किया। चित्रों तथा गीतों के माध्यम से बालिकाओं ने समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक बच्ची को समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पेस संस्था के परियोजना समन्यवयक विनोद कुमार पाण्डेय जी ने की एवं बच्चों के अधिकार तथा शोषण के बारे में विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम में उपस्थित पेस संस्था से कम्युनिटी मोविलाइजर मनोज कुमार जी ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के व्यक्तित्व तथा बच्चों के प्रति उनके स्नेह की भावना को विस्तार से चर्चा किया। कम्युनिटी मोविलाइजर जगदम्बा प्रसाद शुक्ला जी ने बालिकाओं को आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया एवं कम्युनिटी मोविलाइजर शालिनी त्रिपाठी जी ने चेतना गीतों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता बालक, बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा पुरस्कार वितरित किया गया एवं बाल दिवस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का विकास करना और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।




कार्यक्रम में पेस संस्था से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार पाण्डेय जी कम्युनिटी मोविलाइजर मनोज कुमार, जगदम्बा प्रसाद शुक्ला, शालिनी त्रिपाठी स्वयंसेवक रामनारायण वर्मा, नंदनी सिंह सुलोचना वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम बाबू विद्यालय से प्रधानाध्यापक सतीश कुमार, सहायक अध्यापक संजय सिंह, शिक्षामित्र कुंवर बहादुर यादव, रसोईयां केवला देवी, राधिका, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष वंशीलाल, एवं बालक बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम द्वारा जनपद के थाना हरदत्तनगर गिरन्ट व बदला चौकी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानो, चौराहो, व स्थानीय बाजारो आदि पर आम-जनमानस को एकत्र कर उन्हे यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शासन द्वारा चलायी जा रही राह-वीर योजना व राह-वीर योजना के अन्तर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे मे विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों/जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स वितरित कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई* इसके अलावा प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रदेश में बिना नम्बर प्लेट के डम्पर, ट्रक आदि वाहनों के विरुद्ध चलने वाले 07 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट वाले ट्रक, डम्पर आदि के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया गया तथा जनपद के विभिन्न चौराहो, तिराहों व स्थानीय बाजारों आदि मे आमजन को एकत्र कर यातायात के संबंध में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यातायात के विभिन्न मापदंडों में चालान की कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया



# पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धिया

**समाज जागरण कैराना।**
बुच्चाखेड़ी गांव के रेवती सिंह कन्या इण्टर कॉलिज में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सुरेश राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहे है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा बिना एक गोली चलाए जम्मू-कश्मीर से धारा-370 व 35ए को हटाना सरदार पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारे की सार्थकता को सिद्ध करता है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर प्रहार किए।सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा आजाद



भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गांव बुच्चाखेड़ी में कैराना रोड पर स्थित रेवती सिंह कन्या इण्टर कॉलिज के मैदान एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ भाजपा के फायर ब्रांड नेता एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहे है। वह सरदार पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारे को मूर्त रूप देने में लगे है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने रक्त की एक बूंद बहाए बगैर देश के लिए अभिशाप बनी धारा-370 व आर्टिकल 35ए को हटाकर सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को पूरा किया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने देश व प्रदेश की सत्ता में विराजमान भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर उपस्थित लोगों से भारत माता की जय के उद्घोष लगवाए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल अखंड भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने आजादी के बाद भारत की बिखरी हुई सैंकड़ों रियासतों को एक डोर में बांधकर राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए जो कार्य किया, वह राजनीति व देशसेवा के क्षेत्र में एक नजीर बनकर रह गया। पूर्व सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के विचारधारा के साथ देश को तरक्की के पथ पर आगे लेकर जा रहे है। इस दौरान भाजपा नेता रमेश गौड़ कश्यप, तेजेन्द्र निर्वाल, अनिल चौहान, मनीष चौहान आदि ने भी अपने विचार रखे।

# सेंट आरसी स्कूल में महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण कैराना।**

मिशन शक्ति-5.0 के तहत कस्बे के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।सोमवार को मिशन शक्ति व एंटी रोमिया की टीम कस्बे के सेंट आरसी साइ टिफिक कॉन्वेंट स्कूल में पहुंची। जहां पर टीम ने मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत उपस्थित छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी पिंकी





चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करके मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि देश के संविधान तथा प्रकृति ने महिला व पुरुष के मध्य कोई भेद नही किया है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नही है। महिलाएं नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर राष्ट्र व समाज का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति का डटकर मुकाबला करने के लिए भी प्रेरित किया। टीम में शामिल एसआई चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु अनेकों कानून बनाए है, जिनमें से ज्यादातर कानूनों एवं अधिकारों से महिलाएं अनभिज्ञ है। महिलाओं की जागरूकता के लिए ही सरकार ने मिशन शक्ति अभियान चलाया है। उन्होंने छात्राओं को शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर-112, 1090 ,1076 ,108, 102 आदि के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही, छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में इन नंबरों का निःसंकोच इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कौशिक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार, जोनी चौहान, अजेंद्र सिंह, अमित तोमर, इमरान अली, मीनू, परमजीत कौर, ऊषा अग्रवाल, ममता शर्मा, आरती शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शामली-बागपत-बडौत से लखनऊ और माता वैष्णो देवी तक रेलगाड़ी संचालित किए जाने की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अग्रवाल मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने उत्तर रेलवे के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर शामली-बड़ौत-बागपत होते हुए लखनऊ तथा माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालित किए जाने की मांग की है। सोमवार को मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन, शामली के दौरे पर आए डीआरएम का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि डीआरएम द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए चलाई गई दो नई रेल सेवाएं लोनी, बागपत, बड़ौत व शामली क्षेत्र के लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने वाली हैं।



उन्होने मांग की कि शामली-बड़ौत-बागपत मार्ग से लखनऊ व माता वैष्णो देवी के लिए नई लंबी दूरी की ट्रेनें अवश्य संचालित की जाये। इससे क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और व्याव सायिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि लंबी दूरी की रेल सेवाएं शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग दीर्घकाल तक रेलवे प्रशासन के आभारी रहेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव अनुज बंसल, आकाश गोयल, संजय गोयल उर्फ बॉबी, शशिकांत, रामकुमार गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसटीआई ने एलटी पर लगाएं गंभीर आरोप, सुरक्षा की मांग

**समाज जागरण शामली**

जिला संयुक्त अस्पताल में कार्यरत एसटीआई परामर्शदाता शिवम कुमार ने सीएमएस को दिए शिकायती पत्र में एलटी विशाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है। सोमवार को शिवम कुमार ने शिकायती पत्र देकर कहा कि 17 नवंबर की दोपहर लगभग 1:55 बजे एलटी विशाल उनके कक्ष में आया और गाली-गलौज तथा दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की धमकी देने लगा। कहा कि जो करना है कर लो, इस बार मेरी शिकायत कहीं और करना। पीड़ित के अनुसार इससे पूर्व भी एलटी विशाल द्वारा अभद्रता की गई थी, जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारी के समक्ष की गई थी। आरोप है कि वे एसटीआई संदिग्ध मरीजों की जांच करते हैं और गंभीर मामलों में मरीजों को परीक्षण हेतु लैब में रेफर किया जाता है, लेकिन कई बार रेफर मरीज लैब से गायब हो जाते हैं, जिससे काम प्रभावित होता है। शिवम का कहना है कि 7 नवंबर को आए एक मरीज की जांच 17 नवंबर तक भी पूर्ण नहीं हुई थी।

इस मामले में जब उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत की, तो इसके बाद एलटी विशाल उनके कक्ष में घुस आया और धमकाने लगा।शिवम कुमार ने आरोप लगाया कि उन्हें एलटी विशाल से जान का खतरा है तथा भविष्य में किसी भी अनहोनी के लिए वही जिम्मेदार होगा। उन्होंने सीएमएस से उचित कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

# महिला चोर चेकिंग के दौरान गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली पुलिस द्वारा शहर व गढीपुख्ता में सुनार की दुकान से लाखों रुपए की कीमत के जेवरात चोरी करने की आरोपी एक महिला चोर को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चुराई गई सोने की चैन व कुंडल बरामद किये है। बरामद किए गए सामान की कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई गई है। सोमवार को शहर कोतवाली



में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी सुमित शुक्ला ने जानकारी देकर बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी पुलिस ने कैराना पूर्वी यमुना नहर के पास सुनारों की दुकानों से लाखों रुपए सोने के आभूषण चोरी करने वाली वांछित अभियुक्ता रोशन उर्फ पोपल पत्नी हाजी फुरकान निवासी महौल्ला पक्का बाग कस्बा धामपुर जिला बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि महिला का साथी बाबू निवासी धामपुर फरार होने में कामयाब रहा। पकड़ी गई महिला की निशानदेही पर पुलिस ने शामली व गढीपुख्ता स्थिति सुनारों की दुकान से चोरी की गई सोने की चैन, सोने के कुंडल बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि वह अपने साथी जो रिश्ते में महिला का चाचा लगता है। उसके साथ मिलकर पिछले तीन सालों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रही थी। जिनके खिलाफ जनपद के बिजनौर के विभिन्न थानों अयोध्या, गाजियाबाद, शामली व गढीपुख्ता में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। महिला ने बताया कि विधवा होने के कारण व आर्थिक तंगी के चलते अपने रिश्ते के चाचा के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रही थी।

# मतदेय स्थलों को लेकर राजनीतिक दलों एवं ईआरओ के साथ बैठक

**समाज जागरण**

शामली। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट कार्यालय में मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं ईआरओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन अधिकारी ने समय-सारणी के अनुसार मतदेय स्थलों के निर्धारण, पुनर्निर्धारण और सत्यापन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों पर भौतिक सत्यापन तथा नए स्थलों हेतु



भवनों का चिन्हांकन 4 नवंबर तक किया गया। राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करने की समय-सीमा 7 नवंबर निर्धारित थी। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची 10 नवंबर को प्रकाशित की गई तथा उसी दिन यह सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई। आलेख्य सूची पर आपत्तियां व सुझाव भी 10 नवंबर तक आमंत्रित किए गए थे, लेकिन किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत नहीं किए गए। डीएम ने बताया कि 7 नवंबर को हुई बैठक में राजनीतिक दलों से 9 और 10 नवंबर को सुझाव देने को कहा गया था, परंतु कोई सुझाव प्राप्त न होने के बाद मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया था।आज 17 नवंबर को आयोजित तीसरी बैठक में भी किसी दल के अध्यक्ष या मंत्री द्वारा कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद विधानसभा क्षेत्रों के अनुरूप मतदेय स्थलों की नई सूची तैयार कर ली गई है, जिसे 18 नवंबर 2025 को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जाएगा। बैठक में एडीएम सत्येंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हामिद हुसैन, सुभाष चंद्र सीपीआई, अखलाक प्रधान कांग्रेस, सन्नी कांग्रेस, अशोक चौधरी समाजपादी पार्टी, बीर सिंह बसपा, वीरपाल सिंह बसपा मौजूद रहे।

# सऊदी अरब में भारतीय की मौत से पूरे देश में दुख की लहर

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सऊदी में 42 भारतीयों की मौत से पूरे देश में दुख छा गया है। मुस्लिमों ने उमरा करने गए भारतीय की मौत पर दुख प्रकट करते हुए खुदा से उनकी मगफिरत फरमाये जाने की दुआ मांगी है। सऊदी में उमराह करने गए भारतीयों की बस टैंकर से भिड गई। जिसमें 42 भारतीयों की मौत हो गई है। यह बस डीजल टैंकर से टकराई है। टक्कर होने से लगी भीषण आग में सभी लोगों की जलकर मौत हुई है। इसमें 20 महिलाऐं व



11 बच्चे भी शामिल है। भारतीयों की मौत पर जमीअत उलेमा-ए हिन्द ने दुख प्रकट किया है। सोमवार को कस्बा जलालाबाद में जामिया मिफ्ताहिल उलूम में हादसे में मारे गए लोगों के की मगफिरत के लिए दुआ कराई गई। इसमें जमीअत के जनरल सैकेट्री मौलाना अयूब ने कहा कि उमराह करने के लिए जा रहे सभी लोग हैदराबाद के निवासी थे, उनकी मौत से सभी को दुख पहुंचा है। खुदा उनकी मगफिरत फरमायें।इस दौरान मदरसे मे दुआ कराई गई। इस अवसर पर मौलाना शोयब, मौलाना अयूब, मुफ्ति अब्दुल्लाह, कारी मुनीर, मौलाना वसीम आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के प्रति अपराधों में लाई जाएगी शत प्रतिशत कमी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नवनियुक्त एएसपी सुमित शुक्ला ने कहा कि शासन व मुख्यमंत्री की मानसा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के मानकों को शत प्रतिशत पालन कराया जाना उनका उद्देश्य है। महिलाओं के प्रति अपराधों में शत प्रतिशत कमी लाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयास होंगे। नवांगतुक एएसपी सुमित शुक्ला मूल रूप से जिला लखीमपुर खीरी के निवासी हैं। जो इससे पूर्व आधा दर्जन जनपदों गौरखपुर, बिजनौर, शाह जहांपुर, प्रयागराज, अमेठी, बागपत में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्य कर चुके हैं। जनपद में आने से पूर्व सुमित शुक्ला तीन वर्ष तक एएसपी नोएडा के पद कर कार्यरत थे। जनपद शामली में उनकी एएसपी के पद पर दूसरी नियुक्ति है। उन्होंने बताया कि जनपद में आने के बाद नशे के कारोबार को तोडा जायेगा। यातायात को और अधिक दुरुस्त बनाने के प्रयास होगे। शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति व साइबर के प्रोग्राम को जन-जन तक पहुंचाएं जाने के लिए नागरिकों को जागृत किया जाएगा और समाज के सभी वर्गो के पास पहुंचकर निराकरण होगा। महिला संबंधित अपराधों को बिल्कुल खत्म करने का प्रयास रहेगा।

# ग्रामीण का बैंक खाता कर्मचारियों ने किया होल्ड,कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला**

थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण के बैंक खाता, बैंक शाखा ने होल्ड कर दिया पीड़ित ग्रामीण ने गांव के एक युवक पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण बृजपाल ने बताया कि कई दिन पूर्व उसके पड़ोस के युवक अंकुर ने पीड़ित को बताया कि अपना बैंक खाता दे दीजिए उसमें कहीं से 50 हजार रुपए मागाने हैं। पीड़ित के बैंक खाते में रुपए आ जाने के बाद पीड़ित ने रुपए निकाल कर पड़ोसी युवक को दे दिए थे। सोमवार को पीड़ित अपने बैंक खाते से रुपए निकालने के लिए आया था तो बैंक कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि आपके खाते में आई रकम धोखाधड़ी द्वारा मंगाई गई है। जिस कारण आपका बैंक खाता होल्ड कर दिया गया है। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पर पहुंच कर पड़ोसी युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# भाजपाइयों ने सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर निकाला यूनिटी मार्च

**समाज जागरण कैराना।**
भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च(एकता पद यात्रा) का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। पद यात्रा शामली बस स्टैंड के निकट स्थित कलस्यान चौपाल से शुरू हुई। यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा व पार्टी का झंडा थामे हुए थे। वह लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के तस्वीरों वाले फ्लैक्स व बैनर भी लिए हुए थे। यात्रा में शामिल भाजपा नेताओं का कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित चौधरी सिताब सिंह मार्किट समेत विभिन्न स्थानों पर समर्थकों ने पुष्प मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। यात्रा का पहला पड़ाव गांव झाड़खेड़ी में हुआ। अपने प्रथम पड़ाव के पश्चात पुनः शुरू हुई यात्रा गांव बुच्चाखेड़ी के रेवती सिंह कन्या इण्टर कॉलिज के मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान गुरदीप चौधरी, यात्रा प्रभारी रामजी लाल कश्यप, कैराना मंडलाध्यक्ष अतुल मित्तल, जगरोशन प्रधान, शिवेंद्र सिंह, शक्ति सिंघल एडवोकेट, भूपेंद्र शर्मा, कण्डेला मंडलाध्यक्ष नेत्रपाल चौहान एडवोकेट, रविन्द्र प्रधान, दामोदर सैनी, राजपाल प्रधान, सुरेन्द्र सैनी, नरेंद्र कश्यप, श्रीपाल कश्यप, राहुल चौधरी, सौरव बुच्चाखेड़ी, आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप के समीप मिला महिला शव, नहीं हुई शिनाख्त

**समाज जागरण झिंझाना।**

कस्बे के बाईपास मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप एक महिला का शव पड़ा मिला महिला के सिर में चोट का निशान है राहगीरों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।
सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई।सुबह के समय घूमने गए लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।दिन निकलते ही शव की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ओर चौकी प्रभारी राकेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। महिला की उम्र करीब 45 वर्ष के आसपास बताई जा रही है, महिला के सिर में चोट का निशान है नाक से खून बह रहा था वही पास में एक नारियल, ₹100 का नोट तथा एक पॉलिथीन में दवाई व पालक के पत्ते पड़े मिले। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किए गए वहीं पुलिस सीसीटीवी केमरे खंगाल रही है।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया महिला का शव मिला था जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों की तिथि बढ़ाए जाने की मांग

**समाज जागरण**

शामली। वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों ने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को अग्रसारित) करने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि पूर्व-दशम तथा दशमोत्तर कक्षाओं के लिए जारी समय-सारणी के अनुसार छात्रवृत्ति आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर निर्धारित थी, लेकिन निर्धारित अवधि के दौरान छात्रवृत्ति पोर्टल सही ढंग से कार्य न करने के कारण अनेक विद्यालयों के छात्र आवेदन अग्रसारित नहीं करा सके। इसके अतिरिक्त इस वर्ष प्रत्येक छात्र की अनिवार्य बायोमैट्रिक सत्यापन प्रक्रिया के चलते भी काफी



संख्या में बच्चे छूट गए। कई छात्रों के आधार कार्ड अपडेट न होने से उनके फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे हैं, जिसके कारण बायोमैट्रिक सत्यापन संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं शासन के निदेर्शों के अनुसार यू-डायस पर विद्यार्थियों के आधार अपडेट कराना भी अनिवार्य है, लेकिन जनपद में आधार केंद्र सीमित होने के चलते यह कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। महासभा ने मांग की है कि प्रत्येक विद्यालय में अस्थायी आधार केंद्र स्थापित करवाकर विद्यार्थियों के आधार अपडेट कराने की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारण की तिथि को बढ़ाकर 10 दिसंबर तक की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में रामपाल सिंह जांगड़ा, गुफरान अली, सुखबीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के मेधावी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबन्धक सुमीत कुमार ने की, जबकि संचालन संजू कुमार द्वारा किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए हिन्दी प्रवक्ता नीटू कुमार ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक, छात्र और शिक्षक तीनों की समान भूमिका होती है। यदि इन तीनों के मध्य समन्वय स्थापित कर सामूहिक रूप से कार्ययोजना बनाई जाए, तो छात्रों में सकारात्मक और अपेक्षित बदलाव आसानी से दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की दिनचर्या, वेशभूषा, खानपान और स्वाध्याय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे वे तनावमुक्त



होकर अध्ययन कर सकें। कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों ने भी आचार्यों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं और प्रबन्ध समिति के योगदान पर विस्तृत चर्चा की। सुमित कुमार ने कहा कि इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, गृहकार्य सहित बुनियादी पहलुओं पर विचार-विमर्श करना और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के भविष्य को और सुदृढ़ बनाना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद शर्मा, उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, अंकुर कुमार, ब्रजपाल सिंह, ललित कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, संजू कुमार, मधुबन, परितोष, सुखदेव आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय की आंतरिक परीक्षा का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शहर के वीवी पीजी कालेज में महाविद्यालय की आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे बीए व एमए के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सतत एवं समग्र मूल्यांकन के तहत यह आंतरिक परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा के दौरान अलग-अलग विषयों के प्रश्नपत्र विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर उपलब्ध कराए गए। महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में बनाए गए केंद्रों पर छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर



कुमार ने बताया कि आंतरिक परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित अध्ययन क्षमता, विषय-समझ और शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना है। परीक्षा संचालक प्रोफेसर भूपेन्द्र कुमार व प्रोफेसर प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अब आंतरिक मूल्यांकन का महत्व और बढ़ गया है, जिससे विद्यार्थियों को पूरे सत्र में निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षकों की निगरानी में परीक्षाएं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुईं। परीक्षा को लेकर कडे प्रबंध किए गए थे।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रधानाचार्यो की प्रांतीय समीक्षा बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में दो दिवसीय शिशु शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रधानाचार्यों की प्रांतीय समीक्षा बैठक का समापन हुआ। सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिरों के प्रधानाचार्य समीक्षा बैठक का शुभारंभ विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, शिशु शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मंत्री प्रदीप भारद्वाज, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख शिवकुमार शर्मा ने किया। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि हमें अपने विद्यालय में पंचपदी शिक्षा का विस्तार करना चाहिए। जिससे शिशुओं को नवाचार युक्त शिक्षा मिल सके। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आचार्य को कठिन परिश्रम करके तथा प्रयोग के माध्यम से शिक्षा में रोचकता लाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयोग करने का आह्वान किया है। प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि शिशु वाटिका में नए प्रयोग द्वारा



छात्रों को करके सीखाना इसकी जिम्मेदारी एक अध्यापक की और बढ़ जाती है। वर्तमान समय में शिक्षा में वैज्ञानिक सोच के आधार पर प्रयोग के द्वारा बच्चों को शिक्षित करना एक सफल अध्यापक का कार्य होता है। प्रधानाचार्य संजय सैनी, पल्लवी गुप्ता, प्रवेश शर्मा, सोमदत्त शर्मा, आशीष जैन, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, रवि कुमार, संजीव बालियान, रिचा संगल, सविता गुप्ता, लक्ष्मी गर्ग, रितु रोहिला, स्वाति जैन, मीनाक्षी शर्मा, सारिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कृष्ण त्यागी और मोहित जैन भाकियू किसान सभा के जिलाध्यक्ष बने

### --डूंडाहेडा गांव में बैठक कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**समाज जागरण खेकड़ा ।**

डूंडाहेडा गांव में सोमवार को भाकियू किसान सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बागपत जिलाध्यक्ष और युवा जिला ध्यक्ष को मनोनीत किया गया। नव नियुक्त जिलाध्यक्षों ने संगठन के साथ मिलकर गांव, गरीब, मजदुर ओर मजबूर की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। क्षेत्र के डूंडाहेडा गांव में सोमवार को भाकियू किसान सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने कृष्ण त्यागी को जिलाध्यक्ष ओर मोहित जैन को युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन के लिए मेहनत और लग्न के साथ कार्य करे। ताकि दबे ओर कुचले हुए किसान ओर मजदूर की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया जा सके। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा की देश भर में किसान ओर मजदूर बदहाल है।



उनकी आवाज को पुरजोर तरीके से उठाने वाला कोई नहीं है। लेकिन वह उनकी आवाज उठाने के लिए संघर्ष करने को तैयार है। कहा कि किसानों को ना तो समय से खाद और बीज मिलता है और ना ही उनकी फसलों के दाम मिलते है। वहीं भ्रष्टाचार भी किसानों की कमर तोड़ रहा है। किसान को हर काम रिश्वत देकर कराना पड़ता है। वहीं फसलें नष्ट होने के कारण किसान बर्बाद हो रहे है। हालात ये है कि किसानों की आवाज उठाने को कोई तैयार नहीं है। लेकिन वह संगठन के नेतृत्व में किसानों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने किसान, मजदूर, मजबूर की समस्याओं के समाधान की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण त्यागी, मोहित जैन युवा जिलाध्यक्ष, रोहित त्यागी, सतेंद्र त्यागी निखिल राव, अमरीश त्यागी, हरिओम त्यागी, हमजा, राहिश, प्रमुख गुप्ता, पवन पाल, नाजिम, अदनान, नसीमुद्दीन, सोनू, सचिन त्यागी, शिवकुमार पांचाल, राजेश्वर त्यागी आदि मौजूद रहे।

## स्वर्गीय जगदीश प्रसाद उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित यज्ञ में वक्ताओं ने की आतंकवाद की निन्दा।

-दिल्ली आतंकवादी हमले में मारे गये भारतीय नागरिकों की आत्मशान्ति के लिए हुईं प्रार्थना।

-आतंकवाद व देशद्रोहियों के विरुद्ध वक्ताओं ने की कठोर कानून बनाने की अपील।

**समाज जागरण छपरौली।**

गाँव तिलवाड़ा में स्वर्गीय जगदीश प्रसाद उपाध्याय की 17वीं पुण्यतिथि पर आयोजित यज्ञ में आतंकवादी हमलों में घायल भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य की मंगल-कामनाओं के साथ हमले में मारे गये नागरिकों की आत्मशान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। यज्ञ पर उपस्थित वक्ताओं ने आंतकी हमलों की निन्दा करते हुए देशद्रोही व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार से कठोर कानून बनाने की अपील की गयी। वक्ताओं द्वारा देशभक्त नागरिक के दायित्व को पूरा करते हुए अपने आस-पास रोहियां, बंगलादेशी और



आतंकी गतिविधियों में संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना शासन-प्रसाशन को देने तथा सम्भावित खतरे से लोगों को आगाह करने का संकल्प धारण करने को कहा गया। यज्ञमान के रूप में युवराज सूर्या उपाध्याय एवं ब्रह्मा के रूप में अनंगपाल आर्य ने स्मृति यज्ञ का दायित्व निर्वाह किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य, डीजीसी बागपत एडवोकेट भूपेन्द्र वशिष्ठ, एडवोकेट रविकुमार, प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार सरोहा, प्रधानाचार्य सुनील कुमार आर्य,प्रधानाचार्य रविकुमार उपाध्याय, प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार, योगी रविकुमार फौजी, मास्टर रणवीर सिंह सरोहा, अरविन्द कुमार उपाध्याय, प्रधानाचार्य विकास कुमार, अमित चौहान, डॉक्टर जगत सिंह, डॉक्टर जितेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार खोखर, समाजसेवीआर०आर०डी० उपाध्याय, विनय कुमार आर्य,प्रदीप कुमार उपाध्याय, अंकित कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बिनौली बीआरसी पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण बागपत।**

स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत पॉवर एंजिल सशक्ति करण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु बिनौली बी आर सी पर सुगमकताओं की दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ बिनौली के खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजमोहन द्वारा शारदे माँ के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डा बबीता खोखर



व राजीव तोमर द्वारा वर्तमान में समाज में व्यापत लिंग - भेद, जेण्डर स्टीरियाटाइप आदि विषयों पर चर्चा के गयी। विद्यालय में छात्रों का नामांकन , ठहराव , शिक्षण को गतिविधि से कराना बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओं , पोक्सो एक्ट के अनतर्गत छात्राओं को सेफ व अनसेफ टच बताएं। इस अवसर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जो मुख्य धारा से अपवंचित वर्ग हैं, ड्राप आउट है, उन बच्चों को अभिभावकों का सहयोग ले तथा जन समुदाय का सहयोग लेकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करें तथा 15 प्लस निरक्षर हैं, उनको चिन्हित कर साक्षर बनाने में सहयोग करें।

## पिछड़ा वर्ग युवाओं के लिए निःशुल्क ओ लेवल और सीसीसी प्रशिक्षण शुरू

--बीस नवंबर से एक दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन भर सकेंगे अभ्यर्थी

--इंटर योग्यता और पैंतीस वर्ष आयु सीमा वाले युवक युवतियां होंगे पात्र

**समाज जागरण बागपत।**

जनपद में पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क ओ लेवल तथा सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ होने जा रही है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्याम सुंदर इकनॉरिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण योजना उन पात्र अभ्यर्थियों के लिए है जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये की सीमा के भीतर आती है। यह सुविधा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में समान रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन आवेदन बीस नवंबर दो हजार पच्चीस से एक दिसंबर दो हजार पच्चीस तक आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदक दिए गए विभागीय लिंक पर जाकर सरलता से अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। योजना के अनुसार अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होनी आवश्यक है तथा आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु पैंतीस वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र तहसील द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस कंप्यूटर प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान करना, रोजगार के अवसर बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने पात्र युवक-युवतियों से समय पर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विकास भवन प्रथम तल कक्ष संख्या एफ-शून्य छह स्थित कार्यालय–जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बागपत से संपर्क कर सकते हैं या विभागीय ई-पत्र dbcwobaghpat@gmail.com के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पाकिस्तान की नीयत पर उपमुख्यमंत्री का प्रहार भारतीयों से एकजुट रहने की अपील

उपमुख्यमंत्री बोले देश को कमजोर करने की साजिशें नाकाम होंगी जनता रहे सतर्क

मेहबूबा के बयान पर सुरिंदर का तंज पीडीपी तय करे अपनी दिशा

देशहित सर्वोपरि छोटे विवाद भूलकर बड़े मुद्दों पर एक रहें उपमुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

अमर भारती ब्यूरो बागपत। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी सोमवार को भाजपा नेता हरीश चौधरी के फार्महाउस पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से



बातचीत करते हुए कई राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर बेबाकी से अपने विचार रखे। दिल्ली में हाल ही में हुए धमाकों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा भारत और जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने की नीयत रखता है, लेकिन उसकी हर कोशिश को भारतीय एकजुटता ही नाकाम करती आई है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि छोटे-छोटे विवादों को भुलाकर बड़े मुद्दों पर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दें, ताकि भारत का तिरंगा हमेशा शान से लहराता रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को पहले अपने देश की बिगड़ती आर्थिक और सामाजिक स्थिति सुधारनी चाहिए, फिर वह भारत पर टिप्पणी करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि विश्व मंच पर मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा है। जब पत्रकारों ने उनसे मेहबूबा मुफ्ती के इस बयान पर सवाल किया कि 2019 के बाद केंद्र सरकार ने काफी तबाही मचा रखी है, तो उपमुख्यमंत्री ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि उन्हें नहीं पता मेहबूबा जी वास्तव में क्या कहना चाहती हैं। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि मेहबूबा मुफ्ती पहले यह तय कर लें कि वे बीजेपी के साथ हैं या खिलाफ, क्योंकि हाल ही में हुए बडगाम चुनाव में पीडीपी और बीजेपी साथ मिलकर लड़े थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पीडीपी दुविधा की स्थिति में है, और उसे यह निर्णय लेना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर में उसकी राजनीति किस दिशा में आगे बढ़ेगी। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने कहा कि देशहित किसी दल या व्यक्ति से बड़ा है, और आजाद भारत के नागरिक होने के नाते हम सभी का कर्तव्य है कि शांति, विकास और एकता की राह पर चलें। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता के लिए केंद्र और राज्यों की सरकारें प्रतिबद्ध हैं तथा जनता को भी जागरूक और संगठित रहना होगा।

## बजरंग दल ने दिखाया समर्पण, मृत गोवंश का किया अंतिम संस्कार

**समाज जागरण कांधला।**

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने एक बार फिर गौ-सेवा और मानवता की मिसाल पेश की। नेशनल हाईवे किनारे मृत अवस्था में पड़े एक गोवंश की सूचना पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पूरे विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार किया। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड मंत्री अभय हुड्डा, रवि कश्यप, आशीष सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोवंश के शव को



हटाने के लिए प्रारंभिक तौर पर जेसीबी उपलब्ध न होने के बावजूद कार्यकताओं ने हिम्मत नहीं हारी और स्वयं गड्ढा खुदवाना शुरू कर दिया। बाद में प्रशासन की ओर से जेसीबी उपलब्ध कराए जाने पर गोवंश के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

## पुलिस अलर्ट मोड पर, डॉग स्क्वायड के साथ सघन चेकिंग अभियान

**समाज जागरण**

दिल्ली में लाल किले के निकट हुए भीषण कार विस्फोट की घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। ब्लास्ट में कई लोगों की मौत तथा कई घायल होने के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के तहत सोमवार को कस्बे में पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों, दिल्ली बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया।उप निरीक्षक सुभाष सिंह एवं नरेंद्र वर्मा ने पुलिस बल तथा डॉग



स्क्वायड टीम के साथ संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। जगह-जगह पुलिस को चेकिंग करते और डॉग स्क्वायड टीम को देखकर लोगों में हड़कंप का माहौल बना रहा। पुलिस टीम ने संदिग्ध लोगों की तलाशी के साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग भी की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा तथा सख्त चेतावनी जारी की गई है।

## त्योहारों को देखते हुए जिले में लागू की धारा 144

-बिना अनुमति के नही होंगे सभा और प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**

एडीएम विनित कुमार उपाध्याय ने त्योहारों को देखते हुए जिले में 18 नवंबर से 31 दिसंबर तक जिले में धारा 144 लागू की है। इस दौरान किसी भी प्रकार का जुलूस सभा या प्रदर्शन करने के लिए प्रशासन की अनुमति लेनी होगी। आदेश का पालन न करने वालों पर प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीजे व लाउडस्पीकर बजाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। किसी समूह, संगठन, व्यक्ति द्वारा उत्तेजनात्मक भाषण देने या अन्य व्यक्ति को प्रेरित करने, अपने साथ भाला, बल्लम, बेसबॉल का बैट, हॉकी स्टिक, ईंट, पत्थर या कोई ऐसी वस्तु जिले फेंककर चोट पहुंचाई जा सकती है पर पांबदी रहेगी। यह आदेश लाठी, बैशाखी लेकर चलने वाले वृद्ध, सिक्खों द्वारा परंपरागत रूप से धारित किए जाने वाले कृपाण और ड्यूटी के दौरान सुरक्षा कर्मियों पर पर लागू नहीं होगा।

## पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप, वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोमवार को कस्बा निवासी तनवीर अंसारी ने अपना वीडियो जारी कर बताया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने कस्बे को,पेरिस बनाने का वादा किया था, लेकिन अपने कार्यकाल में सड़कों की दुर्दशा तक सुधरवाना मुमकिन नहीं कर पाए। वायरल वीडियो में आरोप लगाया



गया है कि पालिका अध्यक्ष अपने परिचित ठेकेदारों को ही सड़क निर्माण के ठेके देते हैं और उनसे मोटी रकम की वसूली करते हैं। कई बार सड़क निर्माण कार्य निरस्त कर धनराशि निकालने का भी आरोप लगाया गया है। आरोप यह भी है कि कुछ लोग पालिका में कागजों पर नौकरी करते हैं, जबकि वास्तविक रूप से कार्य नहीं करते और हर माह वेतन प्राप्त करते हैं। तनवीर अंसारी ने दावा किया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम कथित रूप से कमीशन पर कार्य कर रहे हैं तथा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।पीड़ित के अनुसार, उसने कई बार शिकायत की है, लेकिन कर्मचारियों और अध्यक्ष के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में उसने अपना वीडियो वायरल कर नगर पालिका में चल रहे कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की। वायरल वीडियो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।मामले पर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूर्णतः बेबुनियाद और तथ्यहीन हैं।

## कूड़े के ढेर में भीषण आग, धुआं फैलने से मोहल्लेवासी परेशान

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान स्थित बाल शमशान भूमि के निकट डाले गए कूड़े के ढेर में सोमवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते उठे घने धुएं से पूरे मोहल्ले में धुआं फैल गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और घरों में रहना तक मुश्किल हो गया। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासी किरणपाल, राजेश, मुकेश सहित आदि का कहना है कि कूड़ा न उठाए जाने के चलते यहां कूड़े का बड़ा ढेर बना रहता है, जिसके कारण ऐसे हादसे होते हैं।



मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई भी पालिका कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कूड़ा उठाया जाता तो ऐसी स्थिति पैदा न होती। कूड़े के ढेर में लगी आग से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## खाते से करीब 4 लाख रुपए निकालने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**

पुराना कस्बा देशराज मोहल्ला के सुंदरपाल ने बताया कि उसके यूनियन बैंक के खाते से दो बार में धोखाधड़ी कर 3 लाख 93 हजार रुपए निकाल लिए है। जिससे उसे आर्थिक और मानसिक क्षति हुई है।
उसने साइबर क्राइम थाना में तहरीर देकर उसकी निकाली गई धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

## सड़क हादसे में एक महिला वह एक युवक की हुई मौत

**समाज जागरण कांधला।**

नगर एवं क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे के दौरान एक महिला व एक युवक की मौत हो गई शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी बिट्टू विगत गुरुवार को अपनी पत्नी अंजलि के साथ किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। सोमवार को उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया है। दूसरी और गांव मलकपुर निवासी इनाम का 18 वर्षीय पुत्र सोहिल सहारनपुर के कस्बा सरसावा में हाईवे पर डिवाइडर निर्माण कार्य करने के लिए गया हुआ था बस की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## दो बाइकों की भिड़ंत, मां-बेटी सहित बाइक चालक घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार महिला, उसकी मासूम बेटी और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। चिकित्सकों ने बाइक चालक की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि महिला और बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।शामली के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव मालैडी निवासी सीमा ने बताया कि वह अपने पुत्र सावन व 11 वर्षीय बेटी राधिका के साथ रमाला जिला बागपत से रिश्तेदारी से लौट रही थीं। जैसे ही वे भारसी मोड़ के पास पहुँचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक सहित मौके से फरार हो गया।

वहीं राहगीरों ने चीख-पुकार सुनकर तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बाइक चालक सावन की हालत गंभीर बताते हुए

जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि सीमा और राधिका को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस फरार बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

## बंदर और कुत्ते के हमले से दो बच्चे घायल, परिजनों में दहशत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में अलग-अलग हुई दो घटनाओं में बंदर और कुत्ते ने दो मासूम बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अचानक हुए इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कस्बे में आवारा बंदरों और कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।कस्बा एलम निवासी नौ वर्षीय जतिन किराना की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह बच्चे को बचाया।वहीं दूसरी घटना में तीन वर्षीय दीपक अपने घर के आंगन में खेल रहा था, तभी एक बंदर ने उस पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया। दीपक के रोने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत बाहर आए और उसे बचाया।दोनों ही घायल बच्चों को परिजन तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने रेबीज व अन्य आवश्यक इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बंदरों और आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, जिसके चलते बच्चों और बुजुर्गों में खौफ बना हुआ है। लोगों ने नगर पंचायत और वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## कन्नौज: सरदार पटेल की जयंती पर मेडिकल कॉलेज सहित हजारों स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

तिर्वा बीजेपी विधायक के नेतृत्व में निकाली गई दो कि.मी यूनिटी मार्च यात्रा।

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

तिर्वा। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता यात्रा यूनिटी मार्च में युवाओं का जोश उत्साह और उमंग से भरा हुआ नजर आया। करीब दो कि.मी नगर भ्रमण यात्रा में तिरंगा झंडा लिये मेडिकल कॉलेज और नगर के कई विद्यालयों के बच्चे हर किसी आने जाने वाले का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। हजारों की संख्या में शामिल बच्चे एक भारत आत्मनिर्भर भारत स्लोगन को चरितार्थ करते हुए एकता यात्रा यूनिटी मार्च की यात्रा में शामिल होकर आगे बढ़ते चला जा रहे थे।

सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने नगर के भाजपाइयों के सहयोग से यूनिटी मार्च का आयोजन किया था। सोमवार को सुबह 11 बजे तिर्वा मेडिकल कॉलेज से यूनिटी मार्च का भक्ति गीतों की तेज धुनों के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सीपी पाल के निर्देशन पर मेडिकल कॉलेज के लैब अटेंडेंट सच्चिदानंद मिश्रा आदि मेडिकल कॉलेज प्रशासन की देखरेख में कॉलेज के बच्चों से लेकर तिर्वा नगर के डीएन इण्टर कालेज, महाराणा प्रताप कॉलेज, महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर, दीनानाथ कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, सहित नगर के कई विद्यालयों के बच्चों ने




यूनिटी मार्च में अपने अपने हाथों में तिरंगा लेकर प्रतिभाग किया। जोश खरोश से लबालब युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। भारत माता की जय आदि देशभक्ति के नारे लगाते हुए हजारों की संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं का हुजूम हर किसी भी राहगीर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। जगह जगह यूनिटी मार्च का नगर सहित मुख्यमार्ग पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया। जिले की सरकारी मशीनरी के कई अधिकारियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में निकाली गई इस यात्रा में बीजेपी विधायक के शामिल होने के बाद जिले के अन्य भाजपाई भी शामिल होते चले गए। नगर पंचायत तिर्वा चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता अपने कार्यकताओं के साथ यात्रा को व्यवस्थित करने के लिए जुटे हुए नजर आए। दो कि.मी चलकर यूनिटी यात्रा तिर्वा बेला मार्ग पर किसान इंटर कॉलेज में पहुंचकर पूरी हुई। यहां दोपहर सवा एक बजे पहुंची प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने भी आयोजित जनसभा में सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व मंच पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन भी प्रभारी मंत्री और भाजपा नेताओं ने किया। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस सरकार पर देश के महापुरुषों की अवहेलना और उपेक्षा का आरोप लगाते हुए हमलावर नजर आए। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विधायक कैलाश राजपूत, तिर्वा ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, सहित कई मंचासीन नेताओं ने इस दौरान सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला और कार्यकम में मौजूद बच्चों को देशभक्ति के प्रति जागृत किया।

प्रमुख रूप से कार्यक्रम में ऋषि राजपूत, योगेंद्र प्रताप, नरेंद्र राजपूत, ऋषी वर्मा, अनिल वर्मा, आयुष गुप्ता, शिशु पाल सिंह चौहान, आदि कई भाजपाई मौजूद रहे। कार्यकम स्थल स्थित किसान कॉलेज में यात्रा में शामिल बच्चों को आयोजित भंडारे में भोजन भी कराया गया।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर हर रविवार को लगाया जाता है स्वास्थ्य जांच शिविर : पुरुषोत्तम दास बंसल

## श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन एवं पहुँची 64वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

रोहतक 17 नवम्बर। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं

श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में दो जगह पड़ाव होता हैं पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने (जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस के द्वारा चाय नास्ता का प्रबन्ध किया जाता हैं) रास्ते में दुसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं

धाम पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संकीर्तन, स्वास्थ्य जाँच शिविर व कढ़ी चावल भंडारा लगाया जाता हैं आज का कढ़ी चावल भंडारा चमन लाल उप्पल रोहतक वालों द्वारा किया गया निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में आंख



जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं

साथ ही बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे अमन कौशिक द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई

इस अवसर पर मुख्य रूप हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, विनोद गुप्ता,धर्मपाल रोहिल्ला,रमेश गाँधी,बलदेव राज कात्याल,वंश,सैंटी,खुशाल,सुनील,सुजल दुआ,पंडित नरेश कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# सीबीएलयू के पीआरओ ऋषि शर्मा के पिता स्व भूपसिंह वशिष्ठ की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा में पहुंच अनेक प्रबुद्ध लोगों जताया शोक

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी 17 नवंबर। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के जनसंपर्क एवं मीडिया विभाग प्रभारी ऋषि शर्मा के पिता श्री भूपसिंह वशिष्ठ के निधन पर अनेक गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है। जनसंपर्क एवं मीडिया विभाग प्रभारी ऋषि शर्मा के पिता श्री भूपसिंह वशिष्ठ एक प्रबुद्ध सामाजिक चिंतक एवं किसान थे। 89 वर्षीय श्री भूप सिंह का 12 नवंबर को आकस्मिक निधन हुआ। उनकी श्रद्धांजलि सभा में लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के सुपुत्र मोहित चौधरी,गुजरात हायर एजुकेशन विभाग के ओएसडी आरआर उपाध्याय,



मुख्यमंत्री के निजी सचिव हरदीप शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता अंकित दुदानी,हायर एजुकेशन के संयुक्त निदेशक (प्रशासन ) नीरज शर्मा, उप निदेशक दीपक संधू, बी. आर.अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो आरके मित्तल, सीबीएलयू कुलपति प्रो दीप्ति धमार्णी , गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार, आरएसएस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शास्त्री,पूर्व निदेशक प्रो हरिदत कौशिक, पूर्व रजिस्ट्रार एवं भारतीय शिक्षण मंडल हरियाणा प्रांत अध्यक्ष प्रो.जितेन्द्र भारद्वाज, मदन पाल, तकदीर महाराणा, सदस्यता प्रांत प्रमुख डॉ नरेश कनोजिया,डीन एस के कौशिक, डीन प्रो सुरेश मलिक, सहायक कुलसचिव बलजीत शर्मा, वीटा प्लांट मैनेजर सुभाष शर्मा, बीईओ सज्जन सिंह, जिला पार्षद सुमित, प्राचार्य सुखदेव,केंद्रीय विश्वविद्यालय के पीआरओ शैलेन्द्र, डिप्टी मैनेजर रविंद्र शर्मा,रामसिंह शर्मा,सत्यवीर गौड़,संजय वशिष्ठ, संजीव शास्त्री, रूपांश शर्मा,मनफूल शर्मा रावलधीया, सुनील शर्मा बॉक्सर, सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के निजी सचिव पंकज कौशिक,धर्म सेना के संरक्षक रामकिशन हलवासिया, धर्म सेना अध्यक्ष बलवान आर्य, विश्वविद्यालय के सैकड़ों कर्मचारियों, मीडिया एवं शिक्षा जगत सहित विभिन्न संस्थाओं के अनेक गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और स्व श्री भूप सिंह को एक सामाजिक चिंतक बताया।

# हमें आधुनिक व्यवस्था के साथ स्वदेशी अपनाने व डिजिटल से जुड़ना होगा: सुनील सिंघी

**(पराशर ,समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

बठिंडा/पंजाब,17 नवंबर : केंद्र सरकार के व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री सुनील सिंघी ने कहा कि हमें देश में उत्पादन व तैयार वस्तुओं का कारोबार करने करने की बहुत जरूरत है। क्योंकि भारत में बड़ी बड़ी विदेशी कंपनियों ने आनलाइन शापिंग लाकर बाजार में कब्जा कर लिया है। ऐसे हालात में प्रत्येक छोटे बड़े कारोबारी को अब डिजिटल तकनीक से हर हालत से जुड़ना होगा। तभी हम अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ सकते हैं। चेयरमैन सुनील सिंघी बठिंडा के बलवंत गार्गी आडिटोरियम में पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल( रजि )की तरह से आयोजित विशाल राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे व्यापारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के छोटे बड़े व्यापारियों को सुरक्षित सहयोगपूर्ण वातावरण, सुरक्षित उपलब्ध करने के लिए मोदी



सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया है जिसका दास को चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जब से व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित हुआ। उन्होंने लगभग 180 ऐसे व्यापारी मामलों को हल करवाया जिनमें इन मामलों में कैद हो सकती हैं।उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्य सरकारों को भी अपने व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तक 5 राज्यों की सरकारों ने व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित कर लिए हैं जिससे कारोबारियों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि वह हर सोमवार को अपने दिल्ली कार्यालय में दोपहर 3 से 4 बजे तक बैठक करते हैं। बैठक में व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं व सुझाव आदि पर विचार विमर्श किया जाता है। कई समस्याओं को मौके पर ही हल कर दिया जाता हैं।चेयरमैन सुनील सिंघी ने कहा कि व्यापारी देश की आर्थिक रीड है क्योंकि उनके ही टैक्सों से ही सरकारें चलती है और देश का विकास होता है। इस लिए सरकारों का दायित्व बनता है कि वह व्यापारी वर्ग की सुरक्षा, उसके हितों व समस्याओं का समाधान समयबद्ध ढंग से जरुरी होना चाहिए।

*पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमित कपूर ने अपने भाषण में भारत सरकार के व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी के समक्ष पंजाब के व्यापारियों के लिए राहत पैकेज की मांग उठाई और केंद्र सरकार राज्य के छोटे बड़े व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए ठोस कदम बनाए जाने चाहिए। टैक्स विभाग, शिकायत समितियों व प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, व्यापारियों के मुद्दों के समाधान के लिए राज्य स्तरीय व जिला स्तर पर संयुक्त समितियां गठित की जाए की मांग की गई। उन्होंने कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि हर सरकार व्यापारी वर्ग की अनदेखी करती हैं।इस अवसर पर फैडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील पोद्दार कलकत्ता व महासचिव आर.के.गौड नई दिल्ली, प्रेम मिश्रा बनारस, चौधरी कृष्णा आंध्र प्रदेश,पकंज कुमार देहरादून,पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के चीफ पैटर्न अशोक अनेजा, चेयरमैन करतार सिंह जौडा,सीनियर पैटर्न शाम लाल आनंद,महासचिव के.के. माहेश्वरी व राजेंद्र निरंकारी राजपुरा ,चीफ मीडिया एडवाइजर रघुनंदन पराशर जैतो, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शैली जैतो व नरेश जिंदल,लाली अबोहर, जिला बठिंडा के प्रधान जीवन गोयल, महासचिव प्रमोद जैन व दरवजीत मैरी देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, हरियाणा , हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल सहित अन्य राज्यों के व्यापारी पहुंचे।व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन व कैबिनेट मंत्री सुनील सिंघी ने सम्मेलन के अंत में विशाल व्यापारी समूह को देश में स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर बनने की शपथ के साथ अन्य राष्ट्रीय भावना,देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन का दृश्य।

# सिख भावनाओं को देखते हुए एनिमेशन फिल्म 'हिंद दी चादर' रिलीज न की जाए: मन्नन

## कहा; जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब ने फिल्म रिलीज न करने का आदेश दिया है

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 17 नवंबर : श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन पर बनी एनिमेशन फिल्म 'हिंद दी चादर' की रिलीज को लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नान ने फिल्म के निमार्ता और निर्देशक से सिख भावनाओं को देखते हुए इसे रिलीज न करने का अनुरोध किया है। एस. मनन ने कहा कि नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन पर बावेजा मूवी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाई गई इस फिल्म में सिख सिद्धांत, इतिहास और फिल्म निर्माण की दृष्टि से कई कमियां हैं, जिसके मद्देनजर श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार के आदेश पर सचिवालय श्री अकाल तख्त साहिब ने इस फिल्म को 21 नवंबर 2025 को रिलीज न करने के लिए एक पत्र



भेजा है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों की रोशनी में फिल्म को रिलीज करने का फैसला वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को देखने के बाद फिल्म घोख समिति ने श्री अकाल तख्त साहिब को एक रिपोर्ट भेजी थी, जिस पर सचिवालय श्री अकाल तख्त साहिब ने प्रतिबंध के संबंध में एक पत्र भेजा है।कुलवंत सिंह मनन ने कहा कि कल्पना या एनीमेशन के माध्यम से किसी भी तरह से गुरुओं को चित्रित करना निषिद्ध है और ऐसा करना सिख सिद्धांतों और श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा जारी आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जब गुरु साहिबानों और उनके परिवारों से जुड़े किरदार निभाने पर पाबंदी है, तो ऐसी फि ल्में बनाने से पहले हिचकिचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये फि ल्में सिख भावनाओं को ठेस पहुँचाने के साथ-साथ विवाद भी पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि जब सिख समुदाय श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस का जश्न मना रहा है, तो सिख सिद्धांतों के विरुद्ध जाकर गुरु साहिबान से जुड़ी कोई एनिमेशन फि ल्म रिलीज करना किसी भी तरह से जायज नहीं है।

# असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन, अगला पड़ाव रायकोट से गुरुद्वारा बाबा अजयपाल सिंह जी नाभा के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 17 नवंबर : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा असम के गुरुद्वारा धोबडी साहिब से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा तहलियाणा साहिब रायकोट से गुरुद्वारा बाबा अजयपाल सिंह जी नाभा के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर, गुरुद्वारा तहलियाना साहिब रायकोट में आयोजित धार्मिक दीवान में रागी जत्था ने गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी गुरमिंदर सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के इतिहास को संगत के साथ साझा किया। नगर कीर्तन की रवानगी के अवसर पर पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप को सुशोभित करने की सेवा सिंह साहिब ज्ञानी गुरमिंदर सिंह



ने निभाई। रवानगी के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। रास्ते में विभिन्न पड़ावों और स्थानों पर संगत ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने सलामी देकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी हजारी भरकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के जूनियर उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कल्याण, सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, स. जगजीत सिंह तलवंडी, स. हरपाल सिंह जल्ला, बाबा गुरजीत सिंह कार सेवा वाले, बाबा सरबजोत सिंह डांगो, हलका प्रभारी बलविंदर सिंह, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) चंद सिंह, उप सचिव मनजीत सिंह तलवंडी, प्रभारी हरजिंदर सिंह, श्री दरबार साहिब के अतिरिक्त प्रबंधक इकबाल सिंह मुखी, पर्यवेक्षक स. लाल सिंह, सुखराज सिंह और गुरमीत शामिल थे। सिंह, सब इंस्पेक्टर रणजीत सिंह, शरणजीत सिंह व मलकीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन अगले पड़ाव के लिए रवाना।

# शहीद हवलदार अमृतपाल सिंह सरकारी हाई स्मार्ट स्कूल ढैपई में एथलेटिक्स मीट का आयोजन

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 17 नवंबर :शहीद हवलदार अमृतपाल सिंह सरकारी हाई स्मार्ट स्कूल ढैपई जिला फरीदकोट में बाल दिवस के अवसर पर वार्षिक एथलेटिक्स मीट बहुत ही शानदार ढंग से संपन्न हुई। इसमें छात्रों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, गोला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, बैक रेस, बोरी दौड़, चम्मच



दौड़ आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि गाँव धापेई के सरपंच रणधीर सिंह चहल, सभी पंचायत सदस्यों, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच लखविंदर सिंह चहल, प्रधानाध्यापिका अमनदीप कौर और समस्त स्टाफ द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी छात्रों को जलपान भी दिया गया। सरपंच रणधीर सिंह ने पूरे स्टाफ की प्रशंसा की और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल अमनदीप कौर ने एथलेटिक मीट को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों और पूरे स्टाफ का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अध्यापक परमजीत सिंह, जसजीत सिंह, प्रमोद धीर, जगसीर सिंह, अमनदीप सिंह, परमजीत सिंह, मैडम करमदीप कौर, शिखा गोयल, श्वेता, नीरू गोयल, दलजीत कौर, पूजा, जगरूप सिंह भुल्लर, सेवादार काला सिंह आदि ने एथलेटिक मीट को सफल बनाने में भरपूर योगदान दिया।विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि सरपंच रणधीर सिंह चहल, मुख्याध्यापिका मैडम अमनदीप कौर, समस्त स्टाफ व अन्य हस्तियां।

# प्रधानमंत्री मोदी ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की

**(पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख दैनिक समाज जागरण)**

जैतो,17 नवंबर।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं को टूनामेंट में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और कुल 10 पदक जीतने के लिए बधाई दी।भारत ने छह स्वर्ण पदक जीते, जिनमें पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में एक ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है - जो 18 वर्षों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक है।एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा, "हमारी तीरंदाजी टीम को एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई। उन्होंने 6 स्वर्ण सहित 10 पदक जीते हैं। इनमें से उल्लेखनीय है 18 साल बाद पुरुषों का रिकर्व स्वर्ण पदक जीतना। साथ ही, व्यक्तिगत स्पधाओं में भी शानदार प्रदर्शन और कंपाउंड स्पर्धा में भी सफलतापूर्वक खिताब का बचाव। यह वास्तव में एक बहुत ही खास उपलब्धि है, जो कई उभरते



एथलीटों को प्रेरित करेगी।"इस स्वर्ण पदक दौड़ में दीपशिखा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और पृथिका प्रदीप द्वारा जीती गई महिला टीम स्पर्धा भी शामिल थी। पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में, राहुल को फाइनल में हमवतन धीरज बोम्मादेवरा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।संगीता ने दीपिका कुमारी के खिलाफ शूट-ऑफ में जीत के बाद महिला व्यक्तिगत रिकर्व में कांस्य पदक जीता। यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की पुरुष रिकर्व टीम ने भी दक्षिण कोरिया पर शूट-ऑफ में जीत के बाद स्वर्ण पदक हासिल किया।अंकिता भकत ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व में एक और स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिला व्यक्तिगत और टीम कंपाउंड दोनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतकर दो बार पोडियम पर वापसी की।पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में धीरज बोम्मादेवरा की ऐतिहासिक जीत ने भारत के शानदार अभियान को सुनिश्चित कर दिया। उन्होंने फाइनल में राहुल को 6-2 से हराया, दूसरे सेट के बाद बढ़त बना ली और अंतिम सेट में 28-26 के स्कोर के साथ मुकाबला समाप्त किया।भारत का 10 पदकों का आंकड़ा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के इतिहास में उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

# श्रीभूमि जिला में साढ़े पाँच करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

## विधायक विजय मालाकार बोले–प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में असम के हर कोने में बह रही विकास की लहर

**श्रीभूमि संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

रामकृष्णनगर। नवगठित रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के चेरागी-रणपुर ग्राम पंचायत और विरजापुर-छुटोबालिया क्षेत्रों में सोमवार को कुल 5 करोड़ 50 लाख रुपये की पाँच सामूहिक निर्माण परियोजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया गया। लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने एक ही दिन में इन महत्वपूर्ण योजनाओं की पट्टिकाओं का अनावरण कर कार्यों की शुरूआत की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में राज्य के हर कोने में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, पेयजल सुविधा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित परियोजनाएँ तेजी से पूरी की जा रही हैं।

विधायक मालाकार ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने केवल वादों की राजनीति की। आधारशिलाएँ रखीं, घोषणाएँ कीं, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड निवेश के साथ हर क्षेत्र में विकास को गति दी है।

**एक दिन में पाँच बड़ी परियोजनाओं की आधारशिला**

सोमवार को निम्नलिखित निर्माण



कार्यों की नींव रखी गई–

चेरागी बाजार हरगौरी मंदिर परिसर में कम्युनिटी हॉल (UNTIED 2024-25 परियोजना)

विरजापुर के मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र

रणपुर जीपी के बड़े बालिया में 2.80 करोड़ रुपये की नई पुल परियोजना

चेरागीनगर का मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र

छुटोबालिया में 2.20 करोड़ रुपये की नई पुल परियोजना

विधायक ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इसलिए वे क्षेत्र के हर कोने में पहुँचकर विकास कार्यों की प्रगति सुनिश्चित कर रहे हैं।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित**

शिलान्यास कार्यक्रम में जिले के उपाध्यक्ष विश्वतोष सेन, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष संजय गोस्वामी, जिला परिषद सदस्य पंकज राय शर्मा, दुल्लभछड़ा मंडल अध्यक्ष चंदन भर, हेनॉय नाथ, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सुभ्रत दास, बानिब्रत चक्रवर्ती, निर्माण चक्रवर्ती, पंडित जयप्रकाश तिवारी, प्रधान शिक्षक बानिकांत नमःशूद्र, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।

स्थानीय लोगों ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में आवागमन, शिक्षा और सामुदायिक सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार होगा।

# मेयर व कमिश्नर ने स्वीकार किया शक्ति चेतना उत्सव का निमंत्रण

**समाज जागरण**

चंडीगढ़, 17 नवंबर। सिद्धगुरुवरह्ल श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दिव्य सान्निध्य में सात दिसंबर को चंडीगढ़ में ह्यशक्ति चेतना उत्सवह्ल का आयोजन चंडीगढ़ क्लब, सेक्टर-1 स्थित कमांडो लॉन में किया जाएगा। इस पावन अवसर पर ह्यसिद्धगुरुवरह्ल श्रद्धालुओं को अपने साधना-स्रोत से उत्पन्न दिव्य अमृत तत्व का अनुभव कराएंगे और मानवता, संयम, सेवा व आत्मदर्शन के पथ पर चलने का संदेश देंगे।

इस सिलसिले में विश्वधर्म चेतना मंच, तिरुपति के राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र जैन, चंडीगढ़ केंद्र के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, गुरुभक्त अतुल कपूर एवं अन्य गुरुभक्तों ने म्युनिसिपल कार्पोरेशन, चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला तथा आईएएस श्री अमित कुमार, कमिश्नर से मुलाकात की और उन्हें उत्सव में पधारने का निमंत्रण दिया। मेयर हरप्रीत कौर बबला और कमिश्नर अमित कुमार ने यह निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया।

उल्लेखनीय है कि वेद-वेदांग, शास्त्र, उपनिषद्, ज्योतिष, आगम-निगम, पुरातन गूढ़ योगविद्याओं के ज्ञाता गुरुदेव जी को 12 वर्ष की आयु में चारों वेद, पुराण, रामायण, गीता, उपनिषदों एवं संसार के समस्त 72 धर्मों के धर्मग्रंथों का का वृहद् ज्ञान हो चुका था।

शिक्षा सेवा और साधना; सबसे बड़ा धर्म--जीव मानव सेवा व सबका कल्याण; सबसे बड़ी पूजा संयमित जीवन, सब जीवों पर दया; अंतर में अहिंसा, जीवन में आत्मदर्शन, प्रदर्शन नहीं; धर्म जाग्रत हो, सुषुप्त नहीं; जीवन में भागो मत, जागो और तब तक चलते रहो जब तक मंजिल न मिल जाये; स्वयं ऊपर उठो एवं औरों के जीवन को उठाने में प्रेरक एवं सहयोगी बनो-- इन अमृत सूत्रों को अपनाकर, जीवन को सफल एवं धन्य बनाने का उपदेश देने वाले, विश्ववंद्य सिद्धेश्वर सिद्धगुरु ब्रह्मर्षि गुवानंद स्वामी जी गुरुदेव सात सर्वधर्म विश्व सम्मेलनों में सातों बार स्वर्ण पदक से विभूषित, सन् 1974 में जर्मन ज्योतिष काउंसिल द्वारा ज्योतिष मर्मज्ञ से सम्मानित एवम् विश्व के विभिन्न देशों में आयोजित अन्य धर्म महासम्मेलनों में 27 बार स्वर्णपदकों से समलंकृत हो चुके हैं।

गुरुदेव उस ह्यविश्वधर्म चेतना मंच' नामक संस्था के संस्थापक हैं, जो निरंतर राष्ट्र उन्नयन, मानव सेवा एवं विश्व कल्याण कार्यों में जुटी हुई है। श्रद्धेय सिद्धगुरुवर अहर्निश मानव कल्याण कार्यों एवं साधना में रत रहते हैं।

सत्य, प्रेम, दया, करुणा, अहिंसा, शांति, संयम, विनम्रता, सरलता, पवित्रता, सौम्यता, तपश्चर्या एवम् त्याग के मूर्तिमानपुंज गुरु भगवन् विश्व के लगभग 192 देशों की धर्मयात्राएं कर भारतीय सनातन संस्कृति का ध्वज फहरा चुके हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में देश-विदेशसे लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे सुभाष चंद्र

**समाज जागरण**
**अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज 15 नवंबर को हो चुका है 5 दिसंबर तक चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में देश-विदेशसे लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे।

ऐसे में कुरुक्षेत्र धर्मनगरी के प्रवेश द्वारों पर गंदगी और अव्यवस्था एक बड़ा मुद्दा है

इसको लेकर हरियाणा स्वच्छता अभियान के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आज कुरुक्षेत्र में दौरा किया उन्होंने बाकायदा कुरुक्षेत्र नेशनल हाईवे से कुरुक्षेत्र शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों पर निरीक्षण किया और



संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि वह स्वच्छता का ख्याल रखें जल्द से जल्द सफाई सुनिश्चित करें और इसके साथ-साथ अन्य विभागों को भी पेड़ों की कटाई छटाई

ताकि नगर में आने वाले प्रवेश द्वारों पर सुंदरता बनी रहे और पर्यटकों को सकारात्मक अनुभूति हो हरियाणा स्वच्छता अभियान के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा की वह आने वाले दोनों में यह सुनिश्चित करेंगे की कुरुक्षेत्र के प्रदेश द्वारों पर सुंदरता बने। इस मौके पर अवनि गुप्ता , सुनील वर्मा

# उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले से राजस्थान के एक ईंट भट्टे पर जा रही बस में क्षमता से अधिक 50 मजदूर सवार थे

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें बताया गया है कि 50 से अधिक मजदूरों को ले जा रही एक निजी बस में ऊपर से गुजर रहे 11 किलोवाट के बिजली के तार से टकराने के बाद आग लग गई थी। इस घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए थे। यह घटना 29 अक्टूबर 2025 को जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर मनोहरपुर गाँव के पास हुई। मजदूर उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले से राजस्थान के एक ईंट भट्टे पर जा रहे थे।

आयोग ने टिप्पणी की है कि यदि समाचार रिपोर्ट के तथ्य सही हैं, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे को उजागर करती है। इसलिए, आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, राजस्थान को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# प्रबंध समिति का चुनाव हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। श्री युगल बिहारी इण्टर कॉलेज रामेश्वर वाराणसी की प्रबन्ध समिति का चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ। चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी छत्रपति पाण्डेय प्रधानाचार्य श्री बलदेव इण्टर कॉलेज बड़ागांव और पर्वेक्षक डॉ. संजय भारती प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल हसनपुर



की देख रेख में सम्पन्न हुआ। इसमें सभी निर्विरोध रूप से अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, प्रबन्धक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, उप प्रबन्धक विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह एवं नागेन्द्र, संजय, दीपक, अजय, सतीश,तिलकधारी और गुड्डू प्रजापति कार्य कार्यकारणी के सदस्य चुने गयें। प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर अभिवादन किया। इस अवसर पर निर्वाचित प्रबन्धक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने साधारण सभा और कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज को नयी ऊर्जा प्रदान करती है और शिक्षा को नवाचार से नयी ऊर्जा मिलती है। अतः उनका उद्देश्य रहेगा कि विद्यालय को आधुनिक संसाधन से सम्पन्न बनाया जाये। जिससे गरीब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को नवाचार युक्त सस्ती शिक्षा प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर दारा कुमार, अमरेन्द्र कुमार, सुभाष राम आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

# एसआईआर जागरुकता के लिए बीडीओ हरहुआ ने घर-घर जाकर किया जागरुक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। एसआईआर जागरूकता के लिए खंड विकास अधिकारी हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने मातहतों संग अजांव गांव में घर- घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया।

जागरूकता के दौरान उन्होंने गांव की मुस्लिम बस्ती,वनवासी बस्ती, मुख्य गांव के लोगों के यहां जाकर मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गांव मे घर- घर जा रहे बीएलओ का आप सभी सहयोग करें। इलेक्शन कमीशन द्वारा जारी नं0 अवश्य दर्ज करें। उसके लिए पहचान पत्र आधार कार्ड जरूर दिखायें।उनके साथ

एडीओ आईएसबी रविप्रकाश सिंह, सचिव संजय सोनकर ,सचिव गणेश पटेल प्रधान रविन्द्र यादव, सूर्यप्रकाश मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे।

# धान के थ्रेसरिंग के दौरान शार्ट सर्किट से लगी आग

## ढ़ाई बीघे पुआल के साथ 15 कुंतल धान जलकर हुई राख

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदऊर गांव के गोविंदिया मजरे में रविवार शाम धान की थ्रेसरिंग के दौरान शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे पुआल सहित धान में आग लग गयी जिससे सब कुछ जल गया वहीं बगल में बंधी भैंसों की आग की लपटों से झुलस गई। ग्रामीणों की मदद से समर सेबल चला कर आग बुझाया गया । थाना क्षेत्र के बेदऊर गांव के गोविंदिया मजरा निवासी रविंद्र कुमार व अनिल दोनों सगे भाइयों की खलिहान में रखी धान की थ्रेसरिंग हो रही थी। उसी दौरान शार्ट सर्किट से आग लग गई देखते ही देखते आग विकराल रूप पकड़ लिया जिससे 15 कुंटल धान व ढाई बीघे का पुआल जल गया। खलिहान के बगल में खूटें पर बंधी तीन भैंस झुलस गई। ग्रामीणों ने जनरेटर चलाकर समरसेबल से आग को बुझाया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल को आगजनी की सूचना दे कर क्षतिपूर्ति की मांग की है।

# पिकअप के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव स्थित ओवरब्रिज के पास सोमवार दोपहर बारह बजे के करीब सर्विस लेन से तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी 50 वर्षीय फूलचंद दुबे बाइक से ड्रमंडगंज बाजार जा रहे थे। जैसे ही मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के देवहट गांव स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तो मीरजापुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।पिकअप की टक्कर से बाइक चालक फूलचंद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसआई शिवाकांत पांडेय व एसआइ रामविशाल हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा घायल बाइक चालक को उपचार हेतु नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक के सिर, चेहरे तथा दाहिने पैर में आई गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्साधिकारी डा॰ बालकृष्ण मिश्र ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया लेकिन सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजन उपचार हेतु निजी साधन से कोरांव लेकर चले गए।

# सिद्धी कलाँ मे धान खरीद का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण**

वाराणसी। सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर बीपैक्स अरौली की वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार को समिति के सिद्धि कलाँ उपकेन्द्र पर संपन्न हुई।

समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता मे एक नई बीपैक्स सिद्धी



कलाँ के गठन का प्रस्ताव किया गया।

एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने सहकारी समिति के गठन , उसके उद्देश्य और कार्य कलापो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारी समितियाँ किसानो की सच्ची साथी है।अवधेश सिंह ने सदस्यो से जैविक उर्वरको और नैनो उर्वरको के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।

बैठक मे सचिव राहुल सिंह ने उपस्थित सदस्यो को समिति की वित्तीय स्थिति तथा व्यवसाय के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और सदस्यो के सुझावो को रजिस्टर में दर्ज किया।

मौके पर भोला पटेल पुत्र तिरथी निवासी सहजन कला के धान की खरीद करके धान खरीद का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने पूजा की और किसानो मे मिष्ठान का वितरण किया।

बैठक मे समिति के उपाध्यक्ष तेजबहादुर सिंह, उमा देवी, ग्रामप्रधान मार्कण्डेय पटेल, कृष्ण कुमार, सुखलाल , फूलसिँह इत्यादि मौजूद रहे।

# पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज,कार्यवाही शुरू।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।बड़ागाँव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सेवा निवृत्त व्यक्ति से तीन लाख रुपये ठगने और हत्या की धमकी देने के मामले में को गंभीरता से लेते हुये पुलिस आयुक्त ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है जिसके तहत बड़ागांव पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त को शनिवार को दिये गये प्रार्थना पत्र में निहालापुर गांव निवासी बाबाकृष्ण प्रसाद ने आरोप लगाया है कि कुछ माह पूर्व पश्चिमपुर गांव निवासी निवासी हीरामनी देवी और उनके पुत्र रवि कुमार ने उन्हें अपनी भूमि गाटा संख्या 66 मौजा चुरापट्टी अठगावा तहसील पिंडरा का हिस्सा बेचने की बात कही थी जिसके लिये उन्हें कुल तीन लाख रुपये दिया जिसमें एक लाख रुपये का चेक हीरामनी के नाम तथा शेष राशि नकद रवि कुमार को दी गई।

पीड़ित के अनुसार भूमि का बैनामा कराने की बात पर दोनों आरोपी मुकर गये और रुपये वापस करने से इंकार कर दिया और धमकी दी कि यदि पैसे मांगे तो जान से मारकर जमीन में दफना देंगे ।थाना प्रभारी अतुल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना सारंगपुर (चकछेलवा) के पास रेलवे ट्रैक पर लगभग 11 बजे हुई। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है और जांच कर रही है।मृतक की पहचान खरगूपुर गांव निवासी त्रिभुवन पटेल के पुत्र अजय पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अजय रविवार देर रात किसी मोबाइल नंबर पर लंबे समय



मृतक की फाइल फोटो

से बात करने के बाद घटनास्थल की ओर गया था और ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कई घंटों की खोजबीन के बाद परिजनों को रेलवे ट्रैक के पास अजय का शव मिला। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना जंसा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जंसा थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि शुरूआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस फिलहाल मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से रेलवे ट्रैक के आसपास सतर्क रहने की अपील भी की है।

# आपरेशन के दौरान मरीज की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र स्थित संकट मोचन पुरानी गली के पास स्थित डी पल्स हॉस्पिटल में रविवार को ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति की मौत के बाद सोमवार सुबह परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। मृतक का नाम सत्य प्रकाश राम (उम्र लगभग 40 वर्ष) थी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ऑपरेशन से जुड़े डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

मृतक के पुत्र हिमांशु रंजन और मित्र अनुप कुमार ने बताया कि सत्य प्रकाश राम को गॉल ब्लैडर में पथरी की समस्या थी, जिसके ऑपरेशन के लिए परिवारजन रविवार की सुबह अस्पताल पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन का समय दोपहर 3 बजे तय किया गया था, लेकिन डॉक्टरों के समय पर न पहुंचने के कारण ऑपरेशन शाम 7 बजे शुरू किया गया। परिजनों का दावा है कि ऑपरेशन के दौरान मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। आरोप है कि ऑपरेशन थिएटर में स्थिति खराब होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत परिजनों को सही जानकारी नहीं दी। इसके बजाय अस्पताल की एंबुलेंस बुलाकर मृतक को दूसरे निजी अस्पताल चितईपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने कुछ देर बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे नाराज परिजन सोमवार सुबह अस्पताल पहुंच गए और वहां काफी देर तक हंगामा किया।

परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद अस्पताल से जुड़े डॉक्टरों ने फोन उठाना बंद कर दिया और अस्पताल पर ताला बंद कर वहाँ से चले गए। परिजनों ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि ऑपरेशन से जुड़े डॉक्टर डॉ. शशि प्रकाश, डॉ. ध्रुव सिंह भदौरिया और सर्जन डॉ. एस.के. यादव – की लापरवाही की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में अस्पताल के बाहर इकट्ठा हो गए। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में लंका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा प्लस कार्यक्रम: बरही नेवादा में 7 दिवसीय वयस्क साक्षरता प्रशिक्षण संपन्न

**समाज जागरण**

वाराणसी। वयस्क साक्षरता को सशक्त बनाने की दिशा में शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तहत 37 जन शिक्षकों और तीन फील्ड कोऑर्डिनेटरों का प्रशिक्षण बरही नेवादा में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण बड़ागांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरहीकला पंचायत भवन में सात दिनों तक चला। प्रशिक्षण कार्यक्रम शिव नाडर फाउंडेशन के सहयोग तथा जनमित्र न्यास द्वारा संचालित किया गया।

प्रशिक्षण का संचालन शिव नाडर फाउंडेशन के प्रशिक्षक भुवन द्वारा किया गया। जन शिक्षकों और फील्ड कोऑर्डिनेटरों को वयस्क शिक्षा को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के तरीकों तथा उपयुक्त शिक्षण विधियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। यह पहल वयस्क साक्षरता को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य उन वयस्कों को शिक्षा से जोड़ना है जो अब तक औपचारिक शिक्षा के अवसरों से वंचित रह गए थे। यह प्रयास सीधे तौर पर राष्ट्र



निर्माण तथा सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की प्राप्ति की दिशा में एक ठोस कदम है।

वयस्क शिक्षा समाज को सशक्त बनाती है जिससे गरीबी उन्मूलन, समानता और समावेशन जैसे लक्ष्य हासिल करना संभव होता है।शिक्षा प्लस कार्यक्रम को लक्ष्य तक पहुँचाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए जनमित्र न्यास की ट्रस्टी श्रीमती श्रुति नागवंशी द्वारा प्रशिक्षक भुवन को सम्मानित किया गया।

अपने उद्बोधन में कहा कि शिव नाडर फाउंडेशन का शिक्षा प्लस कार्यक्रम उन वयस्कों को साक्षर बनाने की एक महत्त्वपूर्ण पहल है जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की है। इस कार्यक्रम में पढ़ना, लिखना और गणित सिखाने के लिए ऑडियो-विज़ुअल और डिजिटल सामग्री का उपयोग किया जाता है, जिससे प्रतिभागियों में आत्मनिर्भरता का विकास होता है। कार्यक्रम का विस्तार कई अन्य ग्रामों में भी किया जाएगा।

इससे पूर्व जनमित्र न्यास द्वारा कठिराव और बरजी ग्राम पंचायतों में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिसके अंतर्गत 1989 वयस्कों को साक्षर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षक का धन्यवाद रिंकू पाण्डेय द्वारा ज्ञापित किया गया।

# टीएमयू के सीटीएलडी की स्पीचमास्टर में बीए-एलएलबी की समृद्धि शर्मा अव्वल

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से भाषण प्रतियोगिता- स्पीचमास्टर 3.0**

- **बीए-बीएड के छात्र अतिंद्र कुमार झा की रही सेकेंड पॉजिशन**
- **बीएससी-बीएड की छात्रा मान्या शर्मा रहीं तृतीय स्थान पर**
- **स्पीचमास्टर में 315 में से 36 छात्र पहुंचे फाइनल राउंड में**

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से आयोजित भाषण प्रतियोगिता- स्पीचमास्टर 3.0 में कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के बीए-एलएलबी-ऑनर्स की छात्रा समृद्धि शर्मा विजेता रही। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के बीए-बीएड के छात्र अतिंद्र कुमार झा ने द्वितीय और बीएससी-बीएड की छात्रा मान्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह, आईक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ. निशीथ कुमार मिश्रा, वीवो के डीजीएम- एचआर श्री तक्ष कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद आदि ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में स्पीचमास्टर 3.0 का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में 315 छात्रों में से 36 छात्रों ने फाइनल राउंड में जगह बनाते हुए ऑन-द-स्पॉट स्पीच दी। हर प्रतिभागी को मंच पर जाने से मात्र चार मिनट पहले विषय दिया गया, जिससे




उनकी सोचने और त्वरित विचार प्रस्तुत करने की क्षमता का परीक्षण किया गया।

स्पीचमास्टर प्रतियोगिता के जरिए छात्रों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी बात रखने और ग्लोसोफोबिया- पब्लिक स्पीकिंग का डर पर विजय प्राप्त करने का अवसर मिला।सीटीएलडी डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, सार्वजनिक भाषण करना और श्रोताओं को अपनी बात से जोड़ना एक अद्वितीय कौशल है। वीवो के डीजीएम- एचआर श्री तक्ष कुमार ने कहा, इस तरह के क्रियाशील कार्यक्रम युवाओं में संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और प्रस्तुतिकरण दक्षता को एक नई दिशा देते हैं। स्पीच मास्टर जैसे आयोजन न केवल छात्र प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि वास्तविक उद्योग अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें तैयार भी करते हैं। कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, समन्वयक ट्रेनर श्री धीरज कुमार, सह-समन्वयक सुश्री गौरी तकीयर के अलावा सीटीएलडी के सभी ट्रेनर्स और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव की तैयारी में लगे विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विहंगम योग संत समाज का 102वाँ वार्षिकोत्सव तथा 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ 25-26 नवम्बर को स्वर्वेद महामंदिर धाम, उमरहां के पावन परिसर में आयोजित होने जा रहा है।

आज स्वर्वेद महामंदिर धाम परिसर में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान से आए सैकड़ों स्वयंसेवक सेवा-कार्यों में सक्रिय दिखाई दिए।किसी ने यज्ञ-कुण्ड हेतु लकड़ी व्यवस्था, किसी ने यज्ञ-कुण्ड निर्माण एवं सामग्री प्रबंधन, तो किसी ने जल-सेवा और स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

कार्य तीव्र गति से संपन्न हो, इसके लिए सभी ने टीम बनाकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ सेवा कार्यों को संपादित कर रहे।

साथ ही, पश्चिम बंगाल और झारखंड के कारीगरों द्वारा इस महोत्सव में विशेष संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

महोत्सव के लिए बनाया जा रहा प्रवचन-पंडाल अत्याधुनिक जर्मन हैंगर तकनीक से तैयार किया






जा रहा है। यह पंडाल हजारों श्रद्धालुओं की समायोजन क्षमता के साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संरक्षित एवं सुरक्षित होगा।

ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए आगंतुक श्रद्धालुओं के आवास हेतु एढ टेंट लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

सभी भोजनालयों का निर्माण टीना शेड संरचना से किया जा रहा है, ताकि बड़े स्तर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुरक्षित भोजन-व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

इसके साथ ही, जल-व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। अतिरिक्त पाइपलाइन और पानी के टैंकों की स्थापना का कार्य आज दिनभर जारी रहा।

श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में गुनगुने पानी की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि ठंड में किसी को असुविधा न हो।


दिनभर के कार्यों के मध्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने यज्ञ-क्षेत्र, प्रवचन-पंडाल, आवास-व्यवस्था, भोजनालय और अन्य सेवा-बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए और सेवा में लगे स्वयंसेवकों को अपने कर-कमलों से प्रसाद वितरित कर उत्साहवर्धन किया।

# ग्राम प्रधान गहनी के शिकायत पर वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री ने सीडीओ को लिखा पत्र

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खण्ड के गहनी ग्राम पंचायत की प्रधान श्रीमती शशिकला ने जल जीवन मिशन विभाग के ठेकेदार व अधिकारियों की शिथिलता से गाँव मे पेयजल आपूर्ति न होने की लिखित शिकायत वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से सात नवम्बर को किया था।

एक महिला प्रधान द्वारा लिखित शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए 10 नवम्बर को माननीय मंत्री ने सीडीओ को पत्र जारी करते हुए अवगत कराया है कि पीएम के महत्वपूर्ण योजना हर घर नल योजना को तात्कालिक ढंग से गुणवत्तापूर्ण



कार्य कराकर समुचित रूप से निर्वाध जलापूर्ति की जाए। लेकिन ठीकेदार व अधिकारियों की शिथिलता से पूरे गाँव को आज तक लाभान्वित नहीं कराया गया। जल जीवन मिशन विभाग के अपूर्ण कार्य को पूर्ण कराकर नियमानुसार कार्यवाही करें ताकि आम ग्रामीणों को बुनियादी जरूरत पेयजल की आपूर्ति सम्भव हो सके।

प्रधान गहनी श्री मति शशिकला के अनुसार जल जीवन मिशन विभाग सहित अन्य अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति कराने का निवेदन किया था लेकिन अनसुनी कर दी गई।थक हार कर प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय वाराणसी में लिखित रूप से शिकायत कर प्रभारी से निवेदन किया गया तब जाकर सीडीओ वाराणसी को पत्र जारी पेयजल आपूर्ति किये जाने का सम्भव हुआ।

# चोलापुर में कृषि विकास को नई दिशा: एफपीओ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय के बीच तकनीकी स्थानांतरण समझौता

**समाज जागरण अतुल सोनी**
**चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर कल्याण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (जयश्री नर्सरी), बबियांव, चोलापुर और बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा के बीच तकनीकी स्थानांतरण और पौध उत्पादन से संबंधित एक महत्वपूर्ण एमओयू सम्पन्न हुआ। यह समझौता न केवल बागवानी क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ा कदम है, बल्कि किसानों को आधुनिक तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान मिलकर बागवानी की आधुनिक तकनीकों, फल प्रसंस्करण, फल निर्यात और उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों के उत्पादन पर कार्य करेंगे। एफपीओ विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई उन्नत फलदार प्रजातियों के पौधों को उनकी वैज्ञानिक तकनीक से विकसित करेगा और इन पौधों को पुनः विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएगा तथा किसानों तक पहुंचाने का कार्य



भी करेगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधों और आधुनिक ज्ञान का सीधा लाभ मिलेगा इस अवसर पर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एसवीएस राजू डीन उद्यान विज्ञान सत्यव्रत द्विवेदी तथा हेड उद्यान विज्ञान अंगद सिंह उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने इस सहयोग को पूर्वांचल के कृषि और बागवानी क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि यह साझेदारी किसानों की आय बढ़ाने, बागवानी में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौते ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उद्यमिता के लिए नए आयाम खोलते हैं और किसानों को वैश्विक मानकों के अनुरूप खेती करने के लिए प्रेरित करते हैं चोलापुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के लिए यह एमओयू किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि इससे उन्हें न केवल गुणवत्तापूर्ण पौधे मिलेंगे बल्कि आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण और फलों के प्रसंस्करण व विपणन की जानकारी भी प्राप्त होगी, जो भविष्य में उनकी आय और कृषि उत्पादकता को कई गुना बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# कासगंज में महिला जनसुनवाई एवं जागरुकता चौपाल का आयोजन

**समाज जागरण**

कासगंज।रेनू गौड़, सदस्या, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता



में 11:00 बजे प्रातः कासगंज तहसील के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई कार्यकम / जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा।जिलाधिकारी ने आम महिला जनता से अपील की है कि जो महिलाएँ किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न या घरेलू हिंसा की शिकार हैं, वे त्वरित न्याय प्राप्ति और महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु चौपाल में अपनी समस्या का विवरण लेकर उपस्थित हों।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

## कासगंजः दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**समाज जागरण**

कासगंज।सदर कोतवाली क्षेत्र के जियाउद्दीनपुर गांव में दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक नीरज अपने घर के बाहर बैठा



मृतक की फाइल फोटो

था, तभी बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद मृतक की मां ने आरोप लगाया कि यह हत्या उसके ससुराली जनों द्वारा की गई है। पुलिस के अनुसार, हत्या एक मुकदमे को लेकर मृतक की पत्नी के साथ चल रहे विवाद से संबंधित हो सकती है।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है और आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रयास कर रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगी लगाम हाईवे पर अब खत्म होंगे 142 ब्लैक स्पॉट, MPRDC नियुक्त करेगा सलाहकार

**समाज जागरण**

भोपाल। प्रदेश के ग्वालियर, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर, धार, रीवा, शहडोल और छिंदवाड़ा जिलों में पड़ने वाले नेशनल और स्टेट हाईवे पर 142 ब्लैक स्पॉट (संभावित दुर्घटना स्थल) चिह्नित किए गए हैं। इनकी वजह से दुर्घटनाओं की आशंका काफी बढ़ गई है। ऐसे में इन ब्लैक स्पॉट को खत्म करने और स्टेट हाईवे में सुधार की कवायद शुरू की गई है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (MPRDC) के अधिकारियों ने चार पैकेज तैयार कर इन ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए सेफ्टी कंसल्टेंट (संरक्षा सलाहकार) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इन पर 2.84 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**ब्लैक स्पॉट का सर्वे कर विस्तृत DPR होगा तैयार-ः**

MPRDC के चीफ इंजीनियर राकेश जैन के अनुसार ये कंसल्टेंट कंपनियां इन ब्लैक स्पॉट का सर्वे कर विस्तृत DPR तैयार कर MPRDC को सौंपेंगी। इसके बाद सुधार का कार्य कराया जाएगा। प्राथमिक तौर पर भोपाल और नर्मदापुरम में 43 ब्लैक स्पॉट, इंदौर व उज्जैन क्षेत्र में 41, ग्वालियर व सागर क्षेत्र में 21 और जबलपुर क्षेत्र के आसपास 37 ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए हैं। इन्हें समाप्त करने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सूचीबद्ध कंसल्टेंट ही अधिकृत होकर टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। हर ब्लैक स्पाट का मौके पर पहुंचकर सर्वे का कार्य किया जाएगा कि उन्हें समाप्त करने के लिए हाईवे की संरचना में किस बदलाव की जरूरत है। किसी स्थान पर चेतावनी




संकेतक लगाकर काम चल सकता है या फिर कहीं किसी बड़ी संरचना को तैयार किया जाना है। इस आधार पर एमपीआरडीसी द्वारा सुधार कार्य कराए जाएंगे।

***ये ब्लैक स्पाट किए हैं चिह्नित भोपाल क्षेत्र-ः***

भोपाल-जबलपुर हाईवे पर समरधा ब्रिज और 11 मील, भोपाल-देवास हाईवे पर चिरायु अस्पताल के सामने, भोपाल-बैरसिया सिरोंज रोड पर गोलखेड़ी तिराहा, दुर्गा मंदिर तिराहा, शमशाबाद चौराहा को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा भोपाल-विदिशा मार्ग, भोपाल-देवास मार्ग, रायसेन-राहतगढ़, गुना-आरोन मार्ग, बुधनी-इटारसी मार्ग, बैतूल-परतवाड़ा, बैतूल-सारणी, हरदा-खंडवा मार्ग सहित 43 ब्लैक स्पॉट चिह्नित हैं। इनके सर्वे के लिए 86 लाख रुपये की राशि तय की गई है

**जबलपुर, रीवा, शहडोल-ः**

जबलपुर डिवीजन में जबलपुर-पाटन-शाहपुरा मार्ग, तिलवारा-चरगवा-गोटेगांव, सिहोरा-मझगवां मार्ग, जबलपुर-भोपाल हाईवे, जबलपुर-नरसिंहपुर रोड पर कुल 13 स्पॉट हैं। रीवा में मझगवां-चाकघाट, बहरी-हनुमाना, बरगदा-बैढ़न, रीवा-हनुमना मार्ग, ब्योहारी-सीधी रोड पर 13 स्पॉट हैं। वहीं शहडोल में टेटका शहडोल, रीवा-टेटका, बुढ़ार-अमरकंटक पर आठ ब्लैक स्पॉट हैं।

**चीफ इंजीनियर ने क्या कहा?-ः**

MPRDC चीफ इंजीनियर राकेश जैन ने कहा कि प्रदेश के हाईवे पर 142 ब्लैक स्पॉट खत्म करने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। हम फिलहाल सेफ्टी कंसल्टेंट की नियुक्ति करने जा रहे हैं, जो इन स्पॉट का सर्वे कर इन्हें खत्म करने के उपाय सुझाएंगे। इसके लिए चार पैकेज तैयार कर टेंडर प्रक्रिया की जा रही है।

## भाजपा मीडिया प्रभारी अनूपपुर ग्रामीण अखिलेश सिंह की सराहनीय पहल

**समाज जागरण**

नगर परिषद वरगवां-अमलाई की जनता को SIR फॉर्म भरने एवं ईपिक नंबर खोजने में हो रही लगातार परेशानियों को देखते हुए मीडिया प्रभारी अनूपपुर ग्रामीण अखिलेश सिंह ने एक महत्वपूर्ण और जनहितैषी कदम उठाया है। क्षेत्र के नागरिकों को नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और EPIC नंबर प्राप्त करने के लिए अक्सर दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे और कियोस्क एवं कंप्यूटर सेंटरों में लगातार बढ़ती भीड़ से आमजन परेशान हो रहे हैं नागरिकों को सुविधा के लिए शासन ने बी एल ओ नियुक्त किया है लेकिन बहुत से लोग बी एल ओ से मिल नहीं पाते है जिससे फॉर्म भरने और ईपिक नंबर ढूंढने में समस्या आ रही है। आमजन की इसी दिक्कत को समझते हुए अखिलेश सिंह ने स्वयं आगे बढ़कर नगर परिषद क्षेत्र की जनता को बिना किसी झिझक के यह सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। अब नगर परिषद वरगवां-अमलाई के लोग आसानी से SIR फॉर्म भरवा सकेंगे, EPIC नंबर प्राप्त कर सकेंगे और अपने नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। अखिलेश सिंह की यह पहल आमजन के लिए बड़ी राहत का काम करेगी

## प्लांट के अधिकारियों की मिली भगत से चल रहे हैं ओवरलोड राखड़ के वाहन

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

चचाई। अनूपपुर जिले के अमरकंटक ताप विद्युत ग्रह चचाई के अधिकारियों की मिली भगत से राखड़ युक्त ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं किंतु यातायात पुलिस द्वारा ऐसे ओवरलोड वाहनों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। बताया जाता है कि पावर प्लांट से बकही, शारद एवं अन्य स्थानों पर रखड़ जा रहा है और वहां फीलिंग की जाती है लेकिन देखा जा रहा है कि भारी वाहन यातायात नियमों को धता बताते हुए निर्धारित वजन से अधिक वजन राखड़ लोड कर सड़कों पर फर्राटे से दौड़ते हैं जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। सूत्र बताते हैं कि पावर प्लांट के एक चर्चित सिंह नामक अधिकारी जिसे मुख्य अभियंता का संरक्षण भी प्राप्त है, उक्त अधिकारी की मिली भगत से यह कार्य गतिशील है। उक्त अधिकारी पूर्व में कांटा घर भी बना रहा था जिससे उसकी कमाई भी हो सके क्योंकि पावर प्लांट में कांटा घर का अभाव है और जो भी गाड़ियां पावर प्लांट से निकलते हैं वह दूसरे कांटा घर में कांटा होती हैं। विडंबना यह है कि यातायात विभाग के अधिकारी हमेशा ही यातायात जागरूकता अभियान चलाते हैं और चालानी कार्यवाही भी करते हैं वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग से ही ओवरलोड वाहन ऐसे अधिकारियों की मिली भगत से सड़कों पर दौड़ रहे हैं लेकिन देखने सुनने वाला कोई नहीं है। जन चर्चा यह भी है कि मुख्य अभियंता का खास सिपाहसलार इन दोनों एक राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर्मचारी भी है। वैसे भी पावर प्लांट में इन दोनों अनुशासन नहीं रह गया है ऐसी जन चर्चा है कि कुछ दिन पूर्व सर्विसेज विभाग में हाथापाई जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी जिसमें अधिकारी की कर्मचारी से बहस भी हुई थी।

# वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र गौतम बने IFWJ के प्रांतीय अध्यक्ष

**प्रदेशभर के पत्रकारों में उत्साह और हर्ष का माहौल**

**समाज जागरण**

शहडोल। पत्रकार हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले राष्ट्रीय संगठन इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (IFWJ) ने मध्य प्रदेश इकाई के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुरैना जिले के वरिष्ठ और अनुभवी पत्रकार उपेन्द्र गौतम को क्क्ष्ह्वख, मध्य प्रदेश यूनियन का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश के पत्रकार समुदाय के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आई है।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

IFWJ, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव ने श्री गौतम को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए विश्वास जताया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पत्रकार हितों में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री गौतम जैसे अनुभवी और सजग पत्रकार संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे।

**पत्रकार हितों में अग्रणी रहा है IFWJ**

IFWJ लंबे समय से पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और सुविधाओं के लिए संघर्षरत रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भार्गव के नेतृत्व में अनेक पत्रकारों को शासन-प्रशासन से सहयोग और सहायता राशि दिलाने में सफलता मिली है। इसी वजह से IFWJ ने देशभर में अपनी एक विश्वसनीय और सक्रिय पहचान बनाई है।

**उपेन्द्र गौतमः अनुभवी और संघर्षशील पत्रकार**

नव नियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष उपेन्द्र गौतम मुरैना जिले के जाने-माने पत्रकारों में गिने जाते हैं। उन्हें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में लंबा अनुभव है. विभिन्न प्रमुख चैनलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहें है. सामाजिक और पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय भूमिका, मृदुभाषी, सरल स्वभाव और हर पत्रकार साथी के लिए हमेशा उपलब्ध रहने की छवि उनकी कार्यशैली और संघर्षशीलता ने उन्हें पत्रकार समुदाय में एक अलग पहचान दी है।

**प्रदेशभर के पत्रकारों में खुशी की लहर**

श्री गौतम की नियुक्ति के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों के पत्रकारों में उत्साह और प्रसन्नता देखी जा रही है। पत्रकारों का मानना है कि उनके नेतृत्व में IFWJ मध्य प्रदेश एक मजबूत इकाई के रूप में उभरेगा और पत्रकार हितों की लड़ाई और अधिक प्रभावी रूप से लड़ी जाएगी। पत्रकारों का मान-सम्मान मेरी प्राथमिकता– उपेन्द्र गौतम नव नियुक्त अध्यक्ष श्री गौतम ने कहा– मैं हमेशा पत्रकार साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। पत्रकारों का मान और सम्मान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उनकी इस प्रतिबद्धता ने पत्रकार समुदाय में नई उम्मीद और विश्वास का संचार किया है। उपेन्द्र गौतम की प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति मध्य प्रदेश के पत्रकार जगत के लिए एक नई ऊर्जा लेकर आई है। यह निर्णय पत्रकारों की आवाज को और बुलंद करेगा तथा उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। शहडोल संभाग के पत्रकारों में खुशी की लहर

वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र गौतम जी के प्रांतीय अध्यक्ष बने पर शहडोल संभाग के सभी जिलों के पत्रकारों ने उन्हें बधाइयां दी.

## एक भी फार्मर रजिस्ट्री न करने वाले 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों के लाइसेन्स किये गये निरस्त

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने हेतु जनपद में विशेष अभियान का आयोजन करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिक, लेखपाल, पंचायत सहायक एवं जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा संयुक्त रूप से अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जा रही है। जनपद की प्रगति धीमी होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिये गये हैं कि महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों पर तत्काल कार्यवाही की जाये। तद्क्रम में पाया गया कि जनपद के कुल 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा एक भी फार्मर रजिस्ट्री नही बनाया गया है, जिस हेतु उनके लाइसेंस को निरस्त किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी है। जनपद में जिन 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों के लाइसेंस निरस्त किये गये उनमें तहसील लालगंज अन्तर्गत ग्राम औरीपुर नौगीर की सुनीता देवी, ग्राम कटेहती के कृष्ण कुमार धुरिया व ग्राम मादीपुर के लवकुश सिंह, तहसील रानीगंज अन्तर्गत ग्राम कोठियारी के अरूनेश प्रताप यादव व ग्राम पटहटिया कला के उमेश यादव, तहसील कुण्डा अन्तर्गत ग्राम रामदास पट्टी के दिलीप कुमार व मुकुल साहू के नाम सम्मिलित है।

# पदयात्रा और श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से दुर्घटना पीड़ितों को किया गया याद तथा सड़क सुरक्षा का लिया गया संकल्प

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ मे रोड सेफ़्टी नेटवर्क (आर.एस.एन) ने कंज्यूमर वॉयस और कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ व जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के साथ मिलकर विश्व सड़क दुर्घटना पीड़ित स्मरण दिवस 2025 के अवसर पर आज लखनऊ में पदयात्रा और श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया । कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और उत्तर प्रदेश में प्रभावी स्पीड मैनेजमेंट तथा व्यापक राज्य सड़क सुरक्षा कार्ययोजना की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ट्रिब्यूट मीट से हुई, जिसमें मुख्य रूप से सहायक पुलिस आयुक्त श्री विकास कुमार पांडेय ने सड़क सुरक्षा में महिला शक्ति की सहभागिता को अहम बताया उन्होंने कहा वॉकाथन जैसे कार्यक्रम यह याद दिलाते हैं कि गति नियंत्रण कमजोर सड़क उपयोग कताओं की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है नागरिकों, प्राधिकरणों और नीतिनिमार्ताओं के सामूहिक प्रयास से ही रोकी जा सकने वाली मौतों में कमी लाई जा सकती है।दिलेश सिंह थानाध्यक्ष मोहन लालगंज ने भी सड़क सुरक्षा के नियम को पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्पीडिंग हमारे सड़क सुरक्षा परिदृश्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है तथा हमारी प्राथमिकता सभी के लिए सुरक्षित गतिशीलता सुनिश्चित करना है- विशेषकर पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और दोपहिया चालकों के लिए जो सबसे अधिक जोखिम में रहते हैं सुरक्षित गति और जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना जीवन बचाने की कुंजी है। डा अजय पांडेय , उपाध्यक्ष नरेडको, उत्तर प्रदेश ने सड़क सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण विषय बताया कहा कि इनमें जनभागीदारी अति आवश्यक है। श्री सैयद एहतिशाम, रोड सेफ्टी एक्सपर्ट, मारुति सुजुकी ड्राइविंग स्कूल ने सड़क सुरक्षा के नियमो की विस्तार से जानकारी दी, प्रदीप सिंह जी ने सड़क सुरक्षा पर गैर सरकारी संगठनों की भूमिका को





आवश्यक बताया । उपस्थित लोगों ने- रिमेम्बर सपोर्ट एक्ट के संदेश को अपनाते हुए यह संकल्प दोहराया कि सड़क पर लिया गया हर ज़िम्मेदार निर्णय किसी की जान बचा सकता है। सभी प्रतिभागियों ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए मौन रखा तथा सड़क सुरक्षा की शपथ ली। ए कॉल फॉर स्पीड मैनेजमेंट एंड ए रोड सेफ्टी एक्शन प्लान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं-विशेषकर पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और दोपहिया चालकों जैसे कमजोर सड़क उपयोगकताओं की बढ़ती मृत्यु दर पर चिंता व्यक्त की गई इस पद यात्रा ने वैज्ञानिक गति प्रबंधन और सुरक्षित सड़क वातावरण अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रतिभागियों ने शहर के निर्धारित मार्गों पर धीमी गति, सुरक्षित सड़कें और गति कम करें, जीवन बचाएँ जैसे संदेशों वाले प्लेकार्ड लेकर पांडेय काम्प्लेक्स मोहनलाल गंज से पदयात्रा प्रारम्भ होकर मोहनलाल गंज बाजार, तहसील होते हुए थाना मोहनलाल गंज में समाप्त हुई। कार्यक्रम में विशेष कर महिला समूहों ने बड़ी संख्या मेँ प्रतिभाग किया। नागरिकों, छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, युवा समूहों और विभिन्न नागरिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश मजबूत किया कि सड़क सुरक्षा एक साझा ज़िम्मेदारी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) की रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया 2023 रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 44,534 सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज हुई और 23,652 लोगों की मृत्यु हुई यह संख्या देश में सबसे अधिक है ।सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें सिर्फ आंकड़े नहीं हैं- हर एक मौत एक अधूरी कहानी है, कंज्यूमर गिल्ड के अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा- स्पीड मैनेजमेंट को राज्य की व्यापक सड़क सुरक्षा योजनाओं में शामिल करना आवश यक है साक्ष्य- आधारित मॉडल, प्रसंग-विशिष्ट गति सीमा और ठोस रोड सेफ़्ट्री एक्शन प्लान गंभीर दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पदयात्रा का का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को एक सामुदायिक आंदोलन में बदला जाएगा इस अवसर पर यह रेखांकित किया गया कि सुरक्षित गति, सुरक्षित सड़कें और सुरक्षित व्यवहार ही जीवन बचाने की रणनीति का आधार होना चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता ऋषि द्विवेदी, पूर्व सैनिक अजीत यादव, सहित सहयोगी उपस्थित रहे।

## विकास भवन सभागार मे 19 नवम्बर को होगा किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि दिनांक 19 नवम्बर 2025 को किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा। किसान दिवस कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं के निराकरण किया जायेगा।

किसान दिवस कार्यक्रम में कृषक अधिक से अधिक प्रतिभाग करें।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 19 व 20 नवम्बर को

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 19 व 20 नवम्बर निर्धारित है। महिला आयोग की सदस्य दिनांक 19 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। पूर्वान्ह 11.20 बजे माध्यमिक विद्यालय रखहा में आंगनबाड़ी निरीक्षण/गोद भराई एवं अन्न प्रासन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। दोपहर 12.20 बजे बाबा बेलखरनाथधाम सभागार में जनसुनवाई एवं



जागरूकता चौपाल कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 2.30 बजे गांगपाटी बेलखरनाथ में दीपक कुमार के आवास पर औपचारिक भेंट करेंगी। अपरान्ह 4 बजे दिलीपपुर थाना एवं महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करेंगी। दिनांक 20 नवम्बर को महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे मेडिकल कालेज पूरेकेशवराय / प्रशिक्षु छात्रों से संवाद करेंगी। पूर्वान्ह 11.30 बजे श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 1 बजे जिला कारागार को निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 2 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। अपरान्ह 3 बजे औचक निरीक्षण किया जायेगा

# मतदेय स्थलों की सूची को अन्तिम रूप दिये जाने हेतु राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न ?

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के उपरान्त तैयार किये गये प्रस्ताव का आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त मतदेय स्थलों की सूची को अन्तिम रूप दिये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि आयोग के निदेर्शानुसर मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन का कार्य दिनांक 29.10.2025 से 04.11.2025 के मध्य पूर्ण कराने के उपरान्त 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का सम्भाजन के उपरान्त आलेख्य सूची को अन्तिम



रूप दिया जाना है। उन्होने बताया है कि जनपद में सम्भाजन के पहले कुल 2626 मतदेय स्थले थे, सम्भाजन के बाद कुल 266 मतदेय स्थलों की वृद्धि हुई ई, इस प्रकार कुल 2892 मतेदय स्थल हो गये है। इसी प्रकार जनपद में सम्भाजन के पहले कुल 1674 मतदान केन्द्र थे, सम्भाजन के बाद कुल 09 मतदान केन्द्रों की वृद्धि हुई है, इस प्रकार कुल 1683 मतदान केन्द्र हो गये है। अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि सम्भाजन के उपरान्त विधानसभा रामपुरखास में 373 मतदेय स्थल व 217 मतदान केन्द्र, बाबागंज (अ0जा0) में 372 मतदेय स्थल व 224 मतदान केन्द्र, कुण्डा में 419 मतदेय स्थल व 217 मतदान केन्द्र, विश्वनाथगंज में 473 मतदेय स्थल व 288 मतदान केन्द्र, प्रतापगढ़ में 412 मतदेय स्थल व 217 मतदान केन्द्र, पट्टी में 445 मतदेय स्थल व 295 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा रानीगंज में 398 मतदेय स्थल व 225 मतदान केन्द्र हो गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों से कहा कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में कोई सुझाव या प्रस्ताव देना हो तो आज दिनांक 17 नवम्बर तक अवश्य उपलब्ध करा दें नही तो दिनांक 18 नवम्बर को मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियो से कहा कि जो भी मतदेय स्थल बनाये गये है उनका एक बार भ्रमण कर लें जिससे बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी मिल सके और यदि कहीं कोई कमी है तो उसे दुरूस्त करा लें। बैठक में जिलाधिकारी समस्त राजनैतिक दलों से कहा कि जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) चल रहा है, यदि कहीं पर कोई समस्या आ रही है तो सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करायें जिससे उसका निराकरण कराया जा सके। बूथों पर बीएलए की नियुक्ति करके सूची उपलब्ध करा दी जाये, एसआईआर कार्यक्रम में सभी राजनैतिक दल अपना सहयोग अवश्यक करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित राजनैतिक दलों में सांसद प्रतिनिधि बी0एल0 वर्मा, भाजपा के विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, विधायक रामपुरखास के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, विधायक पट्टी प्रतिनिधि आर0के0 भीम, कांग्रेस के डा0 नीरज त्रिपाठी, सपा के अब्दुल कादिर जिलानी व विकास यादव, सीपीएम के लाल बहादुर तिवारी, अपना दल एम के ज्ञानेन्द्र वर्मा, अपना दल एस के परमानन्द मिश्र, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राजकुमार सिंह, बसपा के सादिक अली व अनवर अली उपस्थित रहे।

## कन्नौजः जिले में खोले गए 21 धान क्रय केंद्रः डिप्टी आरएमओ

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद कन्नौज में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान क्रय की अवधि दिनांक 01 नवम्बर से 28 फरबरी तक है। जनपद में धान क्रय हेतु 22 (खाद्य विभाग के 16. पी०सी०एफ० के 5 व भारतीय खाद्य निगम का 01) तहसील कन्नौज में 03, तहसील तिर्वा में 06 एवं तहसील छिबरामऊ में 14 धान क्रय केन्द्र स्थापित कराये गये है। शासन द्वारा धान का समर्थन मूल्य कामन-2309 रू प्रति कु. व धान ग्रेड ए-2389 रु. प्रति कु (अतिरिका रू-20 उत्तराई, छनाई के मद में) निर्धारित किया गया है। जनपद का धान क्रय लक्ष्य 30000.00 मी०टन है। जनपद में धान की उत्पादकता 39.24 कु० प्रति हेक्टेअर है। जनपद में 12 चावल मिले स्थापित है, जिनका भौतिक सत्यापन कराया



जा चुका है तथा 07 मिलों का समस्त 22 केन्द्रों से सम्बद्रीकरण हो चुका है। जनपद में 697 किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है तथा 366 किसानों के पंजीकरण का सत्यापन हो चुका है। जनपद में दिनांक 16.11.25 तक कुल 75 किसानों से 479.12 मी०टन धान क्रय किया जा चुका है। जिनमे से 66 किसानों को 50-106.85 लाख का भुगतान हो चुका है। धान विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में पी०एफ०एफ०एस० के माध्यम से 24 घण्टे में करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी कन्नौज व अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) कन्नौज द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद में धान खरीद की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जाये।

# मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए भारत की तैयारियों को मजबूत करने हेतु बेंगलुरु में सीएसआईआर - इसरो स्पेस सम्मेलन 2025 आयोजित किया गया

भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर राकेश शर्मा (सेवानिवृत्त) और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बी. नायर (इसरो अंतरिक्ष यात्री एवं गगनयात्री) ने कार्यक्रम में अपने महत्वपूर्ण अनुभव और विचार साझा किए

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने संयुक्त रूप से बेंगलुरु में सीएआईआर-सरो स्पेस सम्मेलन 2025 का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए बहुविषयक अनुसंधान, तकनीकी विकास और संस्थागत सहयोग को एकसाथ लाना था। यह कार्यक्रम सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (सीएसआईआर-एनएएल) द्वारा आयोजित किया गया। सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर सचिव डॉ. एन. कलाई सेल्वी ने स्वागत भाषण में सीएसआईआर के वैज्ञानिक एवं तकनीकी योगदानों को रेखांकित किया और कहा कि यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, शोधकताओं, अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के बीच ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण सीख प्रदान करेगा। उन्होंने स्वदेशी नवाचार और सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन की सराहना की। अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) के सचिव एवं इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने रणनीतिक संबोधन में कहा कि गगनयान कार्यक्रम के लिए विभिन्न मंत्रालयों, अनुसंधान संस्थानों,




अकादमिक संस्थाओं और साझेदार संगठनों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएसआईआर और भारत के राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र के योगदान को सराहा और भविष्य के चंद्रमा मिशन, मंगल अन्वेषण और एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित भारत के दीर्घकालिक योजनाओं को भी रेखांकित किया। सीएसआईआर-एनएएल के निदेशक डॉ. अभय ए. पाशिलकर ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए एयरोस्पेस एवं मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए आवश्यक तकनीकों व परीक्षण क्षमताओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ईएसए अंतरिक्ष यात्री (नासा एसटीएस -66, एसटीएस-84, एसटीएस-103) श्री जीन-फ्रैंकोइस क्लेरवॉय का विशेष वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान में वैश्विक सहयोग एवं साझा वैज्ञानिक सीख की आवश्यकता पर बल दिया गया।

अनुभव-साझाकरण सत्रों में इसरो इसरो अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन प्रशांत बी. नायर ने अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण सिमुलेशन, परिचालन तत्परता पर अपने अनुभव साझा किए। भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने 1984 के सोयुज मिशन की यादें साझा करते हुए एनएएल के दीर्घकालिक योगदान को सराहा। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने कहा कि भारत का मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम शांतिपूर्ण अन्वेषण और मानव-केन्द्रित अनुसंधान पर आधारित है। तकनीकी और विषयगत सत्रों में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें मानव अंतरिक्ष उड़ान शरीर विज्ञान पर डॉ. लूसिया रोकारो (ईएसए), सहयोगात्मक अनुसंधान दृष्टिकोण पर डॉ. अकीको ओत्सुका (जाक्सा), और क्रू मिशन के लिए मानव-प्रौद्योगिकी

संपर्क और इंटरफेस डिजाइन पर प्रोफेसर प्रदीप्त बिस्वास (आईआईएससी) शामिल थे।

# 21स्थानों पर 2344 महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत 21 स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर 2344 महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और अधिकारों की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हर महिला समाज की आधारशिला है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। मिशन शक्ति के तहत सिद्धार्थनगर पुलिस ने 21 स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर 2344 महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, अधिकारों, सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही स्वयं के साथ होने वाले अपराध व उनसे बचने के बारे में भी जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि हर महिला समाज की आधारशिला है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना ही सशक्त समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि भय या संकोचवश मौन रहना अपराध को बढ़ावा देता है, अतः निडर होकर न्याय की मांग करना ही वास्तविक सशक्तिकरण है। उन्होंने किशोरियों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशे की प्रवृत्ति, साइबर अपराध व गुड टच-बैड टच के बारे में जागरूक किया।

# एसडीएम ने किया बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। बेसिक स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा का आयोजन राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज परिसर में किया गया है। जिसका शुभारंभ सोमवार को एसडीएम राजेश कुमार ने बीईओ अशोक कुमार सिंह के साथ दीप प्रज्वलन व झंडा रोहण कर किया। इसमें संकुल स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिला है। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत के बाद बच्चों द्वारा मार्च पास्ट सलामी व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। एसडीएम ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करते हैं। बीईओ ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में 50, 100 200 आदि की दौड़, खो खो कबड्डी, लंबी कूद ,ऊंची कूद व अन्य खेलों का आयोजन किया जाना है। आयोजन को सकुशल संपन्न करने के लिए विभाग के स्तर पर अध्यापकों व अनुचरों की ड्यूटी लगाई गई है,क्षेत्रीय विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चों को कोई परेशानी न होने पाएं इसको ध्यान में रखते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया है। इस दौरान राकेश पाण्डेय, दिनेश सिंह, अमित मिश्रा, राम मिलन, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था में युवती ने फांसी लगा की आत्म हत्या

### मृतका के परिजनों ने तीन पर हत्या का लगाया आरोप पुलिस ने प्रेमी को पूंछतांछ के लिए हिरासत में लिया है

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतका के परिजनों ने उसके प्रेमी पत्नी व साले पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के रतनतारा गांव निवासी गया पाल की पुत्री श्वेतादेवी डेढ माह से मलवां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोढईया गांव के पास कॉस्मेस्टिक की दुकान खोली थी। एक सप्ताह पूर्व वह शहर के पक्का तालाब आकर रहने लगी थी और बीती शाम उसने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में आये मृतका के परिजन व अन्य रिश्तेदारों ने बताया कि तुराबअली पुरवा मोहल्ला निवासी वरून उर्फ मोनू उसे पांच दिन पूर्व बहला फुंसलाकर अपने साथ ले आया था। जबकि वह शादीसुदा है और उसकी पत्नी संगीता देवी है। उन्होने बताया कि मोनू उसकी पत्नी संगीता व साला सर्वेश ने मिलकर उसकी हत्या किया है और शव को फांसी पर लटका दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ठ हो पायेगा। हलाकि सूत्रों द्वारा यह भी ज्ञात हो रहा है कि मृतका का वरून के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और उन्होने छुपछुपाकर कोर्ट मैरिज कर लिया था। जबकि परिजनों ने इस बात से इंकार करते हुये बताया कि ऐसा कुछ भी नहीं है।

## सड़क हादसे में अज्ञात चालक की हुयी शिनाख्त

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम देहुली मोड़ के समीप एनएच 2 में तीन दिन पूर्व रोड़ किनारे खड़े डीसीएम में पीछे से आ रहा पिकअप जा घुसा जिसमें 43 वर्षीय अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज कानपुर में चल रहा है। वहीं पुलिस द्वारा सूचना पर रविवार को आये परिजनों ने मृतक की पहचान की है। बताते चले कि तीन दिन पूर्व देहुली मोड़ के पास पिकअप जा टकराया था। जिसमें पिकअप में सवार सुनील उर्फ सुलौ यादव पुत्र जोखन यादव निवासी कोरकाही थाना विधान जिला समस्तीपुर बिहार के रूप में मृतक के परिजनों ने रविवार को आकर की है। उन्होने बताया कि पुलिस द्वारा उनके पास फोन गया था जिस पर उन्होने आकर शव की शिनाख्त की है।

# फांसी लगा महिला ने दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादीपुर किराये के मकान में रह रही 30 वर्षीय महिला ने रविवार की देर शाम फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के पचभिटहा निवासी पंकज सिंह अपने पिता के साथ अलग-अलग प्रान्त में कमाने के लिए चले गये। घर पर सास पत्नी निशा सिंह अपनी 7 वर्षीय पुत्री के साथ रहती थी। कुछ दिन पूर्व वह सास व पुत्री के साथ कल्यानपुर थाने के मुरादीपुर में किराये का मकान लेकर रहती थी। बीती शाम उसने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। यह देख सास व पुत्री के रो-रोकर बुरे हाल थे। आस पास के लोगो ने तत्काल इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

# छत से गिरकर वृद्ध महिला घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छविनाथपुर में सोमवार की सुबह छत से गिरकर 60 वर्षीय नेत्रहीन वृद्ध महिला घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छविनाथपुर गांव निवासी श्यामसुन्दर की नेत्रहीन पत्नी ननकी देवी सोमवार की सुबह छत पर धूम ले रही थी। तभी अचानक छत से नीचे गिर गयी। जिससे वह घायल हो गयी। परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# कन्नौजः महिला आयोग करेगा कल छिबरामऊ में जन सुनवाई

**समाज जागरण**

कन्नौज। जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाए जाने के दृष्टिगत 19 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे तहसील छिबरामऊ सभागार कक्ष में  सदस्य राज्य महिला आयोग पुष्पा पांडेय द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी।

# बिहार चुनाव के नतीजों का यूपी की सियासत पर क्या पड़ सकता है असर!

...... एक नजर राजनीतिक सियासत पर ......

**सुनील कुमार श्रीवास्तव**
**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। बिहार प्रदेश में एनडीए की जीत ने जहां मिशन-2027 के लिए यूपी में भाजपा को नई ऊर्जा दी है, वहीं विपक्षी दलों खासकर सपा और कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती और सबक भी है। दूसरी ओर कभी-कभार उलटा राग अलापने वाले भाजपा के घटक दलों अपना दल,सुभासपा और निषाद पार्टी के लिए एकजुट रहने का सबक भी है। यानी ये नतीजे सबके लिए कुछ न कुछ संदेश लेकर आए हैं। देश में एसआईआर लागू करने के बाद बिहार में भाजपा की जीत, यूपी में नई ऊर्जा लेकर आएगी। यूपी में तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारियों में जुट चुकी भाजपा के लिए कार्यकताओं में बिहार जैसी ऊर्जा भरना चुनौती भी होगा। महत्वपूर्ण यह भी है कि पार्टी संगठन और सरकार बीते एक वर्ष से कार्यकताओं में जोश भरने के लिए निगमों व आयोगों में मनोनयन का निर्णय नहीं ले सकी है। ऐसे में पार्टी संगठन को कार्यकताओं में व्याप्त उदासीनता को दूर करना भी चुनौती है। वहीं, भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ नई कार्यकारिणी बनाना भी पार्टी के लिए बड़ा मुद्दा होगा। कानून-व्यवस्था महिला सशक्तीकरण फिर बनेगा मुद्दा कहना गलत न होगा कि बिहार में जूडीयू और भाजपा का बेहतरीन समन्वय, जंगलराज का विरोध के साथ महिला सशक्तीकरण जीत का बड़ा कारक माना जा रहा है। कुछ इसी तर्ज पर भाजपा यूपी में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर बाबा की छवि, विकसित उप्र के लिए बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ ही महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं को मिशन-2027 के लिए मुद्दा बनाए तो हैरत नहीं। कुछ ऐसे ही मुद्दों के बलबूते मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में वर्ष 2022 में भाजपा ने 37 साल का रिकार्ड तोड़ कर लगातार दोबारा सरकार बनाई थी। सपा के लिए 2024 का प्रदर्शन कायम रखना चुनौती वोट चोरी के आरोपों और पीडीए के नारे के सहारे मिशन-2027 में जुटी सपा के लिए भी बिहार में तमाम कोशिशों के बाद राजद की बड़ी हार चुनौती के रूप में सामने आई है। बिहार में राजद को भाजपा कानून-व्यवस्था, जंगलराज और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर शुरू से ही निशाने पर लेती रही। वहां विपक्षी दलों की तमाम कोशिशों के बावजूद जातीय कार्ड न चलना सपा के लिए मुसीबत का सबब होगा। भले ही यूपी और बिहार की सियासी जमीन भिन्न हो, लेकिन सपा के सामने भी कुछ ऐसे ही मुद्दों से जूझने की चुनौती होगी। यह बड़ा सवाल होगा कि ऐसे में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा सपा को पूर्व सरकार की कानून-व्यवस्था के मुद्दों, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार को लेकर हमलावर रहती है, तो भाजपा के तीरों का सपा किस अंदाज में जवाब देगी? एम-वाई के जातीय समीकरण के साथ ही ओबीसी जातियों या यूं कहें पीडीए का समर्थन जुटाना सपा के लिए बड़ा मुद्दा होगा। माना जाता है कि लोकसभा के चुनावों में दलित वोट भाजपा से छिटक कर सपा की झोली में गया था, ऐसे में जबकि बसपा मुखिया मायावती की यूपी में सक्रियता भी सपा की ह्यपीडीएह्न सियासत के लिए भी दिक्कतें पेश करे तो हैरत नहीं। सहयोगियों अपना दल-सुभासपा के लिए भी सबक है। बिहार नतीजों ने भाजपा के सियासी दलों को सहयोग व समन्वय की सियासी सीख भी दी है। लगातार 20 साल के राज के बाद भी कैसे दो पार्टियां समन्वय रखें, बिहार का चुनाव इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।

भाजपा के सहयोगी दलों के लिए बिहार में जदयू और भाजपा के सहयोगी दलों की तालमेल से सीख लेनी होगी। वक्त-बे-वक्त स्वार्थ सिद्ध करने के लिए अपना राग अलापने वाली सुभासपा के लिए मतदाताओं को एकजुटता का संदेश देना जरूरी होगा। वहीं सरकारी अधिकारियों के खिलाफ बयानबाजी कर विवाद पैदा करने को लेकर चर्चा में रहे अपना दल के लिए भी बिहार की जीत सबक है।

# पत्रकारिता केवल खबर नहीं, जनता की आवाज बनकर सत्ता को आईना दिखाने की जवाबदेही भी- डॉ० संतोष भारतीय

### वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं पूर्व सांसद डॉ. संतोष भारतीय ने 1990 से अब तक की पत्रकारिता का अनुभव साझा किया वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार त्रिपाठी व राजीव तिवारी (बाबा) ने दिए पत्रकारिता के जरूरी आयाम याद दिलाए। वही, राजीव बाबा ने कराया नवयोग दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी और पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना लाल मौर्य को जनपद रत्न (मरणोपरांत) सम्मान, साथ ही शहर के अखबार वितरकों को दिया गया लोक संदेश वाहक प्रहरी सम्मान

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। भारतीय प्रेस दिवस के अवसर पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) द्वारा एक कायक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आधुनिक भारत में मीडिया की भूमिका, उसकी साख, जिम्मेदारी और चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस बैनर तले देश में मीडिया को संवैधानिक रूप से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ दर्ज करने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित पत्रकार एकता की मुख्य रूप से चर्चा हुई।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से चलकर आए वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और पूर्व सांसद डॉ. संतोष भारतीय शामिल हुए। उन्होंने 1990 के दौर से लेकर आज तक की पत्रकारिता और अपने पत्रकारिता से लेकर सांसद बनने तक के



अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का काम नहीं है, यह जनता की आवाज बनकर सत्ता को आईना दिखाने की जवाबदेही भी है। उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव सुनाते हुए युवा पत्रकारों को निष्पक्षता और साहसिक पत्रकारिता की प्रेरणा दी। वहीं लखनऊ से आए उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष एवं लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारिता के गुर और अपने अनुभवों को साझा किया। वरिष्ठ पत्रकार राजीव तिवारी (बाबा) ने लोगों को नवयोग कराते हुए मानसिक शांति और आत्मबल को पत्रकारिता के लिए जरूरी बताया। राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य आशीष तिवारी ने संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया। फतेहपुर के वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर, शिवशरण बंधु, रमेश चंद्र गुप्ता, विवेक मिश्रा, सरोज पाण्डेय, संदीप केशरवानी, शमशाद खान और प्रभाकर पाण्डेय समेत अन्य पत्रकारों एवं समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने भी मीडिया से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संगठन के उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। मंच से दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी और पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना लाल मौर्य को जनपद रत्न सम्मान (मरणोपरांत) दिया गया। जिसके लिए पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ने सामूहिक रूप से दिवंगत पत्रकार के सम्मान का प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया वहीं पूर्व मंत्री स्वर्गीय मुन्ना लाल मौर्य का सम्मान प्रतीक चिन्ह उनकी धर्मपत्नी ऊषा मौर्य (विधायक - हुसैनगंज) ने प्राप्त किया और संगठन का आभार प्रकट किया। इसके अलावा शहर के अखबार वितरकों को लोक संदेश वाहक प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज में चिकित्सा जगत में अच्छा काम करने वाले डॉ डी.एस यादव व समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, फतेहपुर जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, सैय्यद शारिब कमर अजमी, धीर सिंह यादव, अनिल विश्वकर्मा, डॉ जे पी चौहान, प्रदीप कुमार, मेराज अहमद, मोहम्मद अब्बास, महेश चौधरी, संदीप निर्मल, अजय कुमार, अभिमन्यु मौर्या, कृष्ण गोपाल साहू, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इसरार अहमद, पारुल सिंह, गुलाब सिंह यादव, नाजिया परवीन, राकेश साहू सहित जनपद एवं अन्य जनपद के सैकड़ों पत्रकारों ने उपस्थिति दर्ज की।

# प्रतापगढ़ के दिलशाद ने 23 फिट छलांग लगा जीती साइकिल

### खागा के लंबरदार मार्केट में नागेंद्र प्रधान चौथी बार आयोजित कराई थी लंबी कूद प्रतियोगिता

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के खागा नगर के लंबरदार मार्केट में रविवार नागेंद्र प्रधान द्वारा चौथी लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतापगढ़ के दिलशाद ने 23 फीट लंबी छलांग लगाकर साइकिल जीत लिया क्षेत्र के बच्चों के उत्साहवर्धन और खेलकूद में रुचि बढ़ाने के लिए हरदो निवासी नागेंद्र प्रधान द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार खागा कस्बा के लंबरदार मार्केट के पास लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें दूर दराज के जनपदों से प्रतियोगी छात्र भाग लेने आते हैं रविवार चौथी बार आयोजित हुई लंबी कूद प्रतियोगिता का लंबरदार अमर सिंह




यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया जहां आसपास के जनपदों के सैकड़ो बच्चों ने अपनी किस्मत आजमाई अंततः फाइनल राउंड में प्रतापगढ़ के दिलशाद ने 23 फिट 1 इंच की छलांग लगाकर रेंजर साइकिल जीत लिया वहीं 21.9 फिट की छलांग लगाकर किशनपुर कस्बा निवासी अक्षय कुमार रहे तथा 20 फीट की लम्बी छलांग लगाकर प्रतापगढ़ के विकास तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें कमेटी द्वारा आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर शिवनारायण सिंह चौधरी सिंह रावेंद्र प्रताप सिंह शुभम सिंह महेंद्र सिंह अरविंद सिंह गुड्डू लेखपाल सर्वेश यादव अखिलेश सिंह व व्यव स्थापक  अनुज पाल मौजूद रहे

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थाना कल्याणपुर क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। खजुहा से घर लौट रहे बाइक सवार को बच्चूपुर मोड़ के पास पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार पहुर गांव निवासी रंजीत (23) पुत्र भिखारी लाल सोमवार को दोपहर लगभग 2 बजे अपनी बाइक से खजुहा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बच्चूपुर मोड़ के नजदीक पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रंजीत सड़क पर लगभग 50 मीटर तक फिसलते चले गए और गंभीर चोटें आईं। हादसा देखकर राहगीरों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल रंजीत को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें भर्ती कर लिया। अस्पताल पहुंचे रंजीत के भाई शिवम ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# कोचिंग से लौट रहे छात्र को वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थाना ललौली क्षेत्र में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही वह अपने गांव के पास पहुंचा, अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद की।  जानकारी के अनुसार शंकरपुर मजरे जमेनी निवासी अशोक (18) पुत्र मुन्ना लाल शहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। वह मंगलवार को अपनी कोचिंग से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह जमेनी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अशोक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल अशोक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे भर्ती कर लिया। घायल युवक के पिता मुन्ना लाल ने जिला अस्पताल में पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कन्नौजः सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 99 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। विकास खंड हसेरन में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री राम कृपाल चौधरी की उपस्थिति में कुल 99 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें 03 जोड़े मुस्लिम समुदाय से थे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी वर-वधुओं को वैवाहिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ और आशीर्वाद देते हुए कहा कि ह्लमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और सम्मान का प्रतीक है। जिला समाज कल्याण



अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े पर कुल ₹1,00,000/- की धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें से ₹60,000/- कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं। शेष धनराशि में ₹25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधू हेतु वस्त्र, चांदी की पायल-बिछिया, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, कूलकेज, आयरन प्रेस, गद्दे आदि) तथा ₹15,000/- विवाह आयोजन में व्यय किए जाते हैं।

समारोह में जिला विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं वर-वधू के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कन्नौजः जेल में दाखिल होने से पहले बंदी फरार

### होमगार्ड को धक्का देकर भागा, नाबालिग के अपहरण आरोप में पकड़ा गया था

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला जेल में दाखिल करने ले जाया जा रहा एक बंदी सिपाही और होमगार्ड को चकमा देकर फरार हो गया। यह घटना देर रात की है। पुलिस ने रात भर गोपनीय तरीके से बंदी की तलाश की लेकिन उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी। सदर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने ठठिया थाना क्षेत्र के जनखत गांव निवासी मोहित कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। महिला ने मोहित पर अपनी 15 वर्षीय बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया था और 31 अगस्त 2025 को पुलिस को तहरीर दी थी। सदर कोतवाली पुलिस ने मोहित को 16 नवंबर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद मोहित को कोर्ट में पेश किया गया। देर रात करीब 9:30 बजे रिमांड स्वीकृत होने के बाद उसे जिला जेल में दाखिल कराने के लिए भेजा गया। एक सिपाही और एक होमगार्ड उसे बाइक पर बैठाकर जेल




ले जा रहे थे। जेल से कुछ दूरी पर उनकी बाइक पंचर हो गई। होमगार्ड ने बंदी मोहित को पकड़ लिया, जबकि सिपाही पंचर बाइक को पैदल ही खींचकर जेल की ओर ले जाने लगा। रास्ते में मोहित ने होमगार्ड को बातों में उलझा लिया और अपने हाथों में बंधी रस्सी को ढीला कर लिया। जैसे ही वे जेल गेट के पास पहुंचे, मोहित ने होमगार्ड को धक्का दिया और भाग निकला। सिपाही और होमगार्ड ने उसका पीछा किया लेकिन उसे पकड़ नहीं पाए।

घटना की सूचना जेल चौकी पुलिस को दी गई, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती, मोहित काफी दूर निकल चुका था। देर रात की घटना होने के कारण बंदी के भागने के मामले को दबाने का प्रयास किया गया हालांकि, सोमवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों की वजह से बंदी के फरार होने की खबर फैल गई।

**15 दिन पहले भी भागा था एक बंदी**

कन्नौज पुलिस की सुस्ती के कारण 15 दिन पहले भी पुलिस अभिरक्षा से एक बंदी भाग निकला था। 29 अक्टूबर को सरायबहादुर मोहल्ला निवासी अवनीश उर्फ लालू को पुलिस गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशी पर ले जा रही थी, इस बीच पुलिस कर्मियों को चकमा देकर बंदी भाग गया था। अवनीश पर युवती को भगा ले जाने का आरोप था। इस मामले में सिपाही विवेक कुमार और होमगार्ड सतीश चंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# कन्नौजः उर्बरक की ओवर रेटिंग पर लगाम लगती दिखनी चाहिएः रजनी

### चार खरीद केंद्रों पर धान खरीद शून्य होने पर प्रभारी मंत्री ने जताई कड़ी नाराजगी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री/ जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि उर्वरक वितरण पूर्ण पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। कोई भी किसान खाद के लिये इधर-उधर न भटके इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये। ओवर रेटिंग पर विराम लगता हुआ दिखना चाहिए। उन्होनें कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता हैं किन्तु वितरण ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा हैं, वितरण व्यवस्था ठीक की जाएं। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने खाद वितरण पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि खाद वितरण जिलाधिकारी की देख-रेख में पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जा रही हैं। उन्होनें विकास खण्ड हसेरन में नवीन धान क्रय केन्द्र खोले जाने की बात कहीं, जिस पर गंभीरता से विचार-विमर्श करते हुये नवीन धान क्रय केन्द्र खोले जाने का निर्णय लिया गया । मंत्री ने मक्का/बाजरा खरीद की समीक्षा करते हुये कहा कि मक्का, बाजरा खरीद लक्ष्य के सापेक्ष होनी चाहिए। जानकारी दी गई कि मक्का खरीद का समर्थन मूल्य 2400/- रुपए हैं, एवं बाजरा का 2775 तथा धान 2369 प्रति क्विंटल से की जा रही हैं। मक्का खरीद सभी केन्द्रों पर हुई हैं। मक्का खरीद 1500 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 456 मीट्रिक टन खरीद की गयी हैं। उन्होनें कहा कि जनपद कन्नौज में मक्का व धान की फसलें अधिक मात्रा में होती हैं। इसलिये मक्का व धान की खरीद पूर्ण पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। कहा कि किसान भाई बिचौलियों से सावधान रहें। उन्होनें 4 केन्द्रों पर धान खरीद की शून्य प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि किसान भाईयों से समन्वय स्थापित कर धान की खरीद की जाये। धान क्रय केन्द्र पर किसान भाईयों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कहा कि बीज एवं किट का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही किया जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था होनी चाहिए। डॉक्टर मरीजों से मधुर संबंध रखे। कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में दवाईयों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि आरोग्य मेला सरकार की महत्वकांक्षी योजना हैं। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। कहा कि तहसील दिवस में रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले के बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग आरोग्य मेला में पहुंचे और उसका व्यापक लाभ उठा सके।

बैठक में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिला धिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री , पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वेदश गुप्ता, उपनिदेशक कृषि  संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता आदि संबंधित अधिकारी व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खनन हादसे के पीड़ित परिवारों को 20 लाख की सहायता, अवैध खनन के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: मंत्री रविंद्र जायसवाल

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। बिल्ली मारकुण्डी क्षेत्र स्थित कृष्णा माइंस वर्क्स में हुए खनन हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है। अब तक पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि एक और व्यक्ति के फंसे होने की आशंका है। राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष योगेंद्र डिमरी ने घटनास्थल का दौरा किया। वहीं, प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने भी घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों को 20 लाख रुपये की सहायता राशि देने और अवैध खनन के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। योगेंद्र डिमरी ने बताया कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें पिछले 48 घंटों से लगातार बचाव कार्य में जुटी हैं। यह कार्य काफी जोखिम भरा है, लेकिन टीमों का मनोबल ऊंचा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पूरी तरह से पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक बचाव अभियान जारी रहेगा। घटना की सूचना पर प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और उनके निर्देश पर ही वे मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि बरामद शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है और उन्हें परिजनों को सौंपा जा रहा है। मंत्री जायसवाल ने घोषणा की कि श्रम विभाग, खनन विभाग और अन्य संबंधित विभागों की ओर से प्रत्येक पीड़ित परिवार को लगभग 20 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में श्रमिकों के साथ खड़ी है। अवैध खनन के सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि खनन के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन तरह की जांच होगी: खनन की प्रकृति, पुलिस में दर्ज एफआईआर और प्रशासनिक नियमावली का पालन। मंत्री ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

# खदान हादसा: प्रभावशाली लोगों की हिस्सेदारी क्या होगी उजागर ?, 5 मजदूरों की मौत वाली खदान का असली जिम्मेदार कौन

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। ओबरा थाना के बिल्ली-मारकुंडी खदान हादसे ने पूरे जिले के प्रशासनिक ढांचे को हिला कर रख दिया है। पाँच मजदूरों की मौत के बाद अब इस खदान के संचालन को लेकर बड़े-बड़े खुलासे हो रहे हैं। जांच में सामने आया है कि यह खदान सिर्फ कागजों में एक नाम से संचालित थी... लेकिन असल में कई प्रभावशाली लोगों का सिंडिकेट इसे चला रहा था। हादसे ने खनन विभाग और प्रशासन की लापरवाही भी उजागर कर दी है। ओबरा थाना के बिल्ली-मारकुंडी स्थित कृष्णा माइनिंग खदान... जहां तीन दिन पहले चट्टान धंसने से पाँच मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद से ही खदान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का खुलासा शुरू हो गया है। जांच में सामने आया है कि खदान कागजों पर भले ही एक व्यक्ति के नाम थी, लेकिन असल में इसे एक सिंडिकेट के जरिए चलाया जा रहा था। दर्जन भर प्रभावशाली लोग इस खदान में हिस्सेदार थे और अपना पैसा लगाकर बड़े पैमाने पर खनन करवा रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक यह खदान जून 2016 से मई 2026 तक की लीज पर थी और 2016 से लगातार सक्रिय थी। लेकिन नियमों की भारी अनदेखी के साथ यह वर्षों से साझेदारी में संचालित होती रही। कई हिस्सों पर धारा 22 लगाकर प्रतिबंधित भी किया गया... फिर भी मिलीभगत से खनन लगातार जारी रहा। अब हादसे के बाद प्रशासन की नींद खुली है। खदान कैसे चल रही थी, किसके संरक्षण में चल रही थी और किसकी चुप्पी ने मजदूरों की जान ली—यह सब जांच का विषय है। प्रशासन ने तीन विशेष जांच टीमें गठित कर पूरे मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। लगातार रेस्क्यू अभियान की निगरानी कर रहे जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह के मुताबिक बचाव कार्य अब अंतिम चरण में है। 45 घंटे से जारी मलबा हटाने के अभियान में जल्द ही अंतिम शव को भी बाहर निकालने की बात कही जा रही है। वहीं खदान संचालक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। लेकिन इस हादसे ने खनन विभाग और प्रशासन की लापरवाही को भी पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में सैकड़ों खदानें बिना किसी सुरक्षा मानक के संचालित हो रही हैं... और DGMS नियमों का हवाला देकर खदान मालिकों की ही ढाल बन जाती है। लोगों का कहना है कि सोनभद्र में खनन सिंडिकेट का जाल इतना गहरा है कि करोड़ों रुपये का अवैध खनन खुलेआम जारी है। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और अवैध खनन के सिंडिकेट का बड़ा संकेत है।

# पत्थर खदान हादसे में हुआ बड़ा खुलासा, दो लोगों के नाम से लीज पर मिले खदान को चल रहा था सिंडिकेट, अब तक पांच के मौत की हुई पुष्टि

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी स्थित कृष्णा माइनिंग खदान में हुए हादसे के बाद कई बड़े खुलासे हुए हैं। जांच में सामने आया है कि यह खदान कई प्रभावशाली लोगों की साझेदारी में संचालित हो रही थी। खदान का सबसे बड़ा हिस्सा एक घोषित पट्टाधारक के नाम था, लेकिन अन्य लोग भी इसमें हिस्सेदार के रूप में जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि खदान को सिंडिकेट बनाकर चलाया जा रहा था। इसमें दर्जन भर प्रभावशाली लोग शामिल थे। खदान वर्ष 2016 से सक्रिय थी और नियमों की अनदेखी कर साझेदारी में चलाई जा रही थी। हादसे के बाद प्रशासन और खनन विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। जांच दल इस बात पर भी गौर कर रहे हैं कि खदान सुरक्षा नियमावली की अनदेखी के साथ-साथ यह अवैध संचालन इतने वर्षों तक बिना किसी रोक-टोक के कैसे चलता रहा। बिल्ली मारकुंडी खदान हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद माइंस संचालक सहित 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने बताया कि बचाव कार्य अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही आखिरी शव को भी बाहर निकाल लिया जाएगा।

# बाल मजदूरी को लेकर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, एडीओ पंचायत के खिलाफ लगे मुदार्बाद के नारे

## विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत कुड़वा में सफाई के नाम पर बाल मजदूरी कराने का पूर्व में लगा था आरोप, लोगों ने किया था प्रदर्शन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**




सोनभद्र/कोन। विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा अंतर्गत तुमियां6 चौराहे पर सफाई को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा था जहाँ लोगों ने जमकर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग किया था। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार छठ था जहाँ सफाई कर्मी द्वारा नाबालिक बच्चों से कार्य कराया गया था और कूड़े कचरे को नदी में फेक कर पानी को दूषित किया गया जिसे ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त था। जिसके क्रम में नाबालिक बच्चों के पिता नंदकेश्व व लालमन चेरो ने सूबे के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, उप श्रमायुक्त पिपरी को शपथ पत्र देकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया था किन्तु आज तक उक्त दोषी सफाईकर्मी व जिम्मेदार अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होना योगीराज में सबसे बड़ा सवाल खड़ा किया है ? इसी क्रम में सोमवार तड़के ग्राम पंचायत कुड़वा में रामेश्वर चेरो की अगुवाई में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर एडीओ पंचायत कोन व सफाईकर्मी ओमप्रकाश के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाये गये। ग्रामीणों का आरोप है कि एडीओ पंचायत कोन व स्थानीय लोगों के सहयोग से मामले को रफा दफा कराने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है और वहीं संबंधित जाँच अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री को पुनः शिकायती पत्र भेजकर दोषी सफाईकर्मी व एडीओ पंचायत के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है, साथ ही ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि अगर दोषी सफाईकर्मी व एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से रामेश्वर चेरो, लालमणि, रामसेवक, ग्राम पंचायत सदस्या सरिता देवी, प्रमोद, नन्द केश्वर, एड. रामनारायण, रीना कुमारी, कमला, कलावती, चिखुरी देवी आदि लोग शामिल रहे। इस बावत खण्ड विकास अधिकारी कोन डॉक्टर जितेंद्र नाथ द्विवेदी ने कहा कि उक्त प्रकरण में जाँच अधिकारी नामित कर दिये गये हैं आगे की कार्यवाही जाँच आख्या आने के बाद की जायेगी। अब सबकी निगाहें खण्ड विकास अधिकारी पर टिकी है।

# श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने घटनास्थल का किया दौरा, सरकार बिना किसी संकोच के करेगी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि मलबे से अब तक 6 शव निकाले जा चुके हैं। मंत्री राजभर मुख्यमंत्री के निर्देश पर आजमगढ़ से अपना कार्यक्रम छोड़कर यहां पहुंचे थे। मंत्री ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि उनकी प्राथमिकता लापता लोगों का पता लगाना है। उन्होंने जिले भर में प्रशासन द्वारा सूचना प्रसारित करने की बात कही। मंत्री ने आम जनता से अपील की कि यदि किसी परिवार का कोई सदस्य लापता है या खनन क्षेत्र में काम करता था और उसके



बारे में कोई जानकारी है, तो वे प्रशासन के साथ साझा करें। इससे लापता व्यक्तियों की खोज में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मलबे को हटाना प्राथमिकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी लापता व्यक्ति मलबे में न फंसा हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आगे के कदम उठाने के निर्देश देंगे। राजभर ने जानकारी दी कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और एफआईआर भी हुई है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ गेस्ट हाउस में आगे की वार्ता होगी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि यदि श्रमिकों की मौत के पीछे कोई लापरवाही पाई जाती है, तो उत्तर प्रदेश सरकार बिना किसी संकोच के कड़ी कार्रवाई करेगी। मीडिया को रोके जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाओं में प्रशासन अपने तरीके से काम करता है और हमें उनका सहयोग करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई बात छिपाई नहीं जा रही है, लेकिन कभी-कभी गलत संदेश से बचने के लिए प्रशासन सख्ती बरतता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैठक के बाद सभी जानकारी साझा की जाएगी।

# हार्टफुलनेस के गीतोपदेश के माध्यम से बच्चों के चरित्र निर्माण की अनूठी पहल

## 20 नवंबर 2025 तक 6 से 17 वर्ष के स्कूली बच्चे कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज सहित विभिन्न कॉलेजों में विश्व श्लोक प्रतियोगिता 2025 में प्रतिभाग करने के लिए आयु 6 से 17 वर्ष तक के स्कूली छात्रों के चरित्र निर्माण हेतु हार्टफुलनेस ट्रेनर एवं गीतोपदेश के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर गोपाल द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रेरित करने के उद्देश्य से, यह प्रतियोगिता उन्हें भगवत गीता की शाश्वत ज्ञान से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है




जिसमें वे श्लोक को सिखते हैं उनका उच्चारण करते हैं और उनके अर्थ पर चिंतन करते हैं। एक संरक्षित और प्रेरणादायक प्रतियोगिता के माध्यम से गीता की दिव्य ज्ञान से अपनी वाणी को मार्गदर्शित करें की गीतोपदेश ग्लोबल श्लोक उत्सव में सहभागी बने। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को ट्राफियां, प्रमाण पत्र तथा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने बच्चों को श्रीमद्भगवत गीता से कोई श्लोक याद करवा कर एवं उसका अर्थ बताकर एक-तीन मिनट का वीडियो तैयार कर ऑनलाइन अपलोड करना है।

इसके लिए कृपया गूगल पर Global Sloka Competition_ सर्च करके दिए हुए लिंक पर छात्र का आवश्यक विवरण अंकित करते हुए अपलोड कर दें। आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर, 2025 है।

# वृद्धाश्रम पहुंचे अपर जनपद न्यायाधीश, लगाई जागरूकता शिविर

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव राबर्ट्सगंज स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और विधिक जागरूकता शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों को उनके हक व हुकूक की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में कुल 64 वृद्धजनों समेत समस्त स्टाफ उपस्थित पाये गये। न्यायाधीश ने सामुदायिक भाव से वृद्धजनों का हाल जाना और उनके अधिकार के सन्दर्भ में उन्हें बताया कि वयोवृद्धता से संबंधित मैड्रिड अन्तर्राष्ट्रीय कार्य योजना सहित वयोवृद्धता के बारे मे विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है। अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण से संबंधित कानून 2014, इस कानून मे माता-पिता/दादा-दादी को उनके बच्चों से आवश्यकतानुसार गुजारा भत्ता दिलवाने की व्यवस्था है तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों एवं शासन द्वारा वृद्धावस्था पेंशन व चिकित्सा संबंधी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। न्यायाधीश ने मध्यस्थता, स्थाई लोक अदालत और एडीआर की जानकारी देते हुए निस्तारित होने वाली प्रकृति के वादों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ एलडीसी सत्या रमण त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। जानकारी शैलेंद्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने दी।

# बोली प्रक्रिया के अधीन परियोजनाओं के अपडेट एनएचएआई की वेबसाइट पर प्रकाशित करने की पहल

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पारदर्शिता बढ़ाने की प्रतिबद्धता दशार्ते हुए अपनी वेबसाइट पर उन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रकाशित किया है जिनके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। इस विवरण में लगभग 2,269 किलोमीटर लंबी 55 परियोजनाएँ शामिल हैं जिनकी संयुक्त पूंजी लागत 1,19,359 करोड़ रुपये है। बोलीदाताओं और अन्य संबंधित पक्षों के लिए सार्वजनिक मंच पर यह जानकारी सक्रिय रूप से प्रकट करके, एनएचएआई का उद्देश्य अपनी परियोजना आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

इसमें अनुमोदन और मंजूरी से संबंधित विवरणों को सार्वजनिक रूप से प्रकट करना शामिल होगा। यह पहल सभी बोलीदाताओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ाने, प्रक्रियाओं में अधिक स्पष्टता लाने और विवादों एवं मुकदमेबाजी को कम करने में सहायता करेगी। वेबसाइट पर परियोजनाओं के बारे में अद्यतन जानकारी, परियोजना की अवधि, कार्यान्वयन का तरीका (बीओटी/एचएएम/ईपीसी), कुल पूंजीगत लागत, अनुमोदन की स्थिति, भूमि अधिग्रहण की प्रगति, साथ ही परियोजनाओं की पर्यावरण, वन और रेलवे मंजूरी के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है। परियोजना की जानकारी एनएचएआई की वेबसाइट पर हर दो हफ़्ते में अपडेट की जाएगी और अनुमोदन एवं मंजूरी संबंधी विवरण सार्वजनिक रूप से प्रकट किए जाएँगे।

# गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट का पंच दिवसीय नि:शुल्क पूरक चिकित्सा शिविर लगा

## दमन में सप्त दिवसीय २१ कुंडीय शिव शक्ति अर्धनारीश्वर महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का हुआ आयोजन

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट द्वारा दमन में आयोजित सप्तदिवसीय 21 कुंडीय शिवझशक्ति अर्धनारीश्वर महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के पावन अवसर पर ११ से १५ नवम्बर तक पंच दिवसीय निःशुल्क पूरक चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। विश्व की द्वितीय किन्नर कथावाचक परम पूज्य बहन हेमलता सखी जी के दिव्य सानिध्य में चल रहे इस महायज्ञ में जनकल्याण को सर्वोच्च महत्व दिया गया, जिसमें दूर-दूर से आए सैकड़ों श्रद्धालु लाभान्वित हुए।

इस चिकित्सा शिविर की विशेषता यह रही कि योगदर्शनाचार्य स्वामी ध्यानानंद जी तथा गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक, अथर्ववेद धूपन चिकित्सा के अध्यक्ष और विख्यात समाजसेवी रवि प्रकाश चौबे जी ने स्वयं उपस्थित होकर प्राकृतिक आयुर्वेदिक चिकित्सा, योग चिकित्सा एवं फीजियोथेरेपी के माध्यम से सैकड़ों असाध्य रोगियों का उपचार किया। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि रवि प्रकाश चौबे जी लगभग 1800 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके गुप्तकाशी से दमन/दीव पहुँचे और बिना किसी विश्राम के लगातार अनेक रोगियों की सेवा में जुटे रहे। उनकी इस त्यागमयी सेवा भावना से पूरा परिसर भाव-विभोर हो उठा।



आयोजन समिति के अनुसार, शिविर में—पुरानी दर्द एवं नस-जोड़ संबंधी तकलीफें स्नायविक समस्या, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द,श्वसन संबंधी परेशानियाँ तथा अन्य जटिल रोगों का प्राकृतिक व योग आधारित उपचार किया गया। शिवझशक्ति अर्धनारीश्वर महायज्ञ के साथ-साथ परम पूज्य कथा व्यास हेमलता सखी जी द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा भी प्रतिदिन चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं। गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट का यह मानव- कल्याणमयी प्रयास समाज में स्वास्थ्य, सेवा और अध्यात्म की त्रिवेणी को सशक्त रूप से स्थापित कर रहा है। आयोजन स्थल पर भक्तों और स्थानीय लोगों ने चिकित्सा सेवा टीम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चतुर्वेदी, ट्रस्ट के मिडिया प्रभारी सौरभ कान्त पति तिवारी, पार्थ सारथी, अंगद मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# खनन क्षेत्र डाला ओबरा में मजदूरों के जीवन को सुरक्षा मिले- भारतीय अहिंसा सेवा संस्थान

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। भारतीय अहिंसा सेवा संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर यादव छात्र नेता जनसेवक ने यूपी सरकार के मंत्री माननीय रविन्द्र जयसवाल जी को खनन क्षेत्र कि समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि निरन्तर खनन क्षेत्रो में मजदूरों कि दुर्घटना ग्रस्त मौते हो रही है 15 नवम्बर को बड़ा खनन हादसा हो गया। कम उम्र व अप्रशिक्षित मजदूरों द्वारा कार्य कराने से मजदूर अत्यधिक व अनियंत्रित खदानों में कार्य करते हुए अपने जीवन को जीविकोपार्जन हेतु कि आहुति दे दे रहे है।खनन क्षेत्रो में खदानों कि जांच कि जाय तो खनन मानकों में कोई भी सही नही मिलेगी। खनन कार्य करने के तरीके पर कड़ी निगरानी कि आवश्कता है। अनियंत्रित ब्लास्टिंग अनियंत्रित खनन दोनों पर रोक लगे। 1 खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूर प्रशिक्षित हो उनके पास खनन में कार्य करने का प्रमाण पत्र व दो साल का अनुभव हो। 2 खनन मजदूरों की बेवसाइड अपडेट हो प्रशिक्षित मजदूरों कि सूची व किस खदानों में कार्यरत है अपडेट हो। 3 खनन क्षेत्रो में अनियंत्रित ब्लास्टिंग पर अंकुश लगे क्योकि इससे आस पास के रहवासियों के मकानों में दरारें आ गई है।

4 खनन क्षेत्रो में समय समय पर आकस्मिक जांच कि जाय जांच दल कि निगरानी मण्डलायुक्त के द्वारा हो।

5 खनन क्षेत्रो में मजदूरों को कार्यो के जानकारी हेतु समय समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाए खनन संचालको को सख्त निर्देश जारी हो कि वो अपने यहाँ खनन प्रशिक्षित मजदूर रखे।समय समय पर जांच कि जाए। ज्ञापन पत्र सौपते संगठन के यूथ अध्यक्ष आकाश जयसवाल जिला उपाध्यक्ष खुर्शीद आलम अमर नाथ यादव छोटू चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे।

# हौसला बुलंद धारदार हथियारबंद नकाबपोशों लुटेरों ने व्यवसायी के ऊपर प्राणघातक हमला कर किया गंभीर रूप से घायल

## रात के अंधेरे में अण्डर ग्राउंड रेलवे पुल बना अपराधियों का शरणस्थली

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा पुलिस चौकी अन्तर्गत मारकुंडी ग्राम पंचायत स्थित रेलवे अण्डर ग्राउंड पुल अपराधियों की शरणस्थली बनता जा रहा है। रविवार की रात्रि तकरीबन 11बजे वाराणसी-शक्ति नगर मुख्य राजमार्ग स्थित करगरा मोड मारकुंडी दुकान से लौट रहे एक व्यवसायी को लूटने के नियत से हौसला बुलंद धारदार हथियारबंद नकाबपोश अपराधी प्रवृत्ति के लोग बुलेट मोटरसाइकिल सवार व्यवसायी के ऊपर प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिये जाने का समाचार प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी परिजनों को होने पर निजी साधन से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रावर्ट्सगंज भेज दिया। इस सम्बंध में भुक्तभोगी के परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह व्यवसायी फीदा हुसैन उर्फ अंकुर 40 वर्ष पुत्र स्व.माकुल खान निवासी गुरमा कालोनी नित्य दिन की भांति अपने दुकान करगरा मोड़ मारकुंडी जाते थे।रविवार को भी रात में दुकान बंद कर अपने घर वापस गुरमा आ रहे थे।जैसे ही अण्डर ग्राउंड रेलवे पुल क्रास कर रहे थे कि सटे पुल बगल में रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर छिपे अपराधी प्रवृत्ति के 3-4 की संख्या में अज्ञात धारदार हथियारबंद नकाबपोश लुटेरे लूटने के नियत से उक्त व्यवसायी को लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर लहूलुहान करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। संजोग अच्छा था कि धार हथियार का प्रहार माथे पर पड़ा यदि गर्दन पर पड़ी होती तो व्यवसायी की जान भी चली जाती। इस दौरान तभी पीछे से दो बाईक की आते देख तथा लाईट का प्रकाश पड़ते ही सभी अपराधी भाग गये।जिसकी जानकारी परिजनों को होने पर तत्काल गंभीर रूप से घायल व्यवसायी को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। चिकित्सकों के मुताबिक घायल व्यक्ति की स्थिति सामान्य बनी हुई है। परिजनों ने इसकी सूचना गुरमा चौकी पुलिस समेत चोपन थाने को देते हुए अविलंब ही जांच करवाकर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए न्याय दिलवाई जाने की गुहार लगायी है।

# दिव्यांगजनों का वैश्विक मंच पर सशक्तिकरण: 40 से अधिक 'वोकल फॉर लोकल'

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आईआईटीएफ 2025 में स्टॉल्स का अनावरण किया माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2025 में मंत्रालय के मंडप और विभिन्न स्टॉल्स का उद्घाटन किया। इनमें दिव्यांग कारीगरों एवं उद्यमियों के उत्पादों एवं पहलों को प्रदर्शित किया गया है। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा, सचिव श्री अमित यादव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (ऊएढ६ऊ) के समर्थन से इस मेले में 40 से अधिक स्टॉल भाग ले रहे हैं। इन स्टॉलों में दिव्यांग कारीगरों द्वारा विकसित अत्याधुनिक सहायक तकनीकों और पारंपरिक शिल्पों को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही इनमें राष्ट्रीय संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा विभाग के व्यापक सहायता कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने वाली प्रमुख प्रदर्शनियाँ भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों की रचनात्मक क्षमता, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है, जिससे स्थायी आजीविका और सार्थक रोजगार के रास्ते खुलते हैं।

# जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं सिंगल यूज प्लास्टिक फोर्स की बैठक सम्पन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं सिंगल यूज प्लास्टिक फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कम्पोस्ट निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए शीघ्रताशीघ्र पूर्ण किया जाए तथा इसकी प्रगति रिपोर्ट नियमित अंतराल पर उपलब्ध कराई जाए।

रमजान नदी क्षेत्र में नाला आउटलेट की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने हेतु विस्तृत नक्शा (मैप) तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जा सके।

नगर निकाय को निर्देशित किया गया कि जिले में कचरा डंपिंग स्थलों की संख्या, उपलब्ध कुल मजदूरों, स्वीपरों एवं ड्राइवरों की स्थिति तथा कार्य प्रबंधन से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के 5-10 प्रमुख अस्पतालों का स्थलीय निरीक्षण कर बायोमेडिकल अपशिष्ट के संग्रह, निस्तारण एवं सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा की जाए। इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर विशेष रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

पथरी/बालू परिवहन से उत्पन्न होने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परिवहन वाहनों पर ग्रीन कवर (कवरिंग शीट) का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, इस व्यवस्था के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए लाउडस्पीकर एवं अन्य उपयुक्त माध्यमों का उपयोग किए जाने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही, निर्धारित नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों पर जुमार्ना लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी तीन से चार माह के भीतर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को पूर्णतः प्रभावी बनाने हेतु एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन किया जाए, ताकि प्रतिबंध के क्रियान्वयन में गति और सख़्ती सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# दो मासूम बेहतर इलाज के लिए पटना रवाना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



आज भी हमारे समाज में कई ऐसे परिवार हैं जो अपने बच्चों की बीमारी को केवल एक ह्यकमजोरीह्न मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन सच यह है कि कई बच्चे जन्म से ही हृदय रोग से जूझ रहे होते हैं–ऐसी बीमारी जो उनके बचपन को तोड़ देती है, उनकी सांसों को भारी कर देती है और एक सामान्य जीवन जीने से रोकती है। कई माता-पिता आर्थिक तंगी और जानकारी के अभाव में केवल अपनी आँखों के सामने अपने बच्चे को कमजोर होते देखते रहते हैं।लेकिन इसी अंधेरे के बीच एक मजबूत रोशनी बनकर सामने आई है मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह योजना उन परिवारों के लिए वरदान बन चुकी है जो पैसों के अभाव में इलाज के सपने तक नहीं देख पाते थे। अब बच्चे न केवल समय पर चिन्हित किए जा रहे हैं, बल्कि देश के बेहतरीन हृदय संस्थानों में उनका पूरी तरह निःशुल्क उपचार भी सुनिश्चित किया जा रहा है।आज किशनगंज का स्वास्थ्य तंत्र यह साबित कर रहा है कि सरकारी योजनाएँ यदि सही से लागू हों, तो सबसे गरीब बच्चे तक जीवन की सबसे बड़ी जरूरत–स्वास्थ्य–पहुँच सकती है।

आज सदर अस्पताल किशनगंज से नसरीन खातून और पल्लवी कुमारी को जन्मजात हृदय रोग (Congenital Heart Disease – CHD) के उपचार हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के लिए भेजा गया।पटना में दोनों बच्चियों की विस्तृत जांच की जाएगी, जिसके बाद कल उन्हें श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाएगा, जहां उनका सर्जिकल एवं उच्च स्तरीय उपचार होगा। पूरे इलाज, यात्रा, रहने और भोजन सहित हर खर्च सरकार वहन करेगी।

किशनगंज में फ्ह्ररङ टीम गाँव-गाँव, टोला-टोला और स्कूलों में लगातार स्क्रीनिंग कर रही है। यह टीम बच्चों के दिल की धड़कनों, वजन, सांसों की गति, रंग में बदलाव और अन्य लक्षणों के आधार पर रोग की पहचान करती है।

डीपीएम डॉ मुनाजिम ने बताया कि बताया हमारी टीम प्रतिदिन मैदानी क्षेत्रों में जाकर 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की जांच करती है। जन्मजात हृदय रोग का समय पर पता चलना बच्चे की जान बचाने में निर्णायक होता है। इसलिए अभिभावक किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें।उन्होंने जानकारी दी कि अब तक जिले के 31 बच्चों का सफल इलाज मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत कराया जा चुका है। अहमदाबाद के सत्य साईं अस्पताल में 25 बच्चों की सर्जरी और IGIC पटना में 6 बच्चों का डिवाइस क्लोजर हो चुका है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि बाल हृदय योजना ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाया है। आज गंभीर बीमारी भी बच्चों से छूट रही है क्योंकि सरकार संपूर्ण खर्च वहन कर रही है। यह संदेश हर अभिभावक तक पहुँचना चाहिए कि हृदय रोग का इलाज संभव है और बिल्कुल मुफ्त है।उन्होंने आगे कहा कि बच्चे के स्वास्थ्य में थोड़ी भी अनियमितता दिखाई दे, जैसे–सांस फूलना,दूध पीते समय थक जाना,बार-बार बुखार आना,शरीर का नीला पड़ना –तो तुरंत जांच करवानी चाहिए।

डीपीएम डॉ. मुनाजिम ने बताया कि योजना के तहत बच्चों को केवल इलाज ही नहीं मिलता, बल्कि ऑपरेशन के बाद महीनों तक फॉलो-अप भी कराया जाता है।उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के पास पटना या अहमदाबाद जाने की क्षमता नहीं, उनके लिए यह योजना जीवन बदलने वाली है। सरकार की कोशिश है कि कोई भी बच्चा इलाज के अभाव में अपनी जिंदगी न गंवाए। लक्षण छिपाएँ नहीं–समय पर जांच कराएँ।

# पटना पुलिस ने किया अवैध हथियार तस्करों को गिरफ्तार, 28 कारतूस बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के शाहपुर थाना की टीम ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर एक देसी कट्टा और 28 जीवित कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई रविवार देर शाम को की गई और माना जा रहा है कि ये तस्कर किसी बड़ी वारदात की तैयारी में थे।

इस मामले में पटना पश्चिमी सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शाहपुर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि हवसपुर गंगा दियारा क्षेत्र में अवैध हथियारों का कारोबार चल रहा है। इस जानकारी में यह भी बताया गया कि अनिल कुमार नाम का व्यक्ति इस धंधे में सक्रिय रूप से शामिल है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए दानापुर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम सबसे पहले अनिल कुमार के हवसपुर गंगा दियारा स्थित घर पहुंची। वहां छापेमारी के दौरान पुलिस को 12 जिंदा कारतूस मिले। बरामदगी के बाद अनिल कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अनिल ने स्वीकार किया कि वह अकेला नहीं है बल्कि इलाके में सक्रिय एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। पूछताछ में अनिल ने गंगहारा निवासी गुड्डू कुमार उर्फ भूरा का नाम खुलासा किया, जो हथियारों का प्रमुख सप्लायर माना जाता है। अनिल ने बताया कि गुड्डू ही उसे हथियार और कारतूस उपलब्ध करवाता था और हाल ही में उसे एक बड़ी डील के लिए कारतूस उपलब्ध कराए गए थे।अनिल की निशानदेही पर पुलिस टीम तुरंत गंगहारा गांव पहुंची और गुड्डू उर्फ भूरा के घर पर छापा मारा। वहां से पुलिस ने एक देसी कट्टा और 16 कारतूस बरामद किए। पुलिस ने गुड्डू को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार कुल दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया और पूरी कार्रवाई में 28 कारतूस और एक देसी कट्टा जब्त किया गया। पुलिस का मानना है कि दोनों गिरफ्तार तस्कर बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं, जो पटना और आसपास के जिलों में अवैध कट्टा और कारतूस की सप्लाई करता है। वही शाहपुर थाने की पुलिस अब गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे इस अवैध कारोबार के अन्य तारों तक पहुँचने की कोशिश में हैं। यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि हथियारों की आपूर्ति कहां से होती थी, कौन लोग शामिल हैं और यह नेटवर्क कितने जिलों तक फैला हुआ है।

# पटना में गैस सर्विस कर्मी से रुपये छीनकर भाग रहे अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़ा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर गैस सर्विस कर्मी से रुपये छीनकर भाग रहे अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार मैसर्स एमएस इंडेन गैस सर्विस के कर्मचारी अनिल कुमार बैंक में पैसे जमा करने दोपहर करीब 12 बजे कंकड़बाग मेन रोड स्थित एसबीआई बैंक की शाखा की ओर जा रहे थे। उनके झोले में गैस सर्विस से मिले कलेक्शन के 4 लाख रुपये थे। जब वे बैंक की सीढ़ियाँ चढ़ने ही वाले थे, तभी पीछे से आया एक युवक उनका बैग झपटकर भागने लगा। अचानक हुई इस वारदात से अनिल कुछ पल के लिए स्तब्ध जरूर हुए, पर उन्होंने तुरंत स्थिति संभाली और जोर-जोर से चोर-चोर चिल्लाते हुए बदमाश के पीछे दौड़ पड़े। भीड़भाड़ वाली इस सड़क पर उनका शोर सुनकर कई लोग मदद के लिए आगे आए।बदमाश तेजी से आगे की ओर भागता रहा, लेकिन अनिल लगातार उसका पीछा करते रहे। गाड़ी-भाड़े और ट्रैफिक के बीच अनिल की आवाज सुनकर राहगीरों ने भी युवक का पीछा करना शुरू किया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आरोपी को कुछ लोगों ने पहले भी पकड़ा था, लेकिन उसने धक्का देकर खुद को छुड़ा लिया और सड़क पार कर आगे भागने लगा। फिर भी अनिल ने हार नहीं मानी और उसका पीछा जारी रखा। अंततः करीब एक किलोमीटर की दौड़ के बाद स्थानीय युवकों ने आरोपी को दोबारा पकड़ लिया।आरोपी को पकड़ने के बाद कुछ गुस्साए लोगों ने उसे मौके पर ही चांटे लगाए। इसके बाद लोगों ने फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। आरोपी की पहचान पटना जंक्शन स्थित रेलवे अस्पताल के एक कर्मचारी के रूप में हुई है। यह जानकारी सामने आने के बाद मामला और भी गंभीर हो गया है, क्योंकि आरोपी किसी संवेदनशील पद पर कार्यरत था। अनिल कुमार ने बताया की झोले में कुल 4 लाख 10 हजार रुपये थे, जिन्हें वे रोजमर्रा की कलेक्शन के तौर पर बैंक में जमा कराने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि वे बैंक की सीढ़ियाँ चढ़ ही रहे थे कि अचानक पीछे से आए युवक ने बैग छीनकर भागना शुरू कर दिया। अनिल ने कहा की मैं उसके पीछे भागता रहा और चोर-चोर चिल्लाता रहा। लोगों ने मेरी आवाज सुनकर मदद की। पहले पकड़ा भी लिया गया था, लेकिन वह छूटकर भाग गया। आखिरकार लोगों ने दोबारा उसे पकड़ लिया। पुलिस के आते ही बैग की जांच की गई और पूरा पैसा सुरक्षित मिल गया। वही पटना पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने इस घटना पर बताया कि स्थानीय लोगों की सतर्कता और साहस के कारण आरोपी को पकड़ लिया गया और पूरी रकम बरामद कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी के बारे में गहराई से जांच की जा रही है कि क्या उसने पहले भी ऐसी घटनाएँ की हैं या यह उसकी पहली कोशिश थी। एसपी ने यह भी कहा कि भीड़ की मदद से अपराधी की तत्काल गिरफ्तारी पुलिस-जन सहयोग का अच्छा उदाहरण है।

# 225 बोतल देशी टनाका शराब बरामद, दो बाइक जप्त तीन तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के पूरब बाजार कुटुंबा से 225 बोतल देशी टनाका शराब बरामद किया गया है वहीं मौके



से तीन शराब तस्कर को दो बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।शराब तस्कर की पहचान नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के इटवां गांव निवासी उपेन्द्र मेहता,राकेश कुमार मेहता और सरोज विश्वकर्मा के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि वाहन जांच के दौरान दोनों बाइक की तलाशी के दौरान 300 एमएल के 235 बोतल झारखंड निर्मित देशी टनाका शराब बरामद किया गया है शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में मध्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पटना पुलिस ने किया देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक ई-रिक्शा से लगभग 80 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है। पुलिस टीम ने शराब से लदा ई-रिक्शा मौके से जब्त कर लिया। अभियान के दौरान पुलिस ने धंधेबाज अमन कुमार, पिता प्रवेश कुमार, ग्राम मितनचक को दबोच लिया है। पूछताछ में उसने शराब तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार यह शराब अवैध तरीके से इलाके में सप्लाई की जानी थी। इस सम्बंध में गोपालपुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने यह भी संकेत दिया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियाँ संभव हैं।



# पटना में बाइक सवार के साथ दुर्व्यवहार करनेवाला दो पुलिसकर्मी निलंबित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ वायरल वीडियो के आधार पर जिले के नदी थाना में पदस्थापित दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। वीडियो में पुलिसकर्मी एक युवक के साथ गाली-गलौज करते और थप्पड़ मारते नजर आए, जिसके आधार पर दोनों को निलंबित कर दिया गया है।14 नवंबर को शूट किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कच्ची दरगाहझ्रबिद्दुपुर सिक्स लेन पर एक बाइक राइडर को पुलिस कर्मी रोकते हैं। बाइक पूरी तरह रुकने से पहले ही एक पुलिसकर्मी अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगता है। इसके बाद दूसरे पुलिसकर्मी द्वारा युवक को थप्पड़ मारते भी देखा जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और लापरवाही व दुर्व्यवहार के आरोप में सब-इंस्पेक्टर देवकांत बंटी और पीटीसी विश्वनाथ कुमार को निलंबित कर दिया। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मौके पर इतना आक्रामक रवैया अपनाने की वजह क्या थी। हालांकि मामले में केवल पुलिस कर्मियों पर ही कार्रवाई नहीं हुई है। बल्कि पीड़ित बाइक सवार अभिषेक राजपूत को भी खतरनाक स्टंट और जोखिम भरी ड्राइविंग करने के लिए चालान का सामना करना पड़ा। पुलिस ने उस पर 7000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। अभिषेक ने माना कि वह स्टंट कर रहा था और उसकी गलती के कारण सड़क पर खतरा उत्पन्न हो सकता था। वीडियो सामने आने के बाद युवक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि वह आगे से ऐसा स्टंट नहीं करेगा और यातायात नियमों का पालन करेगा।

# पटना में राबड़ी आवास के बाहर राजद कार्यकर्ताओ ने किया हंगामा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडी बहुत कम सीट पर जीत हासिल की है। इस बात से आरजेडी कार्यकर्ता नाराज हैं और इसके लिए जिम्मेदार राज्यसभा सांसद संजय यादव को ठहरा रहे हैं। वहीं लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर भी कार्यकताओं में भारी नाराजगी है। इसी बीच तेजस्वी यादव के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सोमवार की देर साम पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता राबड़ी आवास पहुंच गए और संजय यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। वही संजय यादव मुदार्बाद के नारे लगाने लगे। तेजस्वी यादव के खास संजय यादव के खिलाफ लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। लालू परिवार में मचे बवाल और पार्टी की इस स्थिति के लिए आरजेडी कार्यकर्ता संजय यादव को ही जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। संजय यादव को हरियाणा भेजने की मांग राजद कार्यकताओं ने की। जब कार्यकर्ता राबड़ी आवास पर हंगामा कर रहे थे और संजय यादव के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। तभी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने विशेष रथ से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट मरीन ड्राइव पर घूमने के लिए निकल गये।

# युवा वीर कृष्ण सेना के तत्वधान में प्रखंड एवं पंचयात स्तरीय कमिटी का हुआ गठन

## नौडीहा बाजार प्रखंड के विकाश कुमार यादव एवं मुनकेरी पंचयात के उपेंद्र यादव बने अध्यक्ष

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर अनुमंडल,(पलामू) :- छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत के नौडीहा बाजार प्रखंड एवं मुनकेरी पंचयात में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. युवा वीर कृष्ण सेना के अनुमंडल अध्यक्ष मनोहर यादव,पप्पू यादव , अजय यादव,अवधेश यादव,डॉ बच्चन यादव, पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। जिसमें प्रखंड एवं पंचयात स्तरीय कमिटी का विस्तार प्रखंड के कोरामी के बगीचा में और पंचयात के मनहू स्कूल परिसर में किया गया. सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित सभी सदस्यों ने परिचय देते हुए किया. जहां युवा के उत्थान, शिक्षा, नशाखोरी से मुक्ति समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। और संगठन को विस्तार रुप देने के लिए नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सभी वक्ताओं ने अपने समाज के प्रति लोगों ने अपने समाज में असहाय एवं कुरीतियों के विरुद्ध कदम उठाने का संकल्प लिया.जिसमें प्रखंड एवं पंचयात के सैकड़ों युवा यादव समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मनोहर यादव ने की । और मंच संचालन अवधेश यादव एवं पप्पू यादव ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखण्ड एवं पंचयात स्तरीय कमिटी में ग्रामीण के युवाओं को जोड़ना एवं अपने समाजों के बीच के एकता को बढ़ावा देना और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। बैठक के बाद सर्वसम्मति से नौडीहा बाजार प्रखण्ड एवं मुनकरी पंचयात में युवा वीर कृष्ण सेना का गठन किया गया। नवगठित सेना में नौडीहा बाजार प्रखण्ड के विकाश कुमार यादव को अध्यक्ष, शिवशंकर यादव को उपाध्यक्ष, राजन कुमार यादव को सचिव, श्यामनारायण यादव को कोषाध्यक्ष एवं जितेंद्र यादव को मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया. वहीं मुनकेरी पंचयात के संरक्षक




जयराम यादव, राजकुमार यादव,मनोज यादव,रामजी यादव, जनक यादव,एवं निरंजन यादव को नियुक्त किया गया है। उपेंद्र यादव को अध्यक्ष चुना गया, और पवन कुमार यादव को कोषाध्यक्ष और मुन्ना यादव को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। प्रखंड एवं पंचयात स्तरीय पर कार्यकारिणी सदस्यों में पवन कुमार यादव,अकलेश यादव, प्रमोद कुमार यादव, कामेश्वर यादव, वीरेंद्र यादव, ललन यादव,राजेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, नागेंद्र कुमार यादव, छोटू कुमार,सरद कुमार यादव, सुखदेव यादव, उदय यादव, जितेंद्र यादव,राजू यादव, रविंद्र यादव,रामजीत यादव,रविंद्र कुमार यादव को शामिल किया गया है। नवगठित सेना के अध्यक्ष विकाश कुमार यादव एवं उपेंद्र यादव ने सभी को धन्यवाद देते हुए एकता और संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी युवा साथियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हर माह के अंतिम रविवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा,जिसमें संगठन का बायलॉज और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन मनोहर यादव ने किया। मौके पर सैकड़ों युवा वीर कृष्ण के सेना लोग मौजूद थे ।

# ईसीएल राजमहल परियोजना के ओसीपी कार्यालय में सुरक्षा सप्ताह मनाई गई

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**



गोड्डा आज ईसीएल राजमहल परियोजना के ओसीपी कार्यालय में सुरक्षा सप्ताह को लेकर सर्वप्रथम महाप्रबंधक ऑपरेशन ने झंडो तोलन किया इस मौके पर अभिकर्ता सह महाप्रबंधक ऑपरेशन सतीश मुरारी ने ईसीएल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है एक सम्मान का विषय है ईसीएल सहित ईस्ट जोन की सारी माइंस आज 17 नवंबर2025 से 22 नवंबर 2025 तक सुरक्षा सप्ताह मना रहा है विगत कुछ वर्षो से सुरक्षा सप्ताह और परितोष वितरण जो समारोह होता था यह तय किया गया कि कैलेंडर ईयर में कंप्लीट करने का प्रयास किया जा रहा है सुरक्षा एक शतक प्रयास है हम लोग खदान के विकट परिस्थिति में अपने आप को काम करते हुएअपने मशीनों को अपने आसपास के पूरे वातावरण को समाज को सुरक्षित रखने का प्रयास करते हैं यह एक अच्छी वातावरण का प्रयास बनता है सभी ईसीएल कर्मियों द्वारा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रतिज्ञा लिया गया मै सत्यम निष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अपने आप को समर्पित करूंगा तथा सभी संवैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए यथाशक्ति प्रयत्न करूंगा और निश्चित रूप से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणादायक अभिवृत्तियों एवं आदतों का विकास करूंगा मैं शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु हर संभव प्रयास करूंगा और मैं जानबूझकर या लापरवाही वश ऐसा कुछ नहीं करूंगा जिसके फल स्वरुप मैं या खदान में कार्यरत मेरे सहयोगी खतरे में पड़ जाए अथवा खदान एवं उसके आसपास की किसी भी संपत्ति का नुकसान हो इस अवसर पर महाप्रबंधक ओपी चौधरी ने भी संबोधित किया तथा इस मौके पर सुरक्षा पदाधिकारी प्रदीप कुमार यादव तथा रामानंद प्रसाद एवं सभी ईसीएल कर्मी मौजूद थे

# माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज ।**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के तत्वावधान में 17 नवंबर शुक्रवार को व्यवहार



न्यायालय परिसर किशनगंज में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ओम शंकर के द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सचिव ने बताया की वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा एवं बच्चों को अपने माता-पिता का समर्थन करना अनिवार्य है। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण के लिए कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दिया गया।वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करना और सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए काम करती है के बारे में भी विधिक जागरूक किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त पैनल अधिवक्ता डॉ बलराम साह एवं अधिकार मित्र जीतेन्द्र कुमार झा के द्वारा ठाकुरगंज प्रखंड के चुरली पंचायत भवन में भी माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# मक्का से मदीना जा रही बस का एक्सीडेंट, हैदराबाद के 42 उमरा यात्रियों की मौत

सऊदी अरब में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें हैदराबाद के कम से कम 42 उमरा तीर्थयात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। यह हादसा भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे मक्का से मदीना जा रही एक यात्री बस और डीजल टैंकर की भीषण टक्कर के बाद हुआ।

# विधायक टाईगर ने ऊपरघाट में की 8 योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

## डुमरी विस मे कोई गली पीसीसी पथ से विहीन नहीं रहेगा-जयराम

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / डुमरी : डुमरी विस के ऊपरघाट में डुमरी विधायक टाईगर जयराम महतो ने तुफानी दौरा करते हुए 9 योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम पोखरिया पंचायत के डेगागढा फुटबॉल मैदान से मकान तक पथ निर्माण का भुमि पुजन,बेलरगढा में मनोज महतो के घर से टेकलाल महतो के कुंआ पीसीसी पथ विधायक मद से शिलान्यास,पुरनी पोखर में कुजूबेडा तक पथ निर्माण का भुमि पुजन, बाडिया में प्राथमिक विद्यालय से तुरी टोला कटहल मोड़ पीसीसी पथ का शिलान्यास,पेंक पंचायत के मानटांड में विशुन टुडू के घर से सुंदरलाल मुर्मू के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास, जमुनिया में पीडब्ल्यूडी रोड से कर्मा नदी पर पर का सुद्दढ़ीकरण भुमि पुजन, मुंगोरंगामाटी पंचायत में कोठी में कामेश्वर महतो के खेत से ढालचंद महतो के खेत तक गार्डवाल का शिलान्यास व नारायणपुर पंचायत के बोराटांड़ में हीरालाल महतो के घर से बैजनाथ महतो के घर तक 500 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास सोमवार को किया। मौके पर विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा डुमरी विस में एक भी गली सड़क पीसीसी पथ से विहीन नहीं रहेगा। क्षेत्र में ऐसा विकास करेंगे जो अब तक नहीं हो पाया है। इस मौके पर नीजि सचिव संजय महतो, विधायक प्रतिनिधि खगेंद्र महतो, सचीन महतो, प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो, प्रोफेसर दशरथ महतो, प्रोफेसर डीपी महतो, पंचायत अध्यक्ष वकील महतो, बैजनाथ महतो, दिनेश महतो, राहुल महतो, देवेंद्र महतो,एलपी महतो,हीरो महतो, गीता देवी,अनीता देवी , संतोष महतो, महादेव महतो, जानकी महतो,जिवाधन महतो, राहुल कुमार,विजय तुरी सहित कई थे।

# झारखंड राज्य सब जूनियर व जूनियर योग प्रतियोगिता संपन्न

## रांची की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 नवम्बर 2025: झारखंड योग संघ के सहयोग से सरायकेलाखरसावां जिला योग संघ के द्वारा दिन्दली बस्ती, आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ यूनिवर्सिटी परिसर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर व जूनियर योग प्रतियोगिता आहूत की गई. प्रतियोगिता में रांची जिला योग संघ की टीम को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया. जबकि कर्मकार इंस्टीच्यूट ऑफ योगा, जमशेदपुर को दूसरे तथा रॉयल योग की टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. जबकि प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्ग में अभिराज, पायल कर्मकार, अभिमन्यु पांडे, प्रियांशु कुमारी, विंध्य कुमार पांडेय, श्रेया यादव, आराध्या कुमारी, अमन कुमार, रूपश्री शर्मा, उत्तम तिवारी एवं श्रेयसी सिंह ने अपने वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया. इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के डीन राजेश कुमार, झारखंड योग संघ के सीईओ संजय कुमार झा, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद, महासचिव आदित्य कुमार सिंह तथा सरायकेलाखरसावां योग संघ के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया. आयोजन सचिव सपन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सफल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर योग प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा. प्रतियोगिता के समापन समारोह के तनिष्क ज्वेलर्स के अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि, गांधी कॉलेज के डायरेक्टर संतोष कुमार गुप्ता सम्मानित अतिथि, रॉयल योग की रिचा वर्मा, श्रीनाथ यूनिवर्सिटी की योग विभाग की एचओडी श्रुति विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे तथा उनके द्वारा विजेता टीम के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया. इस अवसर पर पर योग प्रशिक्षक शुबल चटर्जी, वैशाली कर्मकार, प्रदीप कुमार डे, सपन कुमार, सुनील कुमार प्रजापति, पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सचिव पप्पू शुक्ला, दुलाल पात्रों, मुन्ना शर्मा, सुशील कुमार बनर्जी, तरुण मंडल, कौशिक दत्ता, रजनी बक्शी, डॉ रूपम कुमारी, अमरेंद्र कुमार विकल, कुमारी सृजन, सीमा राय, गणेश कुमार, अनिकेत राम, साधना साहू, पलक, काजल कुमारी, नंदनी कुमारी, अमित कुमार, सुप्रिया यादव, तुषार पंडित, गोवर्धन कुमार, शालू कुमार आदि उपस्थित थे.

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 12 लोगों का किया गया इलाज।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र बोकारो थर्मल के गोविंदपुर सी पंचायत भवन में रविवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अरोफिल और डॉ. ए आलम ने 12 लोगों की जांच की, उन सभी



में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए और उन्हें ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरोफिल ने कहा कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है. इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और समय-समय पर इनकी जांच करवाते रहना चाहिये. दिन प्रतिदिन नेत्रों से संबंधित कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन लोग अपने कामकाज में इस प्रकार डुबे हुए हैं कि इसकी ओर कोई विशेष ध्यान नहीं देते है,उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत मरीजों तक पहुंचाया जा रहा है। वही पर गोविंदपुर बी पंचायत मुखिया चंद्रदेव घांसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की यह पहल लोगों के बीच सराहना प्राप्त कर रहा है. उन्होंने इस तरह की स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों के लिए मददगार साबित होती हैं। मौके पर कैंप मैनेजर ताहिर हुसैन, नर्स तेजस्विनी, लेब टेकनीशियन बिनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# गोविंदपुर पंचायत भवन में डालसा सचिव सिनियर सिटीजन एक्ट पर वरिष्ठ लोगों को दी कानूनी जानकारी

**अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**




जमशेदपुर (झारखंड) 17 नवम्बर 2025: नालसा एवं झालासा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा गोविंदपुर पंचायत भवन में सोमवार को सिनियर सिटीजन एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव धर्मेन्द्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।इनके अलावा अन्य गणमान्य में गोविंदपुर पंचायत के समिति सदस्य , मुखिया गण, पंचायत सचिव, डालसा के पीएलवी आदि मौजूद थे ।जागरूकता कार्यक्रम में गोविंदपुर पंचायत के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे ।मौके पर डालसा सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने सिनियर सिटीजन एक्ट के बारे में विस्तार से बताया और वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकार कैसे मिलेगा , उसके बारे में गहन जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि कानून में सिनियर सिटीजन एक्ट आने से अब कोई भी वरिष्ठ नागरिक अपने अधिकार से वंचित नहीं रहेंगे । वैसे वरिष्ठ नागरिक जो वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हैं और उन्हें बेटा या बेटी तथा परिवार के किन्हीं सदस्य द्वारा घर से बेघर कर दिया गया हो तो वे अपने आपको असहाय न समझे , क्योंकि सिनियर सिटीजन एक्ट के तहत आपको न्याय आवश्य मिलेगी ।डालसा सचिव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक अधिकार कानून लाने का मुख्य उद्वेश्य है बुजुर्गों को वृद्धावस्था में जरूरत की सारी सुविधाएं प्रदान करवाना।अक्सर ये देखने को मिलता है कोई परिवार में बूढ़े मां बाप को उसके पुत्र के द्वारा या पुत्र बधू के द्वारा शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है जो कानूनन अपराध है , ऐसे मामले में पीड़ित के शिकायत पर प्रताड़ित करने वालों के ऊपर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस तरह के कृत्य में अगर बेटी,दामाद या पोता, पोती भी शामिल हो तो उनपर भी ये सारे कानूनी कार्रवाई हो सकती है। बुजुर्ग को सही तरीके से परवरिश करने का कर्तव्य उसके परिवार का है ।अगर किसी बुजुर्गों को उनके रहने, खाने, पहनने या बीमारी में इलाज कराने में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है वो असुरक्षित महसूस कर रहे हों तो उसके शिकायत पर स्थानीय थाना को त्वरित कार्रवाई करना है और उस पीड़ित को उसके अधिकार दिलाना है ।इस कानून के तहत बेटा हो या बेटी यहां तक कि विवाहित पुत्री भी अपने बुजुर्ग माता पिता को गुजारा भत्ता देने से इनकार नहीं कर सकता ।सचिव ने कहा कि कोई भी पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति अपने अधिकार पाने के लिए एसडीयो कोर्ट में लिखित शिकायत कर सकते हैं अथवा डालसा कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं , उन्हें हर हाल में न्याय प्रदान किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाएगा । कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने विभिन्न तरह के समस्याएं से संबंधित प्रश्न पूछे जिसे सभी को जवाब दिया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया । तत्पश्चात गोविंदपुर पंचायत समिति की ओर से डालसा सचिव को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।जागरूकता कार्यक्रम में इस मौके पर डालसा पीएलवी के रूप में मुख्य रूप से सुनीता कुमारी, दिलीप जायसवाल, नागेन्द्र कुमार , आशीष प्रजापति, जोबारानी बास्के , प्रकाश मिश्रा , दीपक कुमार, सुशांत कुमार , सुनीता झा , फ्रांसीस मरांडी , गोविंदपुर थाना प्रभारी पवन कुमार सहित पंचायत के सचिव , मुखिया, समिति सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो का सम्मान समारोह सफलता पूर्वक संपन्न

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**




जमशेदपुर (झारखंड) 17 नवम्बर 2025: भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो (ए सी आई बी), कोल्हान प्रमंडल के तत्वावधान में पुराना कोर्ट स्थित पर्यटक सूचना केन्द्र के बैंकेट रेस्टोरेंट सभागार में अधिकारी सम्मान समारोहह्व सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में एसीआईबी संस्था के केंद्रीय समिति से सत्यानंद कुमार संयुक्त निदेशक , अक्षय पाठक मुख्यालय प्रभारी गया, अनुनय श्याम कमल राष्ट्रीय संयुक्त सचिव , धर्मेंद्र शुक्ला, राज्य सचिव (सोशल सेल) झारखण्ड , सुशील कुमार पाण्डेय स्टेट ऑफिसर झारखंड मंच पर मौजूद थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल नाग, डिविजनल हेड - कोल्हान प्रमंडल तथा संचालन अजीत कुमार सिंह, लीगल इंचार्ज - कोल्हान प्रमंडल ने की। सम्मान समारोह में पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिम सिंहभूम जिलों के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं मां सरस्वती के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया । सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय टीम द्वारा कोल्हान प्रमंडल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया , जिसमें मुख्य रूप से बाबूलाल नाग , अजीत कुमार सिंह, नागेन्द्र कुमार , रामकुमार छतरिया, अंजनी कुमार सिंह, शशिभूषण मुखी , रामकुमार छतरिया सहित अन्य शामिल हैं । उक्त कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक सफलता पूर्वक आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह में केंद्रीय टीम के रूप में पहुंचे अधिकारी ने संस्था के कार्य व उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दिया । इस दौरान उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो (ए सी आई बी) भारत की सबसे मजबूत, शसक्त, अनुशासित, संगठित एवं राष्ट्र के लिए समर्पित एक नेशनल ऑर्गेनाइजेशन है ,जो पिछले 5 वर्षों से लगभग 10 से 15 हजार जांबाज, निडर, निर्भीक, क्रांतिकारी सदस्यों / पदाधिकारियों के माध्यम से भारत के लगभग 650 जिलों में सरकार एवं सरकार के सभी एजेंसियों के सहयोगी के रूप में एक सेतु बनकर समाज एवं देश हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संगठन (ACIB) भारत सरकार के सेंट्रल विजलेंस कमीशन के सहयोग हेतु प्रतिबद्ध सह नीति आयोग से रजिस्टर्ड एक गैर सरकारी संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य पुलिस, विजिलेंस और एडमिनिस्ट्रेशन को सहयोगी के रूप में कार्य करना है। हम अपने निरंतर प्रयासों से और अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता के साथ-साथ हर विभागों में भी अपनी पैठ बना चुके हैं। आज यह राष्ट्रीय संगठन किसी परिचय का मोहताज नहीं है ।संस्था के मुख्य उद्देश्य सामाजिक जागरूकता लाना, भ्रष्टाचार उन्मूलन कार्यक्रम करना, पुलिस पब्लिक मित्रता कार्यक्रम करना, नागरिक सुरक्षा कार्यक्रम करना, प्रशासन का सहयोगी बनना, मानव अधिकार की रक्षा करना, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का विरोध करना एवं उसकी सूचना संबंधित अधिकारी एवं विभाग को देना, नशा मुक्ति कार्यक्रम करना, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम करना, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करना, आरटीआई कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने के साथ-साथ हर वह सामाजिक कार्य करना जिससे हमारा देश भारत सही अर्थ में एक विकसित, सशक्त, भ्रष्टाचार मुक्त एवं ताकतवर राष्ट्र बनकर विश्व गुरु के रूप में पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा सके। कार्यक्रम के दौरान कोल्हान प्रमंडल एवं जमशेदपुर क्षेत्र के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान किए गए। सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बाबूलाल नाग , अजीत कुमार सिंह , नागेन्द्र कुमार ,शशि भूषण मुखी , अंजनी कुमार सिंह , नीतू राउत , पिंकी सिंह ,अमीषा नाग , किशोर सिंहभूम मिश्रा , अमरजीत सिंह , समीर बास्के , कृष्ण कांत , सी. विजय नायडू , बिस्वजीत रॉय , नरेश महतो , यादव सिंह हेमराम आदि उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि –

हम किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर, निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल के लगभग 80 पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जमशेदपुर के पदाधिकारियों ने अपनी एकजुटता, अनुशासन एवं संगठनात्मक दक्षता से पूरे ए सी आई बी परिवार को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से हुआ।

# मानगो में नाली समस्या को लेकर आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधियों की पहल, नगर निगम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

**संवादाता परमबीर पात्रो समाज जागरण**




जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूमः मानगो क्षेत्र में लगातार बढ़ती नाली और जलजमाव की समस्या को लेकर आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फैयाज आलम और राशिद खान ने आज एक महत्वपूर्ण पहल की। दोनों नेता मानगो नगर निगम कार्यालय पहुँचकर सिटी मैनेजर निशांत कुमार से मिले और ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 3, सिबतैन मस्जिद के पास बह रही नाली के पानी की समस्या पर विस्तार से चर्चा की।

काफी समय से स्थानीय नागरिकों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि नाली की क्षतिग्रस्त स्थिति के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे लोगों के आवागमन में भारी दिक्कत होती है। क्षेत्र के दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। दुर्गंध और गंदगी के कारण स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं, जिससे आसपास रहने वाले परिवार परेशान हैं।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मोहम्मद फैयाज आलम और राशिद खान ने नगर निगम के अधिकारियों को बताया कि नाली का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मांग रखी कि नाली को सही ढंग से बनाकर उसमें मजबूत स्लैब डालने का कार्य जल्द शुरू किया जाए, ताकि समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो सके।

सिटी मैनेजर निशांत कुमार ने दोनों प्रतिनिधियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि नगर निगम इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर देखेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएँगे और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों ने आजाद समाज पार्टी के इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि नगर निगम की कार्रवाई से उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या समाप्त होगी। यह प्रयास क्षेत्र में स्वच्छता और जनसुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# विधायक पूर्णिमा साहू ने सीतारामडेरा में किया 1 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**समाज जागरण 17.11.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के सीतारामडेरा क्षेत्र में सोमवार को विधायक पूर्णिमा साहू ने करीब 1 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में हरिजन स्कूल मैदान, भालुबासा में भंडार गृह का निर्माण, भालुबासा मुखी समाज के विकास भवन का जीर्णोद्वार, किचन शेड तथा छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण, शीतला भवन के समीप शौचालय एवं किचन शेड निर्माण, भुईयांडीह स्थित शिशु विद्यालय के जर्जर भवन का मरम्मतिकरण, नीतिबाग कॉलोनी रोड नंबर 1 में नाली निर्माण, ह्यूम पाइप, इंद्रानगर में महतो जिरोक्स के बगल की गलियों में सड़कों का निर्माण, छायानगर, भुईयांडीह बस्ती में नाली निर्माण, न्यू बाराद्वारी देवनगर स्थित सुभाष आश्रम में किचन शेड निर्माण एवं बाराद्वारी देवनगर के सामुदायिक भवन का मरम्मतिकरण, सौन्दर्याकरण, सीढ़ी, छत पर बाउंड्री वॉल एवं किचन शेड निर्माण शामिल हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता पवन अग्रवाल, भाजपा सीतारामडेरा मंडल के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष पोरेश मुखी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासीगण मौजूद रहे।

इस अवसर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि जनता से किए विकास के वादों को पूरा करना और हर बस्ती एवं मोहल्लों तक सुविधाएं पहुँचाना उनकी प्राथमिकता और संकल्प हैं। यह सभी योजनाएं इसी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रही है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र में शिक्षा, स्वच्छता, सड़क, नाली, सामुदायिक भवनों और बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देकर कई अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। कहा कि वे पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध होकर कार्य करती रहेंगी। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों और विकास कार्यों के प्रति सक्रियता की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

शिलान्यास कार्यक्रम में उमेश साव, रामचंद्र साव, संजय प्रसाद, रमेश विश्वकर्मा, राखी राय, कौस्तव रॉय, नागेश प्रसाद, संजय सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रहे।

# शहीद जवान पप्पू प्रसाद का 22वां शहादत दिवस समारोह संपन्न।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड स्थित गुंजरडीह पंचायत के चटनियांटांड स्थित स्मारक स्थल में आईटीबीपी के शहीद जवान पप्पू प्रसाद का 22वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मंटू नायक ने किया। उल्लेखनीय है कि शहीद जवान पप्पू प्रसाद ने 17 नवंबर 2003 में जम्मू-कश्मीर के अनन्त नाग में आतंकवादी हमले में अपने बटालियन के उपर हैंड ग्रेनेड किये हमले में साथीयों को बचाने के क्रम में अपनी शहादत दी थी। शहादत दिवस समारोह मे पहुँचे डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा कि पप्पू प्रसाद ने अपनी शहादत देकर दर्जनों साथीयों की जान बचाई। वह जहां भारत मां के सच्चे सपूत थे वहीं अपनी शहादत देकर गुंजरडीह पंचायत ही नहीं नावाडीह प्रखंड और बोकारो जिला को गौरवान्वित किया है। उपस्थित छात्रों व ग्रामीण युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप लोग भी सदैव शिखर पर पहुंच कर माता पिता और गांव का नाम रोशन करें। उपस्थित बोकारो जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सह गुंजरडीह पंचायत के मुखिया जयलाल महतो ने कहा कि शहीद पप्पू प्रसाद के पद चिन्हों पर चल कर आज हमारे गांव में दर्जनों नौजवान झारखंड पुलिस सी आई एस एफ आई टी बी पी सेना में भर्ती होकर देश सेवा में लगे हुए हैं। समारोह में झामुमो केंद्रीय सदस्य अखिलेस महतो उर्फ राजू, नावाडीह प्रखंड जेएलकेएम के अध्यक्ष देवनारायण महतो, विधायक प्रतिनिधि टिंकू शर्मा सहित समाजसेवी दुर्गाप्रसाद महतो ,वार्ड सदस्य कोड़ा, गुंजरडीह उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक लखेन्द्र सिन्हा ,शिक्षक भूनेंश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश महतो ,राजेन्द्र प्रसाद ,रामेश्वर रजक, पप्पू प्रसाद के भाई भोला प्रसाद, परिवार के सदस्य जागेश्वर साव ,सुंदर लाल साव , सुंदर महतो ,पदिलीप कुमार महतो ,अंजय नायक के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष युवा आदि उपस्थित थे। वही रांची से पधारे आईटीबीपी बल 40वीं बटालियन के कमांडेंट आर के यादव ने पप्पू प्रसाद की माता गीता देवी को शाल ओढ़ाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया।



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांवों के विकास के लिए संकल्पित – संजीव सरदार

**आसानबनी की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी: विधायक संजीव सरदार ने किया नए स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास**

**समाज जागरण 17.11.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पोटका प्रखंड के आसानबनी क्षेत्र के ग्रामीणों की लम्बे समय से उठाई जा रही मांग आज पूरी हो गई। पोटका विधायक संजीव सरदार ने भव्य रूप से नए स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास किया, जो ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की ओर एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आने वाले समय में यह उपकेंद्र पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित होगा।

**जनता को स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य — विधायक संजीव सरदार**

शिलान्यास समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक संजीव सरदार ने कहा– जनता की सुविधा, सुरक्षा और स्वस्थ जीवन हमारी प्राथमिकता है। इसी सोच के साथ आज इस स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखी गई है। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। बेहतर डॉक्टर, अत्याधुनिक मशीनें और 247 स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता है।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांवों के विकास के लिए संकल्पित – संजीव सरदार**

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गांवों के विकास का संकल्प लिया है और आज उसका धरातलीकरण साफ दिख रहा है।

**स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद**

कार्यक्रम में झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष सुधीर सोरेन, जिला परिषद हीरणमय दास, मुखिया अनिता सरदार, भुबनेश्वर सरदार, हितेश भगत, चक्रधर महतो, भूपति महतो, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आवारा पशुओं की समस्या पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड ने डीसी को सौंपा पाँच सूत्री मांग पत्र

**दैनिक समाज जागरण 17.11.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड के तत्वाधान में झारखंड प्रदेश महासचिव शशि आचार्य के नेतृत्व में आज जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को आवारा पशुओं की समस्या पर नियंत्रण के लिए पाँच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में कहा गया है कि शहर की मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और गलियों में जंगली/आवारा कुत्तों, सांडों एवं अन्य मवेशियों की बढ़ती संख्या से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हाल के दिनों में जंगली सांडों के हमले में कई महिलाएँ गंभीर रूप से घायल हुई हैं तथा कुछ मामलों में मौतें भी हुई हैं। आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाएँ सामान्य हो चुकी हैं, जिससे नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

संस्था ने प्रशासन से निम्न मांगें रखी

सड़कों पर आवारा पशुओं की आवाजाही पर तत्काल रोक लगाई जाए। आवारा पशुओं के लिए स्थायी शेल्टर होम का शीघ्र निर्माण किया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा जा सके। जंगली/आवारा कुत्तों की नसबंदी की व्यवस्था सुचारू की जाए और उन्हें भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों से हटाकर नियंत्रित क्षेत्रों में रखा जाए।नागरिक सुरक्षा के लिए प्रशासन ठोस एवं त्वरित कदम उठाए। शहर में दुर्घटनाओं और हमलों की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी नियामक उपाय लागू किए जाएँ।प्रदेश महासचिव शशि आचार्य और पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि यदि जनहित से जुड़ी इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संस्था के सदस्य आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर संस्था की महासचिव शशि आचार्या, जिला अध्यक्ष रविंद्र कौर, सरायकेला अध्यक्ष सुजाता सिंह, पूजा सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य पूजा कुमारी, संगीता सिंह, विद्या सिंह,सुषमा सिंह, अमृता कुलताज, पुष्पा सिंह, महावीर साहू, लक्खीकांत दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रोज दाल में घी मिलाकर खाने से सेहत में होंगे चौंकाने वाले बदलाव

दाल भारतीय खाने का एक अहम हिस्सा है। चावल हो या रोटी किसी के साथ भी दाल को आसानी से खाया जा सकता है और काफी टेस्टी भी लगता है। दाल प्रोटीन का भी बेहतरीन स्त्रोत होता है, जिसके कारण यह भारतीय खान-पान में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दाल में बस एक चम्मच घी मिलाने से क्या हो सकता है। दाल में घी डालकर खाने की प्रथा काफी पुरानी है और ऐसा करना काफी फायदेमंद भी होता है।

## सभी पूछेंगे क्या है सेहत का राज



### दाल में घी मिलाकर खाने के फायदे

पाचन में सुधार- घी खतरनाक माइक्रोब्स को मारने में मदद करता है और पाचन शक्ति को बढ़ावा मिलता है। दाल में घी डालकर खाने से कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

वजन घटाने में सहायक- यह सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन घी वजन घटाने में मदद कर सकता है। घी में मौजूद फैटी एसिड भूख को कम करने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करते हैं।

हड्डियों को मजबूत बनाता है- घी में कैल्शियम और विटामिन-के भरपूर मात्रा होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करते हैं।

त्वचा के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ये त्वचा को मॉइस्श्चराइज्ड रखते हैं और झुर्रियों को कम करते हैं।

दिल के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

इम्युनिटी बढ़ाता है- घी में विटामिन-ए और ई भरपूर मात्रा में होते हैं जो इम्युनिटी को बढ़ाते हैं और शरीर को इन्फेक्शन से बचाते हैं।

दिमाग के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद फैटी एसिड दिमाग के काम करने की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ये याददाश्त को बढ़ाते हैं और फोकस को बेहतर बनाते हैं।

शरीर को एनर्जी देता है- घी में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है जो शरीर को एनर्जी देते हैं। यह थकान और कमजोरी को दूर करने में मदद करते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

कैलोरी की मात्रा अधिक- घी में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है, इसलिए इसे सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए।

मोटापा- ज्यादा मात्रा में घी खाने से मोटापे का खतरा बढ़ जाता है।

हार्ट डिजीज- हालांकि घी में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होते हैं, लेकिन ज्यादा मात्रा में घी खाने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

# तनाव और नींद न आने की समस्या से राहत दिलाएगा मून मिल्क, बस नोट कर लें इसकी रेसिपी

अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहने वाले लोगों के बीच मून मिल्क का नया ट्रेंड शुरू हुआ है, जो कि कई तरह से लाभदायक है। ये एक खास प्रकार का गर्म दूध है, जिसमें आमतौर पर हल्दी, दालचीनी, अदरक, लौंग और शहद जैसे पौष्टिक तत्व मिलाए जाते हैं। वैसे तो इसका उपयोग प्राचीन समय से ही आयुर्वेदिक चिकित्सा शास्त्र में होता आ रहा है, जहां इसे सोने से पहले पीने की सलाह दी जाती थी। लेकिन आजकल हेल्थ एंथूजियास्ट्स के बीच ये काफी चलन में है। यह ड्रिंक न केवल नींद को सुधारता है, बल्कि शरीर को आराम भी देता है। मून मिल्क में कैल्शियम,एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण, प्रोटीन सहित कई जरूरी विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो पूरे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।



### नींद को बेहतर बनाने में सहायक

ट्रिप्टोफैन जैसे पोषक गुणों से भरपूर मून मिल्क नींद को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे रात में गहरी नींद आती है।

### तनाव में कमी

अश्वगंधा युक्त मून मिल्क में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण तनाव और चिंता को कम करने में सहायक होते हैं, जिससे मानसिक शांति मिलती है।

### इम्यून सिस्टम को मजबूती

मून मिल्क में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं, जिससे शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता पैदा होती है, और शरीर किसी भी इन्फेक्शन से बचा रहता है।

### पाचन में सुधार

मून मिल्क में मौजूद अदरक और हल्दी जैसे पोषक तत्व पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं और पेट की समस्याओं से राहत देते हैं।

### त्वचा की चमक

इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन हेल्थ को बेहतर बनाते होते हैं और उम्र बढने के लक्षणों को कम करते हैं।

### पोषण की कमी दूर होती है

यह दूध, प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम और अन्य जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर को ऊर्जा देने में मदद करता है।

## मून मिल्क बनाने की विधि

मून मिल्क बनाने के लिए, एक कप दूध को मध्यम आंच पर गर्म करें। अब इसमें 1/2 चम्मच पिसी हुई हल्दी, 1/2 चम्मच दालचीनी,द छोटा चम्मच अश्वगंधा, दो चुटकी इलायची पाउडर, एक चुटकी जायफल पाउडर , एक चुटकी काली मिर्च पाउडर, एक छोटा चम्मच नारियल तेल और 1/2 इंच अदरक (कद्दूकस किया हुआ) डालें। इसे 5-7 मिनट तक उबालें, जिससे सभी स्वाद और गुण अच्छे से मिक्स हो जाएं। आखिर में स्वाद के अनुसार 1 चम्मच शहद मिलाएं। सोने से पहले गर्मागर्म ही इसे पिएं।